
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 252 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 21 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## योग दिवस पर कोलकाता में बनेगा नया इतिहास, पीएम मोदी के साथ 10 लाख लोग करेंगे योग

समाज जागरण

कोलकाताः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता एक नया इतिहास रचने की तैयारी में है। रविवार को आयोजित होने वाले मुख्य योग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ लगभग 10 लाख लोगों के योगाभ्यास करने की संभावना जताई जा रही है। यदि यह लक्ष्य पूरा होता है तो यह देश के सबसे बड़े सामूहिक योग आयोजनों में से एक होगा।

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं।

### मुख्य स्थल पर 35 हजार, पूरे शहर में 10 लाख प्रतिभागी

जानकारी के अनुसार मुख्य आयोजन स्थल पर लगभग 35 हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से योग करेंगे, जबकि पूरे कोलकाता में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से करीब 10 लाख लोग प्रधानमंत्री के साथ योगाभ्यास में शामिल होंगे। आयुष मंत्रालय के अनुसार पोर्टल पर अब तक 7 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है और यह संख्या 10 लाख के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

### कार्निवल, ड्रोन शो और विश्व रिकॉर्ड की तैयारी

योग दिवस के पूर्व शनिवार को भव्य कार्निवल और ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विश्व रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से लगभग 500 नावों से जुड़ी विशेष गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण होंगी।



### 'रन फॉर योग' में उमड़ा जनसैलाब

आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनालिसा दास ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य में कोलकाता के चार प्रमुख स्थानों पर 'रन फॉर योग' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 10 हजार लोगों ने भाग लिया।

बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

### 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' है इस वर्ष की थीम

योग गुरु उमंग त्यागी ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखी गई है, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन और दीघार्यु जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### योग बन रहा जन-उत्सव

विशेषज्ञों का मानना है कि योग अब केवल एक दैनिक अभ्यास नहीं, बल्कि जन-उत्सव का रूप ले चुका है। देशभर में बढ़ती भागीदारी यह दशार्ती है कि योग के प्रति लोगों का विश्वास और जागरूकता लगातार बढ़ रही है। कोलकाता में आयोजित होने वाला यह भव्य आयोजन योग को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। (इनपुटः आईएएनएस)

## NSA अजीत डोभाल की अध्यक्षता में दिल्ली में BRICS सुरक्षा सलाहकारों की बैठक साइबर और आतंकवाद पर होगा मंथन



समाज जागरण

नई दिल्लीः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में 22 और 23 जून को दिल्ली में होने वाली BRICS राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बैठक में ब्रिक्स देशों के शीर्ष सुरक्षा और रणनीतिक अधिकारी वैश्विक सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

इस उच्चस्तरीय बैठक में चीन के वरिष्ठ राजनयिक वांग यी, रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु सहित कई देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक का मुख्य फोकस गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों पर रहेगा, जिसमें साइबर सुरक्षा, आतंकवाद, एआई आधारित खतरे और डिजिटल युद्ध जैसे विषय शामिल हैं।

### साइबर सुरक्षा और आतंकवाद पर रहेगा खास फोकस

सूत्रों के अनुसार इस बैठक में आधुनिक समय के बदलते सुरक्षा खतरों पर गहन चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से साइबर हमले, फर्जी सूचना (डीपफेक), और तकनीक आधारित युद्ध रणनीतियों पर साझा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

## 'अष्टलक्ष्मी' ने वैश्विक मंच पर बनाई पहचान, पूर्वोत्तर बना विकास का नया मॉडल : निर्मला सीतारमण

समाज जागरण

नई दिल्ली : केंद्रीय वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत आज वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर चुका है और यह क्षेत्र सतत एवं समावेशी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।




सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए अपने संदेश में वित्त मंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को मिलाकर बने 'अष्टलक्ष्मी' क्षेत्र ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के पहले 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक राज्य से लेकर दुनिया की सबसे लंबी दो-लेन सुरंग और सबसे ऊंचे गर्डर रेल पुल जैसी परियोजनाएं पूर्वोत्तर की बढ़ती क्षमता और विकास की नई कहानी को दशार्ती हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) ने भी कहा कि कभी विकास की मुख्यधारा से दूर माने जाने वाले पूर्वोत्तर के राज्य आज देश की आर्थिक प्रगति के नए इंजन के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों, सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है।

एक आधिकारिक फैक्ट शीट के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर भारत के विकास परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। केंद्र सरकार की नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और समावेशी विकास कार्यक्रमों के कारण क्षेत्र में तेज गति से प्रगति हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों ने पूर्वोत्तर की भौगोलिक दूरी और अलगाव को काफी हद तक कम किया है। इससे न केवल क्षेत्रीय एकीकरण को मजबूती मिली है, बल्कि व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्वोत्तर भारत अब केवल रणनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी देश के लिए एक नई मिसाल बनकर उभर रहा है।

(इनपुटः आईएएनएस)

## 1,500 करोड़ रुपए से होगा अंबाबाई मंदिर परिसर का विकास, अमित शाह ने रखी आधारशिला

समाज जागरण

कोल्हापुरःमहाराष्ट्र के प्रसिद्ध करवीर निवासिनी अंबाबाई (महालक्ष्मी) मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री( अमित शाह) ने शनिवार को 1,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजना की आधारशिला रखी। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत मंदिर परिसर में नए प्रदक्षिणा पथ का निर्माण, परिवार देवता मंदिरों का संरक्षण तथा जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा।

इस अवसर पर अमित शाह की पत्नी सोनल शाह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में (देवेंद्र फडणवीस) और (एकनाथ शिंदे) भी शामिल हुए। सभी नेताओं ने माता महालक्ष्मी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया।



### करवीर नगरी में ऐतिहासिक पहल

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र की पवित्र भूमि कोल्हापुर में एक ऐतिहासिक कार्य का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि करवीर नगरी सदियों से माता अंबाबाई की कृपा का केंद्र रही है और अब राज्य सरकार द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार तथा भव्य कॉरिडोर निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कोल्हापुर ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और देशभर में माता अंबाबाई के करोड़ों श्रद्धालुओं में उत्साह और श्रद्धा का नया संचार होगा।

### विकास और विरासत का संगम

केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और विरासत संरक्षण का अद्भुत संगम देखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को भी समान महत्व दे रही है।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

विशेषज्ञों का मानना है कि 1,500 करोड़ रुपए की यह परियोजना कोल्हापुर की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान को नई मजबूती प्रदान करेगी। परियोजना पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर होंगी, दर्शन व्यवस्था सुगम बनेगी और धार्मिक पर्यटन को भी व्यापक बढ़ावा मिलेगा।

मंदिर विकास योजना को महाराष्ट्र की प्रमुख धार्मिक परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। (इनपुट : आईएएनएस)

## तीन मैचों में दूसरा शतक, यशस्वी जायसवाल की दमदार दावेदारी, चयनकताओं को दिया करारा जवाब

समाज जागरण

चेन्नई : युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेलकर न केवल भारत को जीत दिलाई, बल्कि आगामी इंग्लैंड श्रृंखला के लिए अपनी दावेदारी भी मजबूत कर दी। चेन्नई में खेले गए मुकाबले में यशस्वी जायसवाल ने 83 गेंदों में शतक पूरा करते हुए आलोचकों और चयनकताओं को अपने बल्ले से जवाब दिया। 23 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी पिछली तीन वनडे पारियों में दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद उसी ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए चौके और छक्के के साथ भारत को जीत तक पहुंचाया।



### चयनकताओं के लिए बढ़ी चुनौती

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि इस पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घोषित होने वाली भारतीय वनडे टीम में यशस्वी जायसवाल को नजरअंदाज करना चयनकताओं के लिए आसान नहीं होगा। हाल के प्रदर्शन ने उन्हें टीम में एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित कर दिया है।

'प्रोसेस पर ध्यान देता हूं'

मैच के बाद यशस्वी जायसवाल ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अपने खेल की प्रक्रिया पर रहता है।

उन्होंने कहा, "मुझे बहुत मजा आया। पावरप्ले में कुछ रन मिले, जिससे लय बनाने में मदद मिली। मैं हमेशा अपने प्रोसेस पर ध्यान देता हूं और जितनी मेहनत कर सकता हूं, उतनी करने की कोशिश करता हूं। अगर अच्छी शुरूआत मिलती है तो उसे बड़ी पारी में बदलने का प्रयास करता हूं।"

### आत्मविश्वास से भरी पारी

यशस्वी की यह पारी केवल शतक तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उनके आत्मविश्वास, धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। उन्होंने दिखाया कि वह केवल टीम में जगह बनाने नहीं, बल्कि लंबे समय तक भारतीय बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालने की क्षमता रखते हैं।

अगर उनका यह फॉर्म जारी रहता है, तो आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

## सीजेआई की कथित लंदन यात्रा से जुड़े भ्रामक पोस्टों पर कार्रवाई कर सकता है केंद्र : दिल्ली हाईकोर्ट

समाज जागरण

नई दिल्लीः दिल्ली हाईकोर्ट ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की कथित लंदन यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और गलत सूचनाओं के मामले में केंद्र सरकार को आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार होने की बात कही है। अदालत ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत केंद्र सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को उचित निर्देश जारी कर सकती है।

अवकाशकालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति तेजस कारिया ने यह टिप्पणी शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से की। अदालत ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइ-टी) को मामले की जांच कर कानून के अनुसार उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।




### बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दायर की याचिका

यह मामला बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया और कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे पोस्ट प्रसारित किए गए, जिनमें दावा किया गया कि मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश और केंद्रीय मंत्री सरकारी खर्च पर लंदन में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल हुए थे।

बीएआई ने अदालत को बताया कि ये दावे पूरी तरह भ्रामक हैं और इससे न्यायपालिका तथा खेल संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

### दिल्ली के कार्यक्रम की तस्वीरों का किया गया गलत इस्तेमाल

याचिका के अनुसार, 29 नवंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित त्यागराज स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया जजेज बैडमिंटन चैम्पियनशिप की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा कर गलत तरीके से लंदन में आयोजित कार्यक्रम की तस्वीरें बताया गया।

बीएआई ने अदालत से अनुरोध किया कि ऐसे सभी "दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक पोस्ट" को सोशल मीडिया तथा समाचार प्लेटफॉर्मों से तत्काल हटाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि गलत सूचनाओं के प्रसार को रोका जा सके।

### केंद्र से मांगी गई उचित कार्रवाई

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के तहत मामले की समीक्षा कर सकती है और यदि आवश्यक हो तो सोशल मीडिया मध्यस्थों को निर्देश जारी कर उचित कार्रवाई कर सकती है।

अदालत की टिप्पणी को न्यायपालिका से संबंधित भ्रामक सूचनाओं के प्रसार पर गंभीर रुख के रूप में देखा जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई और केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया पर अब सभी की नजरें टिकी हैं। (इनपुटः







# गुजरे जमाने के फुटपाथ और छाँव देते दरख्त

शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सड़कों के किनारे बने फुटपाथ और लंबी दूरी के मार्गों के किनारे हरियाली सहित पथिकों को छाया देने वाले वृक्ष अतीत की बात हो गए हैं। फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है तो वृक्ष कहीं मार्ग चौड़ीकरण तो कहीं विकास की भेंट चढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून 2026 के अपने फैसले में पैदल यात्रियों के फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को उनका मौलिक अधिकार करार दिया। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक स्कूल जा रहे पाँच वर्षीय बच्चे की मौत का मुआवजा बढ़ाते हुए यह निर्देश दिया। एक वक्त था जब लखनऊ की हजरतगंज हो या बनारस की गोदौलिया या अन्य छोटे-छोटे शहरों की सड़कों के किनारे चौड़े और साफ फुटपाथ हुआ करते थे। उन पर इमली, नीम और पीपल के घने पेड़ छाया बिछाए खड़े रहते थे। दोपहर की तपती धूप में एक थका-हारा मजदूर उस छाँव में दो पल बैठ लेता था, स्कूल जाते बच्चे उसी फुटपाथ पर बेफिक्र चहलकदमी करते थे और बूढ़े-बुजुर्ग शाम को टहलने निकलते तो सड़क की गाड़ियों का खौफ उन्हें नहीं सताता था। वह भारत अब केवल पुरानी तस्वीरों में दिखता है। आज की हकीकत यह है कि फुटपाथ दुकानों के गोदाम बन चुके हैं, पेड़ विकास की बलिवेदी पर चढ़ चुके हैं और पैदल चलने वाला आम आदमी अपनी ही सड़क पर बेगाना हो गया है।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून को अपने फैसले में ऐसा कुछ नहीं कहा जो हमारे संविधान में नहीं लिखा हो, लेकिन सवाल यह है कि कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई कौन करे। हालत यह है कि पिछले कुछ दशकों में बड़े-बड़े व्यापारियों ने पहले तो फुटपाथ घेरकर अतिक्रमण किया, फिर बाद में उनके अतिक्रमण का दायरा सड़क तक फैल गया। व्यापारी, जिन्हें धन्ना सेठ भी कहा जाता है, सिस्टम को पैसे के बल पर और राजनीतिक दलों को चंदा देकर सबका मुंह बंद कर देते हैं। पूरे प्रदेश में अतिक्रमण का यही हाल है। नगर निगम और एलडीए अक्सर अतिक्रमण के खिलाफ मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, लेकिन वे बाजारों से अतिक्रमण हटाते हुए कभी नहीं दिखाई देते हैं। भू-माफियाओं की तरफ से मुंह मोड़े रहते हैं। सवाल यह है कि जो अधिकार संविधान में पहले से लिखा था, उसे अदालत को घोषित क्यों करना पड़ा? इसका जवाब हमारे शहरों की उन गलियों में मिलता है जहाँ फुटपाथ पर सब्जी वाले का ठेला है, कपड़े वाले का तिरपाल है, मोबाइल ठीक करने वाले की मेज है और उसके आगे एक ऐसा अँधेरा है जिसमें पैदल चलने वाले के लिए कोई जगह नहीं बची।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक रिटायर होने जा रहे पुलिस के एक बड़े अधिकारी का किस्सा सुनाया था, जिसमें इस अधिकारी ने सीएम को बताया था कि लखनऊ के पॉश इलाके में एक माफिया ने 120 एकड़ जमीन कब्जा रखी है। यदि उसे माफिया से मुक्त करा दिया जाए तो वहाँ राज्य फॉरेंसिक संस्थान खोला जा सकता है। जिसे योगी ने खाली करा लिया, लेकिन न जाने आज भी ऐसी कितनी जमीनें होंगी जो माफियाओं ने कब्जा करके कहीं कॉलोनी बना दी होंगी तो कहीं बस्तियां बसा दी होंगी। मगर अफसोस यह है कि अतिक्रमण के खिलाफ सिर्फ वहीं पर मोर्चा खोला जाता है जहाँ कार्रवाई करके सरकार को खुश किया जा सकता है या फिर ऐसी जगह से अतिक्रमण हटाया जाता है जहाँ अतिक्रमणकारी थोड़ा लाचार और कमजोर होता है।

खैर, बात फुटपाथ की की जाए तो एक समय था जब पैदल यात्री बीच सड़क पर गाड़ियों की चकाचौंध और अंधी दौड़ के साथ धूप और बरसात से बचते हुए आराम से फुटपाथ पर सुरक्षित आता-जाता था। मगर यह सब करीब पचास साल पुरानी बातें हुआ करती थीं। बीते पचास सालों में सरकार ने फुटपाथ के नाम पर पैसा तो खूब लुटाया, लेकिन किसी पैदल चलने वाले राहगीर को इससे फायदा नहीं हुआ। 70 और 80 के दशक में जब शहर छोटे थे और आबादी का दबाव कम था, तब फुटपाथ बनाए गए थे और उन पर पेड़ लगाए गए थे। नगरपालिकाएँ उनकी देखभाल करती थीं। धीरे-धीरे शहर फैलने लगे, आबादी बढ़ने लगी और सड़कों पर वाहनों की तादाद बेतहाशा बढ़ गई। इसी के साथ एक ऐसी व्यवस्था पनपी जिसमें पैसे वाले व्यापारी ने पहले फुटपाथ के कोने में अपना सामान रखा, फिर धीरे-धीरे पूरे फुटपाथ को घेर लिया और बाद में उसकी हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसने सड़क का एक हिस्सा भी हड़प लिया। इस पूरी प्रक्रिया में नगर निगम के अधिकारी, पुलिस के सिपाही और नेताओं के दलाल सब शामिल रहे। पैसे का लेन-देन होता रहा और अतिक्रमण बढ़ता रहा। मतलब यह है कि यह अतिक्रमण एक दिन में नहीं हुआ। इसकी जड़ें पचास साल पीछे तक जाती हैं।

असली त्रासदी यह है कि सरकारी सिस्टम केवल वहाँ काम करता है जहाँ कमजोर और बेसहारा लोग होते हैं। जब नगर निगम अतिक्रमण हटाने निकलता है तो उसका निशाना आमतौर पर वह गरीब रेहड़ी वाला या छोटा दुकानदार होता है जो किसी नेता की शरण में नहीं है, जिसके पास रिश्वत देने के पैसे नहीं हैं। जो बड़े व्यापारी हैं, जिन्हें धन्ना सेठ कहा जाता है, वे राजनीतिक दलों को चंदा देते हैं, अधिकारियों की मुट्ठी गरम करते हैं और शांति से अपना अतिक्रमण बनाए रखते हैं। यही कारण है कि शहर के बड़े बाजारों में, जहाँ सबसे ज्यादा अतिक्रमण है, वहाँ कार्रवाई कभी नहीं होती।

शहर से गायब हो गए फुटपाथ की तरह ही पेड़ों की कहानी है, जो और भी दर्दनाक है। जब सड़कें चौड़ी करने का काम शुरू हुआ तो सबसे पहले पेड़ों पर आरी चली। विकास के नाम पर हजारों पुराने और घने पेड़ काट दिए गए। जो पेड़ दशकों से छाया दे रहे थे, जो पक्षियों के घर थे, जो शहर की हवा को साफ रखते थे, वे सब एक झटके में जमीन पर आ गए। सड़क चौड़ी हो गई, गाड़ियाँ ज्यादा दौड़ने लगीं, लेकिन पैदल चलने वाले के लिए न छाया बची, न फुटपाथ बचा। नए पेड़ लगाने की बात जरूर होती है, सरकारी कागजों में लाखों पेड़ लगाने के दावे भी होते हैं, लेकिन जमीन पर उनका नामोनिशान नहीं मिलता।

सरकारें आईं और गईं, योजनाएँ बनती रहीं और फुटपाथ के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये बहाए जाते रहे। कभी फुटपाथ को नए पत्थरों से ढका गया, कभी उस पर रंग-बिरंगी टाइलें लगाई गईं, कभी उसके किनारे लोहे की जालियाँ और लैंप पोस्ट खड़े किए गए। लेकिन इन सब कामों के बाद फुटपाथ पर पैदल यात्री के लिए जगह नहीं बनी। जो टाइलें लगाई गईं वे कुछ महीनों में उखड़ गईं, जो रोशनी के खंभे लगाए गए वे अँधेरे में डूब गए और जो फुटपाथ बने वे फिर से दुकानों और ठेलों से भर गए। पूरी कवायद केवल कागजी खानापूरी बनकर रह गई। शहरों की योजना बनाने वाले विभाग, जो जगह पैदल चलने वालों के लिए छोड़ते थे, उन्होंने भी धीरे-धीरे अपनी प्राथमिकता बदल ली। अब नई सड़कें बनती हैं तो उनमें गाड़ियों के लिए कई-कई लेन होती हैं लेकिन फुटपाथ या तो होता ही नहीं या इतना संकरा होता है कि दो लोग एक साथ नहीं चल सकते। यह मानसिकता बताती है कि हमारे नगर नियोजकों की नजर में पैदल चलने वाला नागरिक दोयम दर्जे का है। उधर, अदालतें अक्सर पैदल यात्रियों के पक्ष में फैसला देती रहती हैं, परंतु यह लालफीताशाही की भेंट चढ़ जाते हैं।

लब्बोलुआब यह है कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला कि फुटपाथ पर चलना पैदल यात्रियों का मौलिक अधिकार है, भले ही नगर निगम से लेकर राज्य सरकार तक हर स्तर पर जवाबदेही तय करता हो, जिस अधिकारी की देखरेख में फुटपाथ पर अतिक्रमण हो, उसे ज़िम्मेदार मानता हो, जो व्यापारी सड़क को अपना गोदाम समझे, उस पर सख्त कार्रवाई हो, की बात करता हो, लेकिन हकीकत यही है कि अब काफी देर हो चुकी है। सबसे बड़ी बाधा तो यही है कि जो सरकार सड़क से अतिक्रमण हटाने और फुटपाथ खाली कराने की बात सोचती है, उसको विरोध स्वरूप लामबंद वोटर लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। यही देश की नियति है, जिसे आसानी से नहीं बदला जा सकता है।

**संजय सक्सेना**

# योग - स्वस्थ जीवनशैली का भारतीय दर्शन



महेन्द्र तिवारी

भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग आज संपूर्ण विश्व के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब केवल भारत की सांस्कृतिक सीमाओं में बंधा उत्सव नहीं है, बल्कि यह वैश्विक धरातल पर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और समग्र आरोग्यता का एक विराट जन-आंदोलन बन चुका है। वर्ष 2026 में संपूर्ण विश्व इस ऐतिहासिक यात्रा का 12वां वार्षिक आयोजन देख रहा है। इस महान वैश्विक यात्रा की औपचारिक शुरूआत 21 जून 2015 को हुई थी, जब प्रथम बार समस्त विश्व ने एक सुर में योग की महत्ता को अंगीकार करते हुए इसके सार्वभौमिक स्वरूप का उत्सव मनाया था। इस वर्ष का केंद्रीय विचार स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित किया गया है, जो समकालीन वैश्विक समाज की एक अत्यंत संवेदनशील और अनिवार्य आवश्यकता को रेखांकित करता है। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण निरंतर बढ़ती जीवन प्रत्याशा, तीव्र गति से बदलती जीवनशैली, मानसिक एकाकीपन और बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों के मध्य योग को एक ऐसी संजीवनी के रूप में देखा जा रहा है जो वयोवृद्ध जनों को एक सक्रिय, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने का सुदृढ़ आधार प्रदान करता है।

योग भारत की उस पुरातन और सनातन ज्ञान परंपरा का अनमोल उपहार है जिसे हजारों वर्षों से भारतीय ऋषियों, मनीषियों और योगियों ने अपने तप से सींचा है। उनके अनुसार योग मात्र शारीरिक अंगों के संचालन या व्यायाम की एक पद्धति नहीं है, अपितु यह शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के मध्य परम सामंजस्य स्थापित करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। योग का मूल ध्येय मानव को आंतरिक एवं बाह्य दोनों स्तरों पर संतुलित और शांत बनाना है। यह स्वयं को स्वयं से जोड़ने की एक आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें आसनों की स्थिरता, प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का नियमन, ध्यान की गहराई और एक अनुशासित दिनचर्या का सुंदर समन्वय होता है। आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी इस शाश्वत सत्य को स्वीकार कर चुका है कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, भावनात्मक उथल-पुथल को शांत करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है।

इस वैश्विक आंदोलन की स्थापना की पृष्ठभूमि अत्यंत गौरवशाली रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का दूरदर्शी विचार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में अपने ऐतिहासिक संबोधन के दौरान संपूर्ण विश्व के सम्मुख प्रस्तुत किया था। उन्होंने योग को संपूर्ण मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य साझा विरासत बताया था जो प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और वैश्विक शांति का मार्ग दिखाती है। इस अभिनव प्रस्ताव को वैश्विक समुदाय का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप, मात्र कुछ ही महीनों के भीतर 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 69/131 को पारित करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित कर दिया। इस प्रस्ताव का सबसे विस्मयकारी पक्ष यह था कि विश्व के 177 देशों ने इसके सह-प्रायोजक के रूप में अपनी लिखित सहमति दी थी, जो संयुक्त राष्ट्र संघ के संपूर्ण इतिहास में किसी भी महासभा प्रस्ताव को प्राप्त होने वाला अब तक का सबसे व्यापक और तीव्र समर्थन माना जाता है। इसके पश्चात 21 जून 2015 को संपूर्ण विश्व में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया और तब से यह निरंतर प्रगति पर है।

योग दिवस के भव्य आयोजन के लिए 21 जून की तिथि का चयन भी आकस्मिक नहीं था, वरन इसके पीछे एक अत्यंत गहन वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण निहित था। खगोलीय विज्ञान के अनुसार यह तिथि उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होती है, जिसे ग्रीष्म संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस विशिष्ट खगोलीय घटना के पश्चात सूर्य दक्षिणायन की ओर प्रवृत्त होता है। भारतीय आध्यात्मिक और यौगिक परंपरा में संक्रमण के इस कालखंड को अत्यधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इसे ऊर्जा के रूपांतरण, आत्मिक शुद्धि, ध्यान साधना की सिद्धि और चेतना के उच्च स्तरों को जाग्रत करने के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। योग दर्शन के



पौराणिक आख्यानों में यह भी मान्यता है कि इसी संक्रांति काल के आसपास आदिगुरु शिव ने अपने प्रथम सात शिष्यों अर्थात सप्तऋषियों को योग का परम ज्ञान देना प्रारंभ किया था, जिससे वे साक्षात आदियोगी बने। अतः इस पावन दिवस का चयन प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत मिलन का प्रतीक है।

वर्ष 2026 का यह 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस दृष्टिकोण से एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हो रहा है क्योंकि इसका मुख्य ध्यान वयोवृद्ध आबादी के कल्याण पर केंद्रित है। वर्तमान समय में विश्व के अधिकांश विकसित और विकासशील देशों में वृद्धजनों की जनसंख्या अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रही है। उन्नत चिकित्सा प्रणालियों और सुधरते जीवन स्तर ने मनुष्यों की आयु को तो दीर्घ बना दिया है, किंतु केवल आयु की दीर्घता ही जीवन की सार्थकता की कसौटी नहीं हो सकती। वास्तविक आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में भी शारीरिक रूप से आत्मनिर्भर, मानसिक रूप से सजग और भावनात्मक रूप से प्रफुल्लित रहे। योग इसी आवश्यकता की शत-प्रतिशत पूर्ति करता है। वृद्धावस्था में शरीर की मांसपेशियां शिथिल होने लगती हैं, जोड़ों की गतिशीलता घटने लगती है और तंत्रिका तंत्र कमजोर होने लगता है। नियमित योगाभ्यास इन सभी विसंगतियों को दूर कर शरीर का संतुलन बेहतर बनाता है, जिससे इस अवस्था में गिरने या चोटिल होने की दुर्घटनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। इसके साथ ही यह रक्तचाप को नियमित रखने, हृदय की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने और फेफड़ों की श्वसन क्षमता को उत्कृष्ट रखने में महती भूमिका निभाता है।

शारीरिक लाभों से इतर, समकालीन युग में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां भी विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। अवसाद, अत्यधिक चिंता, तनाव और विशेष रूप से वृद्धजनों में देखा जाने वाला अकेलापन आज के समाज की मूक त्रासदियां हैं। जब जीवन की संध्या बेला में व्यक्ति स्वयं को समाज या परिवार से कटा हुआ महसूस करता है, तब योग के अंग जैसे प्राणायाम और ध्यान उसके अंतर्मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ध्यान की निरंतर साधना से मस्तिष्क में शांति का प्रादुर्भाव होता है, जिससे मानसिक स्थिरता बढ़ती है और व्यक्ति जीवन की अपरिहार्य परिस्थितियों का सामना अधिक धैर्य और संतुलन के साथ करने में सक्षम होता है। यौगिक क्रियाएं शरीर में प्रसन्नता प्रदान करने वाले प्राकृतिक रसायनों के स्राव को बढ़ाती हैं, जो मानसिक व्याधियों के शमन में सहायक हैं। यही कारण है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग को मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के प्रभावी साधनों में शामिल कर रहा है।

भारतीय योग पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता और सर्वसमावेशी प्रकृति है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रवृत्तियों वाले मनुष्यों के लिए अलग-अलग मार्ग सुझाए गए हैं। हठ योग जहां शारीरिक शुद्धि और प्राणों के संतुलन पर बल देता है, वहीं राजयोग मन के नियंत्रण, आत्मानुशासन और ध्यान की उच्चतम अवस्था की ओर ले जाता है। कर्मयोग मनुष्य को फल की इच्छा के बिना समाज के प्रति निःस्वार्थ भाव से कर्तव्य पालन की सीख देता है, जिससे अहंकार का नाश होता है। भक्ति योग पूर्ण समर्पण, प्रेम और ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा का मार्ग है, जो हृदय को शुद्ध करता है। ज्ञान योग आत्मचिंतन, विवेक और सत्य की खोज के माध्यम से अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। इन सभी विविध धाराओं का अंतिम और साझा उद्देश्य मानव के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना और उसे मोक्ष अथवा परम शांति की ओर अग्रसर करना है।

इस वर्ष 2026 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य राष्ट्रीय समारोह पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक नगरी कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। हुगली नदी के तटों और कोलकाता के विशाल मैदानों में जब हजारों साधक एक साथ बैठकर प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास करेंगे, तो वह दृश्य संपूर्ण विश्व को भारत की इस पावन विद्या की शक्ति का दिग्दर्शन कराएगा। कोलकाता के इस केंद्रीय आयोजन के साथ-साथ देश के प्रत्येक राज्य, जनपद, ग्राम पंचायत, शैक्षणिक संस्थानों, सेना के प्रतिष्ठानों और विदेशों में कार्यरत भारतीय दूतावासों में भी व्यापक स्तर पर सामूहिक योग सत्रों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि योग अब किसी एक धर्म, जाति, देश या संस्कृति की सीमा में आबद्ध नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक स्वास्थ्य नीति और जन-कल्याण का एक अनिवार्य घटक बन चुका है।

आज के इस आधुनिक दौर में जब संपूर्ण मानवता अनियंत्रित दिनचर्या जनित रोगों, मानसिक विकारों, पर्यावरण असंतुलन और सामाजिक तनावों से घिरी हुई है, तब योग एक अत्यंत सुलभ, बिना किसी मूल्य वाले और सार्वभौमिक समाधान के रूप में प्रकाश स्तंभ की भांति खड़ा है। इसके लिए किसी महंगे संसाधन अथवा कृत्रिम उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। इसे समाज का कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी आयु वर्ग, लिंग अथवा आर्थिक पृष्ठभूमि का हो, सहजता से सीख और अपना सकता है। योग की यही सरलता और प्रासंगिकता इसे सर्वव्यापी बनाती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें केवल 21 जून के दिन प्रतीकात्मक रूप से योग करने की प्रेरणा नहीं देता, बल्कि इसका वास्तविक संदेश योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना है। यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन मात्र कुछ समय योग के लिए समर्पित करे, तो वह न केवल अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को उन्नत बना सकता है, बल्कि एक स्वस्थ, ऊर्जावान और समरसता पूर्ण समाज के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दे सकता है। अंततः, वर्ष 2026 का यह उत्सव मानवता को एक स्वर्णिम संदेश दे रहा है कि योग ही स्वस्थ जीवन और आनंदमय भविष्य का एकमात्र सुरक्षित मार्ग है।

# उत्तराखंड में भाजपा-कांग्रेस की लड़ाई के बीच यूकेडी

उत्तराखंड की राजनीति में चुनावी पारा चढ़ चुका है। पहाड़ी राज्य में विधानसभा चुनाव में अब आठ महीने से भी कम वक्त बचा है और हर दल अपनी-अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुटा है। सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी जहां इतिहास रचने के मंसूबे के साथ मैदान में डटी है, वहीं कांग्रेस अपने दस साल पुराने वनवास को खत्म करने के लिए जोर लगा रही है। इसी बीच क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति करने वाला उत्तराखंड क्रांति दल भी अपनी खोई जमीन वापस पाने की जुगत में है। सत्तर सीटों वाले इस राज्य में मुकाबला अब त्रिकोणीय होता दिख रहा है, हालांकि असली लड़ाई अब भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही केंद्रित नजर आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो 2022 में बीजेपी ने उत्तराखंड बनने के बाद पहली बार सत्ता परिवर्तन की परंपरा को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। पार्टी को 44.33 फीसदी वोट मिले और उसने 47 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के खाते में 37.91 फीसदी वोट आए, लेकिन सीटों के मामले में वह सिर्फ 19 पर सिमट गई। बसपा और निर्दलीयों ने दो-दो सीटें जीतीं। आम आदमी पार्टी ने कर्नल अजय कोठियाल को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर पूरे दमखम से चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सिर्फ 3.3 फीसदी वोट मिले और खाता भी नहीं खुल सका। दिलचस्प यह भी रहा कि उस चुनाव में दो बड़े कद्दावर नेता अपनी ही सीट से हार गए थे। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लालकुआं से हार गए थे, जबकि तब के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी परंपरागत खटीमा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भुवन कापड़ी से चुनाव हार बैठे थे। हालांकि भाजपा आलाकमान ने धामी पर भरोसा बनाए रखा और बाद में चंपावत सीट से उपचुनाव जिताकर उन्हें फिर मुख्यमंत्री पद पर बैठाया।

उत्तराखंड की राजनीति को समझने के लिए कुमाऊं और गढ़वाल मंडल का गणित जानना जरूरी है। गढ़वाल मंडल में 41 और कुमाऊं मंडल में 29 सीटें आती हैं। पिछली बार गढ़वाल में बीजेपी का दबदबा एकतरफा रहा था, जहां पार्टी ने 29 सीटें जीती थीं और कांग्रेस सिर्फ 8 पर सिमट गई थी। लेकिन कुमाऊं मंडल में तस्वीर अलग थी, यहां बीजेपी को 18 और कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं, यानी कांग्रेस ने यहां कड़ी टक्कर दी थी। यही वजह है कि इस बार दोनों ही पार्टियां इन इलाकों में अपनी पूरी ताकत झोंकने में जुटी हैं। राहुल गांधी की हाल में कुमाऊं और गढ़वाल दोनों मंडलों में रैलियां प्रस्तावित थीं। अल्मोड़ा में भारी भीड़ जुटी, पर खराब मौसम के चलते वह खुद नहीं पहुंच सके और फोन तथा वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी लगातार राज्यभर का दौरा कर लोगों से सीधा संपर्क साध रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के इतिहास में पहले ऐसे भाजपा मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं जो अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। एंटी इंकंबेंसी से निपटने के लिए बीजेपी ने माइक्रो लेवल पर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। 13 से 16 जून के बीच पार्टी ने एक बड़ा अभियान चलाया, जिसमें लोकसभा सांसद, राज्यसभा सदस्य और कोर ग्रुप के नेताओं को उन 23 सीटों पर भेजा गया, जहां पार्टी पिछली बार हार गई थी। ये नेता वहां रात भी रुके, ताकि स्थानीय संगठन की हकीकत और हार की वजहों को करीब से समझा जा सके। चुनावी मुद्दों की बात करें तो बीजेपी इस बार बुनियादी ढांचे के विकास, यूनिफॉर्म सिविल कोड और धार्मिक पर्यटन, खासकर चारधाम यात्रा और मानसखंड मंदिर माला मिशन को आगे रखकर वोट मांगने की तैयारी में है। 2027 में हरिद्वार में लगने वाला कुंभ मेला भी पार्टी के लिए अपनी प्रशासनिक छवि चमकाने का बड़ा मौका साबित हो सकता है।

दूसरी तरफ कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है, लेकिन अंदरूनी गुटबाजी उसकी सबसे बड़ी मुश्किल बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल लगातार जमीन पर मेहनत कर रहे हैं, लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। हाल ही में पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा दो दिन के दौरे पर आई थीं, लेकिन एक ही दिन में कामकाज निपटाकर दिल्ली लौट गईं, जिससे स्थानीय नेताओं में संगठन को लेकर बेचैनी और बढ़ गई। हरीश रावत के कुछ समय पहले 'मौन अवकाश' पर जाने से भी सियासी गलियारों में अटकलें तेज हो गई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने साफ कर दिया कि वह कांग्रेस को जिताने के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे। गणेश गोदियाल का कहना है कि कांग्रेस अपने शासन काल की उपलब्धियों और मौजूदा सरकार की नाकामियों को साथ रखकर जनता के सामने जाएगी। पार्टी इस बार बेरोजगारी, पलायन, पेपर लीक मामलों, अंकिता भंडारी हत्याकांड, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और जंगली जानवरों से हो रहे जान माल के नुकसान जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की तैयारी में है। इस बीच राज्य आंदोलन से जुड़ा उत्तराखंड क्रांति दल भी खुद को मजबूत करने में लगा है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष आशुतोष नेगी और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष नेगी लगातार जिलों में जनसभाएं कर रहे हैं। यूकेडी का सबसे बड़ा मुद्दा पहाड़ में स्थायी राजधानी बनाने की मांग है। पार्टी का मानना है कि जब तक मुख्यमंत्री और विधायक पहाड़ में नहीं बैठेंगे, तब तक पहाड़ का असली विकास संभव नहीं है।

इसके अलावा यूकेडी 1950 से राज्य में रह रहे लोगों को मूल निवासी का दर्जा देने और सख्त भू-कानून बनाने की मांग पर भी मुखर है। पार्टी का कहना है कि अगर उनकी सरकार बनी और कोई पेपर लीक हुआ तो इसकी सीधी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होगी और उन्हें इस्तीफा देना होगा। आशुतोष नेगी के मुताबिक पार्टी अभी 30 से 35 सीटों पर मजबूत स्थिति में काम कर रही है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो यूकेडी जितनी मजबूत होगी, उसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा, क्योंकि भाजपा का कोर वोटर अब भी काफी हद तक उसके साथ बना हुआ है। हालांकि सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर है, लेकिन विपक्ष के पास अभी पुष्कर सिंह धामी की टक्कर का कोई बड़ा चेहरा नहीं दिख रहा। कुमाऊं मंडल में मुकाबला कांटे का रहने की उम्मीद है और अगर कांग्रेस अपनी अंदरूनी खींचतान खत्म कर सही टिकट बंटवारा कर पाई, तो उसे फायदा मिल सकता है। फिलहाल तस्वीर यही बताती है कि भाजपा विकास और संगठन की ताकत पर सत्ता बचाने में जुटी है, कांग्रेस सरकार की नाकामियों को मुद्दा बनाकर वापसी का रास्ता तलाश रही है और यूकेडी पुराने सवालों को फिर सुर्खियों में लाने की कोशिश कर रही है। आने वाले महीनों में उत्तराखंड की सियासत और भी दिलचस्प मोड़ ले सकती है, और यही बात इस चुनाव को पहले से कहीं ज्यादा दिलचस्प बना रही है।

**अजय कुमार**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अंश निर्धारण त्रुटियों के संशोधन हेतु 22 से 26 जून तक विशेष अभियान

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर में भूमि अभिलेखों से संबंधित अंश निर्धारण में पाई गई त्रुटियों के निस्तारण हेतु 22 जून 2026 से 26 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी भूलेख अधिकारी वेद प्रकाश पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निदेशों के अनुपालन में यह अभियान जनपद की तीनों तहसीलों–सदर, दादरी एवं जेवर–में संचालित किया जाएगा।

### ग्राम स्तर पर लगेंगी खुली बैठकें

अभियान के दौरान प्रत्येक राजस्व ग्राम में संबंधित लेखपालों द्वारा खुली बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में खातेदारों एवं सहखातेदारों की अंश निर्धारण संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा तथा त्रुटिपूर्ण अभिलेखों को मौके पर ही संशोधित एवं दुरुस्त किया जाएगा।

### नागरिकों से सहयोग की अपील

डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने जनसाधारण से अपील की है कि जिन खातेदारों या सहखातेदारों के अंश निर्धारण में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे निर्धारित तिथियों में अपने ग्राम के लेखपाल से संपर्क करें तथा आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अपने अभिलेखों का संशोधन कराएं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान पारदर्शिता के साथ भूमि रिकॉर्ड सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आम नागरिकों को अपनी भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान में सुविधा मिलेगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# खेत बचाओ अभियान के तहत जेवर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित, किसानों को टिकाऊ कृषि अपनाने के लिए किया गया प्रेरित

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: भारत सरकार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड जेवर के ब्लॉक परिसर में प्राकृतिक खेती विषयक द्वितीय कृषक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है।





कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 1 जून से 30 जून 2026 तक देशभर में चलाया जा रहा है।

### विधायक धीरेंद्र सिंह रहे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में जेवर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विपिन कुमार, वैज्ञानिक डॉ. बोनिका पंत एवं डॉ. सुनील प्रजापति, खंड विकास अधिकारी अंकित कुमार सिंह तथा कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों एवं ग्रामीण कृषक समुदाय ने भाग लिया।

### प्राकृतिक खेती पर वैज्ञानिकों ने दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा, इसके सिद्धांतों तथा वर्तमान कृषि परिदृश्य में इसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है, मृदा की उर्वरता बनी रहती है तथा जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

### किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील

अपने संबोधन में विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती एक टिकाऊ और लाभकारी विकल्प है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने तथा भूमिगत जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन में योगदान देने की अपील की।

### व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रशिक्षण

कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा बीज उपचार, जीवामृत निर्माण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक अपशिष्ट उपयोग तथा प्राकृतिक कीट प्रबंधन तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। किसानों को सफल प्राकृतिक खेती के उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए।

### किसानों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विशेषज्ञों से प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका वैज्ञानिक आधार पर समाधान किया गया। किसानों ने अपने गांवों में प्राकृतिक खेती को अपनाने और इसके प्रचार-प्रसार का संकल्प भी लिया।

### समापन एवं आभार

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया गया। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने इसे मृदा संरक्षण और टिकाऊ कृषि के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# योग सप्ताह के छठे दिवस पर गौतमबुद्धनगर में उत्साहपूर्वक आयोजित हुए योग अभ्यास एवं जनजागरूकता कार्यक्रम

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, गौतमबुद्धनगर द्वारा आयोजित योग सप्ताह के छठे दिवस पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को नियमित योगाभ्यास के प्रति प्रेरित करना रहा।



### मलकपुर स्टेडियम में योग अभ्यास सत्र

ग्रेटर नोएडा स्थित मलकपुर स्टेडियम में आयोजित योग अभ्यास सत्र में प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली में योग को अपनाने का संकल्प लिया।

### वृद्धाश्रमों में विशेष योग शिविर

योग सप्ताह के अंतर्गत प्राचीन डाकिया बाबा मंदिर स्थित वृद्धाश्रम (सिग्मा-3, ग्रेटर नोएडा) तथा रामलाल वृद्धाश्रम में विशेष योग शिविर आयोजित किए गए। रामलाल वृद्धाश्रम में संस्था अध्यक्ष शिव प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे।

### शिक्षण संस्थानों में भी हुआ योगाभ्यास

गलगोटिया कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में प्रशासनिक प्रमुख अभिषेक मिश्रा, एमिटी विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय राणा, तथा जी.एल. बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में अधिष्ठाता डॉ. महावीर सिंह नरूका की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### योग प्रशिक्षकों ने कराया अभ्यास

आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक कुलभूषण धर दुबे एवं मनीष धर दुबे द्वारा विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

### 21 जून को होगा मुख्य योग दिवस कार्यक्रम

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी ने बताया कि 21 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 145 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में शासन की मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।



इस दौरान कुल 145 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### दादरी तहसील में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें

जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में तहसील दादरी में आयोजित समाधान दिवस में जनसुनवाई की गई। इस दौरान 81 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अपर आयुक्त मेरठ मंडल ने भी जनसमस्याओं का अनुश्रवण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाए तथा मौके पर जाकर सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदर तहसील में 7 शिकायतें दर्ज

सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां कुल 7 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया।

### जेवर तहसील में 57 शिकायतें

जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

### प्रशासन की सख्त निगरानी

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन जनता की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और सभी शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन ने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रयास तेज किए हैं, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। (सौजन्य :

# जनपद में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम, ग्रेटर नोएडा और नोएडा में होंगे आयोजन

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026:12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य आयोजन शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा तथा इनडोर स्टेडियम, सेक्टर-21 नोएडा में होगा।

यह जानकारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी ने दी। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों, विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा आमजन की व्यापक सहभागिता रहेगी।

### जनभागीदारी के साथ होगा योग दिवस

प्रशासन के अनुसार योग दिवस को जनआंदोलन का रूप देने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

### योग को जीवनशैली बनाने की अपील

डॉ. वंदना रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को लाभ मिलता है। जिला प्रशासन ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 5 जेसीबी मशीनें जब्त

समाज जागरण गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: जिला प्रशासन ने अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में छापेमारी कर मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए 5 जेसीबी मशीनें जब्त की हैं।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) के निर्देशों के क्रम में जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा की गई।




### सेक्टर-18 सहित आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-18 एवं आसपास के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण और छापेमारी की गई। इस दौरान मौके पर मौजूद व्यक्तियों से खनन कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार के वैध अनुमति पत्र या अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

जांच में स्पष्ट हुआ कि बिना अनुमति के मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा था।

### 5 जेसीबी मशीनें जब्त

अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर मौके से 5 जेसीबी मशीनों को कब्जे में लेकर थाना दनकौर की अभिरक्षा में जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक सुपुर्द किया गया है।

### दंडात्मक कार्रवाई की तैयारी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पकड़े गए वाहनों और मशीनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के तहत नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनन पर सख्त निगरानी

जिला प्रशासन ने कहा है कि जनपद में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# गौतमबुद्धनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1681 वाहन सहित करोड़ों की संपत्ति बरामद

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडा 20 जून 2026: कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा चोरी एवं वाहन चोरी जैसी संपत्ति संबंधी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने संगठित एवं सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है।

### 1681 वाहन सहित करोड़ों की संपत्ति बरामद

पुलिस कार्रवाई के दौरान कुल 1681 वाहन, लैपटॉप, मोबाइल फोन, आरआरयू, सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घरेलू सामान तथा नकद धनराशि बरामद की गई। बरामद संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य ₹47,61,13,916 (सैंतालीस करोड़ इकसठ लाख तेरह हजार नौ सौ सोलह रुपये) बताया गया है, जो कुल चोरी की गई संपत्ति का लगभग 83.95 प्रतिशत है।

### पीड़ितों को लौटाई जा रही संपत्ति

पुलिस ने बताया कि बरामद की गई संपत्ति को उसके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है, जिससे पीड़ितों को बड़ी राहत मिल रही है। गौतमबुद्धनगर पुलिस के अनुसार, यह अभियान केवल बरामदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत संगठित अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

### कानून-व्यवस्था पर मजबूत नियंत्रण

पुलिस ने कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाइयों से न केवल अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लग रहा है, बल्कि आम जनता का पुलिस और कानून-व्यवस्था पर विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है। पुलिस ने दोहराया कि जनपद में सुरक्षित, भयमुक्त और विश्वासपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर लापरवाही से वाहन चलाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा 20 जून 2026: थाना दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर लापरवाही से वाहन चलाकर यातायात बाधित करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त की पहचान अरबाज खान, पुत्र हनीफ खान के रूप में हुई है, जिसे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के अंडरपास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मूल रूप से निमली, अलवर (राजस्थान) का निवासी है।



### हाईवा/डंपर से फैली थी लापरवाही

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त द्वारा एक हाईवा/डंपर वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उसमें भरे रोड़ा/पत्थर सड़क पर गिरा दिए गए थे। इससे हाईवे पर कई वाहनों के टायर पंक्चर हो गए और यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। घटना के संबंध में थाना दादरी में मु0अ0सं0 271/26 धारा 281/324 (2)/285 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हाईवा/डंपर वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा यातायात सुरक्षा को प्रभावित करने वाले ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# अवैध शराब बिक्री पर बड़ी कार्रवाई, आबकारी विभाग ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडा 20 जून 2026: उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेशों के क्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने 19 जून 2026 को बड़ी कार्रवाई की।

### सेक्टर-8 क्षेत्र में दबिश, अवैध शराब बरामद

चेकिंग के दौरान थाना फेज-1 क्षेत्र स्थित सेक्टर-8 नर्सरी के पास दबिश देकर एक व्यक्ति को अवैध शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुलशन वर्मा, पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई है। मौके से कैटरीना देशी शराब ब्रांड के 107 पौवे (200 एमएल) बरामद किए गए, जो उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य हैं, लेकिन अवैध रूप से बेचे जा रहे थे। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत थाना फेज-1 में अभियोग पंजीकृत किया गया है।




आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# लग्जरी वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश, दो शातिर चोर गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा 20 जून 2026 थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से लग्जरी वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।




### सेक्टर-54 के पास से गिरफ्तारी

पुलिस ने खरगोश पार्क, सेक्टर-54 के पास से नीरज शर्मा और अजय सरकार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय बताए जा रहे हैं। अभियुक्तों के कब्जे और निशानदेही पर पुलिस ने तीन लग्जरी वाहन बरामद किए हैं–

महिंद्रा थार (सेक्टर-59 स्थित शोरूम के बाहर से चोरी)

हुंडई क्रेटा (दिल्ली से चोरी, नंबर प्लेट विहीन)

फोर्ड ईकोस्पोर्ट (दिल्ली से चोरी)

इसके अलावा अभियुक्त नीरज शर्मा के पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।

### चोरी का तरीका: शोरूम और सर्विस सेंटर पर रैकी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी शोरूम और सर्विस सेंटर के बाहर गार्ड रूम की रैकी कर चाबी चुराते थे और मौका पाकर लग्जरी वाहन चोरी कर लेते थे। बाद में गाड़ियों के चेसिस और इंजन नंबर बदलकर उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से अन्य राज्यों में बेच दिया जाता था। पुलिस के अनुसार यह गिरोह चोरी की गाड़ियों को असम बॉर्डर के रास्ते मिजोरम और त्रिपुरा तक पहुंचाकर बेचता था।

### 60 से अधिक गाड़ियों की बिक्री का खुलासा

जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह अब तक करीब 60 से अधिक चोरी की गाड़ियां अंतर्राज्यीय बाजार में बेच चुका है। पुलिस इनके अन्य नेटवर्क और सहयोगियों की भी जांच कर रही है।

### पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी आए सामने

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। दोनों आरोपी विभिन्न राज्यों और थानों में दर्ज कई संगीन मामलों में पहले से वांछित रहे हैं।

### तेजी से खुलासा, आगे की कार्रवाई जारी

पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-58 द्वारा महज 24 घंटे के भीतर मामले का सफल अनावरण किया गया। बरामद वाहनों और अवैध हथियार के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, थाना जारचा पुलिस की कार्रवाई

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026:थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से अवैध शस्त्र रखने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त को जमशेदपुरा से कलौंदा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दीपक कुमार शर्मा, पुत्र सत्यपाल शर्मा के रूप में हुई है, जो ग्राम गुलावटी खुर्द, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है। उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है।

तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

### मुकदमा दर्ज, कार्रवाई जारी

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 9/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बरामद अवैध शस्त्र को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। (सौजन्य : सूचना विभाग,

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# मक्का क्रय केंद्र शीघ्र चालू करने की मांग, भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

पबांसा (सम्भल), 20 जून। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने शनिवार को किसानों की समस्याओं को लेकर डिप्टी आरएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने शासन द्वारा निर्धारित समय पर मक्का क्रय केंद्र



संचालित न होने पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र क्रय केंद्र शुरू करने तथा खरीद लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष महेश यादव ने ज्ञापन में कहा कि शासन की ओर से किसानों को आश्वासन दिया गया था कि 15 जून से मक्का क्रय केंद्र चालू कर दिए जाएंगे, लेकिन अभी तक कई स्थानों पर क्रय केंद्र शुरू नहीं हो सके हैं। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि मक्का क्रय केंद्रों को तत्काल संचालित किया जाए तथा किसानों की उपज की सुचारु खरीद सुनिश्चित करने के लिए क्रय केंद्रों का लक्ष्य भी बढ़ाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते क्रय केंद्र चालू नहीं किए गए और किसानों का उत्पीड़न जारी रहा तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में तहसील अध्यक्ष महेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष संजीव यादव, जिला महासचिव शंकर सिंह आर्य, देवन यादव, जयपाल यादव, किशनपाल यादव, अखिलेश यादव तथा प्रधान कल्याण सिंह यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में गुटखा खाने पर चकबंदी अधिकारी पर लगा जुमार्ना

चंदौसी। समाज जागरण। तहसील सभागार चंदौसी में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम के दौरान चकबंदी अधिकारी राजेश को गुटखा खाते हुए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. मनमोहन शर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन निषेध तथा व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 के तहत 200 का जुमार्ना लगाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट, गुटखा एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों का सेवन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को तम्बाकू निषेध कानून का प्रभावी अनुपालन कराने तथा जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# बहन के घर गए दो भाइयों पर धारदार हथियारों से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । बहन के घर गए दो भाइयों पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार और लाठी डंडों से हमला कर दिया।घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला शेख सराय निवासी मोहम्मद नासिर ने बताया कि वह गुरुवार की रात करीब नौ बजे अपने भाई बबलू के साथ मोहल्ला चौधराना स्थित अपनी बहन के घर गया था।आरोप है कि वहां बहनोई के भाई सुहेल और उसके साथियों नाजिम व कासिम ने दोनों भाइयों पर धारदार हथियार और लाठी डंडों से हमला कर दिया।हमले में बबलू के दाहिने कंधे,अंगूठे और बाएं कान पर गंभीर चोटें आई हैं। नासिर का आरोप है कि जब उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

# सीओ ने अपने कार्यालय में चलाया स्वक्षता अभियान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस उपाधीक्षक राजेश सिंह सोलंकी ने शनिवार को अपने कार्यालय में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई कराई और स्वच्छ वातावरण के लिए पेड़ पौधों के आसपास सफाई कराकर पानी डलवाया।




एसडीएम कंपाउंड स्थित सीओ कार्यालय पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी शनिवार को सुबह सवेरे ही टी शर्ट व लोअर में ही पहुंच गए और स्टॉफ के साथ पूरे कार्यालय परिसर की धुलाई करा कर विशेष सफाई कराई।साथ ही कार्यालय के पास लगे पेड़ पौधों के आसपास की सफाई कराई और पेड़ पौधों में पानी डलवाया।

विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने नगरवासियों से भी स्वयंसेवकों की तरह अपने घरों,दफ्तरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास साफ सफाई करने की अपील की।विश्व योग दिवस से पूर्व सीओ राजेश सोलंकी की इस पहल का समाज में सकारात्मक संदेश गया है और लोग सीओ राजेश सोलंकी के इस काम की सराहना कर रहे हैं।

# फर्जी वकील बनकर ठगी और धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने फर्जी वकील बनकर लोगों से ठगी और अवैध वसूली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी जितेन्द्र उर्फ अंकुश ने एक महिला से उसके बेटे की जमानत कराने के नाम पर 9,500 रुपये लिए थे और बाद में 5,000 रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा था। पैसे न देने पर आरोपी ने परिवार को जान से मारने की धमकी



भी दी। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को ककरऊ कोठी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उसे जेल भेजा है।

# सम्भल प्रशासन की अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 03 डम्पर सीज

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।जिलाधिकारी सम्भल के कुशल निर्देशन एवं शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। खनन विभाग एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम अलीपुर बुजुर्ग, पुलिस चौकी अटा, थाना बनियाठेर क्षेत्र में सघन जांच एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान जांच में अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे 03 डम्परों को पकड़ा गया। संबंधित वाहनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन एवं



अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। प्रशासन की "जीरो टॉलरेंस नीति" के तहत ऐसे तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से संयुक्त चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से खनन विभाग, परिवहन विभाग एवं स्थानीय पुलिस के समन्वय से लगातार कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी ऐसे अभियान और अधिक सघनता से चलाए जाएंगे ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा राजस्व क्षति को रोका जा सके।

जनपद प्रशासन ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं भी अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होती है तो उसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सम्भल प्रशासन पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग, राजस्व हितों की सुरक्षा एवं विधिसम्मत खनन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा जनपद में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कठोर प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

# सम्भल से मेंथा-बासमती का हो रहा निर्यात, कृषि निर्यात बढ़ाने को निर्यातकों को मिलेगा परिवहन अनुदान : मंत्री गुलाब देवी

**समाज जागरण**

सम्भल। उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गुलाब देवी जी को कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने जनपद सम्भल से हो रहे कृषि निर्यात की गतिविधियों एवं संभावनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जनपद से मुख्य रूप से मेंथा एवं बासमती चावल का निर्यात किया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत कृषि उत्पादों के निर्यात पर परिवहन अनुदान की व्यवस्था है। पात्र निर्यातक फर्में आवश्यक प्रपत्रों के साथ आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि गत वर्ष पहली बार जनपद सम्भल से आलू का निर्यात बहरीन को किया गया था, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इसके



अलावा जिले के कुछ किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को भी निर्यात गतिविधियों से जोड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएससी सरसी यूपी एग्रीकल्चर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ मोहम्मद फहीम ने हैदराबाद में आयोजित कृषि निर्यात प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर निर्यात संबंधी जानकारी प्राप्त की है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जनपद में कृषि निर्यात के क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएं हैं। योजनाबद्ध प्रयासों से निर्यात को और अधिक बढ़ाया जा सकता है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

इस अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने निर्यातकों से अपील की कि वे कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत उपलब्ध परिवहन अनुदान का अधिकतम लाभ उठाएं। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और जनपद सम्भल की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।

# पुत्री को बरामद करने की गुहार पुलिस क्षेत्राधिकारी से लगाई

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना ।एक युवक द्वारा नाबालिक किशोरी का देर रात्रि अपहरण कर ले जाने का मामला पीड़ित महिला ने तहसील दिवस में प्रार्थनापत्र देकर अपनी नाबालिक पुत्री को शीघ्र ही बरामद कराने और आरोपी को जेल भेजे जाने की गुहार की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पटपरा गांवड़ी निवासी सविता देवी पत्ति विदेश कुमार शनिवार को होने वाले तहसील समाधान दिवस में पहुंचे और एक प्रार्थना पत्र सीओ को सौप, जिसमें कहा है कि उसका पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है और वह अपनी ड्यूटी चले गए हैं इसलिए मैं नाबालिक की मां होने के नाते न्याय के लिए आई हूं। प्रार्थना पत्र में कहा है कि 10 जून की रात करीब 10 बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री को चचेरा भाई जतिन कुमार पुत्र आदेश कुमार शर्मा डरा धमका कर अपहर्ण कर ले गया है। घटना की तहरीर हल्का चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी प्रभारी को नामजद तहरीर दी,,आरोप लगाया गया है कि जतिन कुमार उसकी नाबालिक पुत्री के साथ आए दिन छेड़छाड़ करता रहता था तथा उसे डराता धमकता भी था कि अगर परिजनों को बताया तो अंजाम ठीक नहीं होगा। पीड़ित पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री के अपहरण में जतिन के चाचा मुन्नू सिह का सहयोग रहा है। पीड़ित पिता विदेश कुमार ने थाना प्रभारी से अपनी पुत्री को सकुशल बरामद करने और आरोपी जतिन कुमार उसके चाचा मुन्नू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की मांग गुहार कि थी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी केबल धारा 1 37/2 मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अगवाह की गई बेटी को बरामद नहीं कर सकी, पीड़ित मां सविता देवी ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी दिनेश सिंह सोलंकी से बेटी को बरामद करने और आरोपी जतिन कुमार की मदद कर रहे उसके चाचा मुन्नू वे नन्हे को गिरफ्तार कर जेल भेजने की गुहार की है।

पुलिस का कहना है कि इस संबंध में दो आरोपियों के विरुद्ध अपहरण काम करना दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 112 शिकायतों में से 27 का निस्तारण

## जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता- डीएम

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण सम्भव हो सके, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शिकोहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 112 शिकायतें आईं जिनमें से 27 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालय में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं लौटना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर सभी समस्याओं का समाधान




होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 112 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 27 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद को निर्देश दिए कि वह दो बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के उपरांत जमीनी विवाद व अतिक्रमण के प्रकरणों में अलग.अलग राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजकर शिकायतों का गुण.दोष के आधार पर पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए और निस्तारण को शिकायतकर्ता को अवगत भी कराए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व, विद्युत, पुलिस, अवैध कब्जे, जल भराव, राशन, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी,जमीनी विवाद व अतिक्रमण आवास, शौचालय आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन राम, बीएसए, परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**सभागार के बाहर लगी लंबी लाइन**

तहसील सभागार में जिलाधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे थे। जहां शिकायतकताओं को बैठने के लिए कुर्सी डलवाई गईं थी। इसके साथ ही बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्ति के लिए व्हील चेयर का भी इंतजाम किया गया था। जिसके चलते सभागार के बाहर तैनात पुलिस कर्मी उतने ही लोगों को अंदर प्रवेश दे रहे थे, जितनी कुर्सी पड़ें थी। जिसके चलते सभागार के बाहर शिकायतकताओं की लंबी कता लग गई।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं विकास प्रदर्शनी का सफल समापन

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज डी.आर. रिसॉर्ट, बहजोई में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी (18 जून से 20 जून 2026) एवं पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का आयोजन जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू रहे तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास वार्ष्णेय एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू रहे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा तारकेश्वर, हुगली (पश्चिम बंगाल) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थी किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 2,000 की राशि हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र



सिंह रिंकू एवं विशिष्ट अतिथियों तथा मुख्य विकास अधिकारी तथा आम जन मानस द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सम्भल जनपद की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, सड़कें बेहतर हुई हैं तथा गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से जनपद को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा जनपद विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां वितरित की गईं। साथ ही प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान बंधुओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद एवं कृषि विभाग के जैविक उत्पाद मुख्य अतिथि को भेंट किए गए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए अखिलेश कुमार चौबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) महेश कुमार, विकास वार्ष्णेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार मे आगामी मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मोहर्रम के अवसर पर जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें।




उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ताजिया मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं सड़क, विद्युत तार, जलभराव अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो, उसका समयबद्ध निस्तारण कराया जाए ताकि जुलूसों के संचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

उन्होंने नगर निकायों को निर्देशित किया कि ताजिया मार्गों पर विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि जुलूस मार्गों पर लटक रहे बिजली के तारों को तत्काल ठीक कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा की दृष्टि से विशेष प्रबंध किए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर क्षेत्र भ्रमण करते रहें। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाए तथा भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी सामग्री के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जाए तथा आपसी समन्वय एवं सौहार्द के वातावरण में पर्व संपन्न कराया जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने तथा त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जनपद में मोहर्रम का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, समस्त उप जिलाधिकारी साहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाहवेज सिद्दीकी ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर नगर का नाम किया रोशन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद मे शाहवेज सिद्दीकी पुत्र हाजी अब्दुल कय्यूम सिद्दीकी निवासी मोहल्ला मुगलूशाह ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर सिद्दीकी बिरादरी के साथ-साथ नगर नजीबाबाद का नाम रोशन किया शाहवेज की इस कामयाबी से परिजनो व मोहल्ले वासियो मे खुशी की लहर है और शाहवेज को सभी ने दुआओं से नवाजा शाहवेज ने बताया इसका श्रेय मेरे वालिद हाजी अब्दुल कय्यूम और मेरी वालदेन को जाता है उन्होंने मेरी अच्छी परवरिश के साथ-साथ मुझे



अच्छा माहौल दिया और मेरा हौसला बढ़ाया शाहवेज की इस कामयाबी के लिए नजीबाबाद मोहल्ला मुगलुशाह निवासी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी व नदीम फारूकी ने बधाई देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनसे आशा की है कि वह समाज के गरीब कमजोर व्यक्तियों की सेवा करेंगे और नगर का नाम रोशन करेंगे इस अवसर पर हाजी अब्दुल कय्यूम, हाजी नसीम अहमद, मोहम्मद फैसल आदि मौजूद रहे

# 22 जून को फिरोजाबाद आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपेंगे आवासों की चाबियां

**समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 जून को फिरोजाबाद जनपद के दौरे पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह प्रातः 11:15 बजे उसायनी गांव पहुंचेंगे, जहां विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

भाजपा के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. अमित गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों की चाबियां लाभार्थियों को प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त वह जनपद में पूर्ण हो चुकी विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।



भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तीव्र गति से पूर्ण की जा रही हैं। अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जनपदवासियों एवं योजना के लाभार्थियों में उत्साह का वातावरण है। प्रशासन सुरक्षा, यातायात तथा अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

# करो योग, रहो निरोग : गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**समाज जागरण बिनौली।**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जिवाना में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य जितेंद्र उज्ज्वल ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन तथा शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। योगाचार्य



जितेंद्र उज्ज्वल ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन त्यागी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास का भी आधार है। वहीं उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स ने "करो योग, रहो निरोग" का संदेश देते हुए सभी से नियमित योग अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ऋषिपाल सिंह, मोहनवीर उज्ज्वल, चंद्रवीर सिवाच, पूजा रहले, कनक पांचाल, नीतू तोमर, अंकित गोलियां, हरेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया।

# वाह ! छपरौली में रात में गरज रहीं मशीनें, सिस्टम खामोश

## डीएम के आदेशों के बावजूद यमुना खादर में रातभर जारी है रेत खनन, नियमों की उड़ रही धज्जियां

**समाज जागरण छपरौली।**

प्रशासनिक सख्ती और डीएम के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद छपरौली क्षेत्र के यमुना खादर में रात के समय रेत खनन का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। प्रशासनिक अभिलेखों में भले ही रात्रिकालीन खनन बंद दिखाया जा रहा हो, लेकिन क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि रातभर मशीनों की आवाज और ट्रकों की आवाजाही से अवैध खनन जारी है। जानकारी के अनुसार यमुना खादर में आवंटित खनन पट्टे की आड़ में नियमों की अनदेखी की जा रही है। जिला प्रशासन की बैठकों में कई बार स्पष्ट किया जा चुका है कि रात्रि में किसी भी स्थिति में खनन नहीं होगा और उल्लंघन पाए जाने पर पट्टा निरस्त किया जा सकता है। इसके बावजूद क्षेत्र में रात के समय पोकलेन मशीनों के संचालन और रेत निकासी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में मशीनों और भारी वाहनों की आवाजाही आम बात बन चुकी है। आरोप है कि खनन माफिया नियमों को ताक पर रखकर यमुना से रेत निकाल रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के बजाय मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब लगातार शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही हैं तो प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं क्षेत्रवासियों का आरोप है कि खनन



संबंधी शिकायतें कई बार अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हाल ही में कोताना क्षेत्र में कार्रवाई कर जुमार्ना लगाया गया था, लेकिन छपरौली क्षेत्र में रात्रिकालीन खनन को लेकर अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है।

ओवरलोडिंग का भी खेल रेत परिवहन में ओवरलोडिंग का मामला भी चर्चा में है। आरोप है कि कई ट्रकों की बॉडी नियमों के विपरीत बढ़ाई गई है, जिससे क्षमता से अधिक रेत ढोई जा रही है। खनन स्थल पर कांटा (वजन मापने की मशीन) लगाए जाने का नियम है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश वाहनों का सही तरीके से वजन नहीं किया जाता। यदि परिवहन और खनन विभाग संयुक्त जांच करें तो बड़ी संख्या में वाहन ओवरलोड मिल सकते हैं।

खनन अधिकारी का फोन रहा बंद खनन से संबंधित शिकायतों को लेकर जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो खनन अधिकारी का मोबाइल फोन बंद मिला। ऐसे में शिकायतकताओं को अपनी बात रखने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**उठ रहे सवाल**

क्षेत्र में लगातार उठ रही शिकायतों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि रात्रि में खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है तो रात के समय मशीनों और ट्रकों की गतिविधियां क्यों दिखाई देती हैं? आखिर प्रशासनिक आदेशों का पालन कौन सुनिश्चित करेगा और नियमों के उल्लंघन पर जिम्मेदारों के खिलाफ कब कार्रवाई होगी?

# विश्व हिंदू महासंघ के शिक्षक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने शौकेंद्र खोखर

**समाज जागरण बड़ौत।**

विश्व हिंदू महासंघ के शिक्षक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। चेतनाचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि के 65वें जन्मदिवस पर प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता शौकेंद्र खोखर को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विश्व हिंदू महासंघ के शिक्षक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण सांगठनिक विस्तार हुआ। 19 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतनाचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि जी के 65वें जन्मदिवस, जिसे 'विश्व चेतना दिवस' व 'चेतनोत्सव' के रूप में मनाया गया, पर उन्होंने 'नव वानप्रस्थ' में प्रवेश की घोषणा की।सांगठनिक कार्यों को नई ऊर्जा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित शौकेंद्र खोखर बदरखा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया। वर्तमान में दो शिक्षण संस्थाओं के मार्गदर्शक





मंडल में सेवाएं दे रहे श्री खोखर ने यह दायित्व भरत परंपरा के अनुरूप स्वीकार किया। इस अवसर पर मुख्य मार्गदर्शक चेतनाचार्य कृष्ण विश्रुत पाणि, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साधना चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सोहनवीर सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश शर्मा ने खोखर को सनातन संस्कृति का 'नया सेनापति' बताते हुए माला और पटका पहनाकर स्वागत किया। चेतनाचार्य ने विश्वास जताया कि खोखर के नेतृत्व में प्रकोष्ठ नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि परशुराम प्रखर उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहेंगे और शेष कार्यकारिणी का मनोनयन भी शीघ्र होगा।

महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्षा सरला चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत भोलानाथ, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पुरोहित व हरियाणा प्रभारी अरविंद शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने नए नेतृत्व को शुभ कामनाएं दीं।

# स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने किया शायर कारी तारिक जमाल को सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**

रटौल के रहने वाले मुस्लिम स्कॉलर्स एवं मशहूर शायर कारी तारिक जमाल ने हरिद्वार में सुप्रसिद्ध संत स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज से मुलाकात की। इस मौके पर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने कारी तारिक जमाल को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने कारी तारिक जमाल को जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कारी तारिक जमाल ने गृहमंत्री अमित शाह व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में हिंदू-मुस्लिम एकता और हिंदुस्तान की गंगा- जमुना तहजीब की मिसाल पेश की। तारिक जमाल द्वारा देश व समाज हित में कई रचनात्मक कार्य



किये जा रहे हैं। उनके द्वारा समाज के लोगों को जोड़ा जा रहा है। साथ ही वह सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी कायम कर रहे हैं। हिंदू-मुस्लिम एकता को उनके द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। उनका कहना है कि हम सब एक अल्लाह और एक ईश्वर के बंदे हैं और हमें इस धरती पर लोगों की भलाई करने के लिए भेजा गया है। इसलिए हमें आपस में किसी भी तरह का भेदभाव, ईर्ष्या व मनमुटाव नहीं करना चाहिए और सभी लोगों के सुख-दुख में काम आना चाहिए।

अपने से जिन भी लोगों की जितनी मदद हो सके उतनी करनी चाहिए। कहा कि यही ऐसे कार्य हैं, जिन्हें करने के बाद अल्लाह के दरवाजे तक पहुंचा जा सकता है।

# फतेहपुर पुट्ठी में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू, कलश यात्रा निकाली

## आचार्य बोले-यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है , समाज में सद्भाव बढ़ता है ; जलाधिवास के साथ प्रतिमाओं का पूजन

**समाज जागरण बड़ौत।**

फतेहपुर पुट्ठी गांव में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ गणपति पूजन एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार को सभी प्रतिमाओं का जला धिवास कराया गया। फतेहपुर पुट्ठी में आयोजित शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ गणपति आदि देवताओं के पूजन व कलश यात्रा से हुआ। यज्ञ के आचार्य कपिल धनोरा ने कहा, "यज्ञों वै श्रेष्ठ तमम्‌ कर्मः" यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म होता है। यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है और ईश्वर के प्रति श्रद्धा-



भक्ति बढ़ती है। मंत्रों के द्वारा प्रतिमाओं में दिव्य चेतना का आवाहन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कर्म से समाज में सद्भाव, सेवा और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है। शनिवार को सभी प्रतिमाओं का जलाधिवास कराया गया, क्योंकि जल ही जीवन है। इस अवसर पर मधुसूदन शास्त्री, वरुण शास्त्री व आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने मंत्रोच्चारण किया। यज्ञ के यजमान ग्राम प्रधान मंजू सिंह व उनकी धर्मपत्नी अनीता देवी रहे। कार्यक्रम में सतपाल चौधरी, अलबेल चौधरी, जगत सिंह चौधरी, ऋषि राम सिंह, संजीव कश्यप, मुंशी प्रजापत, कालूराम तोमर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिजिटल रजिस्ट्री योजना के विरोध में बड़ौत तहसील में अधिवक्ताओं का धरना चौथे दिन भी जारी

## 20 जून तक हड़ताल का ऐलान, तहसील में न्यायिक व रजिस्ट्री कार्य ठप; स्टांप विक्रेता-दस्तावेज लेखक भी शामिल

**समाज जागरण बड़ौत ।**

उप निबंधक कार्यालय में लागू की जा रही डिजिटल रजिस्ट्री योजना के विरोध में सिविल बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। धरने पर



बैठे अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए बार अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट व महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने कहा कि यह हड़ताल 20 जून तक जारी रहेगी। हड़ताल के कारण तहसील परिसर में न्यायिक व रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह बंद हैं। अधिवक्ताओं के साथ दस्तावेज लेखक, स्टांप विक्रेता और टाइपिस्ट भी काम नहीं कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक सरकार मांगे पूरी नहीं करेगी, हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ता धरना-प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# 'निर्भय चेतना' अभियान शुरू किया गया: जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक समानता के मुद्दों पर 17.5 लाख से अधिक पुरुष निर्वाचित प्रतिनिधियों को जागरूक एवं संवदेनशील बनाने के लिए

## निर्भया कोष के अंतर्गत यह अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय पहल है जिसके अंतर्गत २८,५०० कुशल प्रशिक्षकों का एक दल विकसित किया जाएगा

पंचायती राज मंत्रालय ने निर्भया निधि परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली में 17 से 19 जून 2026 तक निर्भय चेतना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया । विश्व स्तर पर अपनी तरह के सबसे बड़े अभियान के रूप में मान्यता प्राप्त निर्भय चेतना, महिलाओं से संबंधित मुद्दों, जिनमें महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा शामिल है, के प्रति पुरुषों को संवेदनशील बनाने की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर लैंगिक रूप से संवेदनशील शासन को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा विकसित निर्भय चेतना प्रशिक्षण मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य मुख्य प्रशिक्षकों का एक समूह तैयार करना है जो पंचायती राज संस्थाओं के भीतर लैंगिक समानता, महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और नेतृत्व पर पुरुष निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करेंगे। पायलट बैच में छह राज्यों - असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तराखंड - के लगभग 40 मुख्य प्रशिक्षक शामिल थे और यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विस्तारित होने वाले एक क्रमबद्ध प्रशिक्षण मॉडल की नींव के रूप में कार्य करेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और समान भागीदारी सुनिश्चित किए बिना विकसित भारत की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। उन्होंने जमीनी स्तर पर दृष्टिकोण और व्यवहार में सार्थक परिवर्तन लाने में सक्षम सामाजिक और लोकतांत्रिक परिवर्तन की संस्थाओं के रूप में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। निर्भय चेतना के उद्देश्य पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और अवसरों को विकास के आवश्यक स्तंभों के रूप में स्थापित करके लैंगिक संवेदनशील नेतृत्व को बढ़ावा देना चाहती है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री सुशील कुमार लोहानी ने इस बात पर बल दिया कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना एक सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लैंगिक रूप से संवेदनशील शासन को बढ़ावा देने और महिलाओं और लड़कियों के लिए एक सुरक्षित और अधिक अनुकूल वातावरण बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि निर्भय चेतना का उद्देश्य पुरुष निर्वाचित प्रतिनिधियों में जागरूकता, संवेदनशीलता और जवाबदेही का निर्माण करना है, जिससे वे अपने समुदायों में महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा, नेतृत्व और सशक्तिकरण के लिए नेतृत्व करें। इस कार्यक्रम में लैंगिक मुद्दों की गहन समझ विकसित करने, सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने और लैंगिक रूप से संवेदनशील नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ सत्रों, समूह चचाओं, प्रकरण अध्ययन और अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से सहभागी दृष्टिकोण अपनाया गया।

प्रमुख विषयों में सकारात्मक पुरुषत्व, सामुदायिक सहभागिता और महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और समावेशन को बढ़ावा देने में पंचायतों की भूमिका शामिल थी।

**निर्भय चेतना के बारे में**

निर्भय चेतना, 11 मार्च 2026 को शुरू की गई निर्भय रहो पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें तीन पूरक घटक शामिल हैं। निर्भय नेत्री निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता निर्माण और कानूनी जागरूकता पर केंद्रित है; निर्भय चेतना का उद्देश्य निर्वाचित पुरुष प्रतिनिधियों को लैंगिक समानता और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना है

# अखिल भारतीय आपसी भाईचारा समाज ट्रस्ट ने लगाया रक्तदान शिविर

**समाज जागरण बागपत।**

अखिल भारतीय आपसी भाईचारा समाज ट्रस्ट के कार्यकताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की स्मृति में राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय बडौत में रक्तदान शिविर लगाया। इसमें रक्तदान करने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर बागपत के सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान व एडवोकेट जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर अखिल भारतीय आपसी भाईचारा समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाज सेवी शादाब शाह ने डॉक्टर राजकुमार सांगवान समेत सभी अतिथियो का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। डॉ राजकुमार सांगवान ने रक्तदाताओं को फलों का वितरण किया और उन्हें मेडल पहनाकर तथा उपहार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को बचाने



का अमूल्य उपहार है। आपके रक्त की एक छोटी-सी बूंद किसी मां की दुआ, किसी बच्चे की मुस्कान और किसी परिवार की खुशियां लौटा सकती है। कहा कि सभी को रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाना चाहिए, क्योंकि आपका एक कदम किसी के लिए नई उम्मीद बन सकता है। इस मौके पर रॉयल हेल्पलाइन संस्था के अध्यक्ष नौशाद मलिक, कल्याण भारती सेवा संस्थान के प्रबंध निदेशक गोपीचंद सैनी, हेमचंद जैन हेम्मी, जगेश चौधरी, समीर अहमद, एडवोकेट विकास मलिक, डॉक्टर गौरव चौधरी आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बड़ौत राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की जननी है : चौधरी नीरपाल

**समाज जागरण बागपत।**

छपरौली रोड बड़ौत में चौधरी चरण सिंह इंस्टीट्यूट में प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद खेल प्रकोष्ठ हर समय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए खड़ा



है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि 19 और 20 जुलाई 2026 को खिलाड़ियों का भव्य सेमिनार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सम्मानित किए जाएंगे। अभी 14 जून को भी राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ द्वारा बड़े स्तर पर सहारनपुर में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था।ठीक उसी तरह बड़ौत में भी खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ौत का नाम खेल जगत में बड़े गर्व से लिया जाता है। बड़ौत के खिलाड़ी खास तौर से कुश्ती में बड़े पैमाने पर मेडल जीतकर लाते है। बड़ौत की गौरवशाली धरती पर खिलाड़ियों को खेलो के प्रति प्रेरित करने,उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में मनोज कुमार,राहुल सिंह,आर्यन उज्जवल,अनुज कुमार,दीपक सिंह उपस्थित रहे।

# जब तकनीक कहानीकार का स्थान लेती है: एमआईएफएफ में एआई फिल्में कथाकारिता के नए क्षितिज खोलती हैं

मशीनों से परे, कल्पना की दुनिया में: एमआईएफएफ की एआई फिल्में भविष्य के सिनेमा के मानवीय हृदय को प्रदर्शित करती हैं 19वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) 2026 ने "द एआई फिल्म्स" खंड में प्रदर्शित फिल्मों के साथ सिनेमाई नवाचार की भावना का जश्न मनाया। कहानी कहने, प्रौद्योगिकी और कल्पना के सुस्पष्ट संगम को दशार्ते हुए, चयनित फिल्मों ने दिखाया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली नए रचनात्मक उपकरण के रूप में कार्य करती है, जो दुनिया भर के फिल्म निमार्ताओं को इतिहास, पौराणिक कथाओं, व्यक्तिगत स्मृति और सिनेमाई सीमाओं से परे फैले जटिल आख्यानों की खोज करने में सक्षम बनाती है। चाहे ऐतिहासिक लड़ाइयों की कहानियों को दशार्ना हो, अनोखी एनीमेशन शैलियों का उपयोग करना हो या किसी रचनाकार के सोचने के तरीके को गहराई से समझना हो, इन फिल्मों ने दिखाया कि एआई मानव रचनात्मकता की जगह नहीं ले रहा है। इसने दशार्या है कि यह फिल्म निमार्ताओं को ऐसी कहानियाँ सुनाने का एक शक्तिशाली नया उपकरण प्रदान करता है जिन्हें पारंपरिक तरीकों से बनाना मुश्किल होता। दीपक विजय द्वारा निर्देशित उत्कृष्ट फिल्म "लेजेंड्स - द इटरनल फ्लेम ऑफ मेवाड़" में एक अकेला कवि अरावली पहाड़ियों में गाता है जो बप्पा रावल से लेकर महाराणा प्रताप तक के क्रमिक ऐतिहासिक युगों का वर्णन करते हुए सम्मान से परिभाषित एक राज्य को चित्रित करता है।

लॉरेंट क्लिकेट द्वारा लिखित "द स्क्रीनराइटर" एक तनावपूर्ण रचना है जो एक दबावग्रस्त लेखक के मन में गहराई से उतरती है और रचनात्मक प्रक्रिया के मनोवैज्ञानिक संघर्षों की जांच करने के लिए एक सीमित परिप्रेक्ष्य का उपयोग करती है। जुआन ली का "द स्टार शेफर्ड" एक स्पर्शनीय, फेल्ट-एनीमेशन तकनीक आधारित संगीत वीडियो है जो मलावी में यूनिसेफ की यात्रा से प्रेरित है और बहुत ही शानदार तरीके से दशार्ता है कि कैसे प्यार अजनबियों को एक ही आकाश के नीचे जोड़ता है। पौराणिक कथाओं को पसंद करने वालों के लिए अक्षत वर्मा द्वारा लिखित "किष्किंधाः वन कथा" प्राचीन वानर साम्राज्य के भीतर के भव्य संघर्षों, राजनीति और दुखद यात्राओं को पुनर्जीवित करने के लिए कई पुराणों के शोध पर आधारित है। मुख्य आकर्षणों में से एक ताल्या लोटन की "स्टोनवॉल, द मेकिंग ऑफ" एक गृहयुद्ध जनरल के बारे में एक अधूरी फीचर फिल्म के निर्माण की कहानी बताती है जिसमें साक्षात्कार और सेट पर फिल्माए गए फुटेज को इस तरह मिलाया गया है कि पर्दे के पीछे की रिकॉर्डिंग और मंचित इतिहास के बीच की रेखा पूरी तरह से मिट जाती है।



अन्य फिल्मों में कर्ष झावेरी द्वारा निर्देशित लघु फिल्म "द एक्ट ऑफ किलिंग ड्रीम्स" शामिल थी, जिसमें एक अवास्तविक, चित्रमय परिदृश्य के माध्यम से कलात्मक परंपरा और तकनीकी टकराव का विश्लेषण किया गया था जहां दिग्गज शुद्धतावादी निर्देशक उभरते एआई रचनाकारों को चुनौती देते हैं। जर्मनी की फिल्म "द सिनेमा दैट नेवर वाज", जिसे मार्क वाचहोल्ज ने निर्देशित किया था अनुपस्थिति पर एक मध्यस्थ के रूप में कार्य करती है जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर एक नयी सामग्री का उपयोग करके समय या नष्ट हो चुकी स्क्रिप्ट, रीलों और फिल्म इतिहास की यादों को ताजा किया गया है। राजेश भाटिया और भरत अरोरा द्वारा निर्देशित "द इको मॉनेस्ट्री" में एक शोकग्रस्त लद्दाखी महिला की स्मृति और मौन का सामना करने के लिए गहरे पहाड़ों की यात्रा को दशार्या गया है। वहीं समरेश श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित एआई-आधारित

जीवनीपरक एनीमेशन "द लीजेंड ऑफ बिरसा मुंडा" ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ ऐतिहासिक उल्गुलान प्रतिरोध को पुनर्जीवित करके स्वदेशी आवाजों के लचीलेपन को सशक्त श्रद्धांजलि दी। इन फिल्मों ने मिलकर एमआईएफएफ में फिल्म प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण के भविष्य की एक उल्लेखनीय झलक पेश की है और यह साबित किया है कि जब फिल्मों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास दिन-प्रतिदिन हो रहा है तो प्राप्त परिणाम गहन मानवीय कहानियों को जीवंत रूप से चित्रित कर सकते हैं।

# तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के तहत जनपद की तीनों तहसीलों में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील ऊन सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम आलोक यादव ने की। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। भूमि संबंधी मामलों में संयुक्त टीम के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। इस अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए विशेष जनसेवा शिविर भी लगाए गए। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान भारत योजना समेत विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण और समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ऊन तहसील में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। इनमें पांच पेंशन, आठ राशन कार्ड और दो स्वास्थ्य विभाग से



संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। डीएम ने समस्याओं का समाधान में लापरवाही बरते जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। इस दौरान एसपी एनपी सिंह, एसडीएम विनय कुमार मौजूद रहे। उधर, तहसील शामली में एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 30 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं तहसील कैराना में मुख्य विकास अधिकारी बृजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# शादी समारोह में मारपीट, भाजपा जिला मंत्री व सभासद घायल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)देर रात्रि शादी समारोह के दौरान मामूली कहासुनी के बाद विवाद खडा हो गया। विवाद में दोनों पक्षों में हुई मारपीट की घटना में भाजपा जिला मंत्री व सभासद अनिल उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हुए है। बताया जाता है कि लाईसेंसी पिस्टल की बट मारकर उनको घायल किया गया है। जिसके बाद उनके हाथ का ऑपरेशन हुआ। हालांकि पुलिस को अभी कोई तहरीर नही दी गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित सिटी ग्रीन बारातघर में एक शादी समारोह का आयोजन किया गया। शादी समारोह में दौरान वर और वधु पक्ष के कुछ लोगों में कहासुनी हो गई, जो इतनी बढी कि मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट की घटना में बीच बचाव करा रहे भाजपा जिला मंत्री और वार्ड सभासद अनिल उपाध्याय पर भी हमला बोल दिया गया और एक युवक ने अपनी लाईसेंसी पिस्टल की बट मारकर उनके हाथ की ऊंगली पूरी तरह से तोड दी गई। जिसके बाद हडकंप मच गया और गणमान्य लोगों ने मामला को शांत कराया गया। हादसे में घायल सभासद को झिंझाना के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनके हाथ की फेक्चर ऊंगली का ऑपरेशन भी कराया गया। जिसके बाद उनको छुट्टी दे दी गई। शनिवार को दोनों पक्षों में समझोते का प्रयास चल रहा था और पुलिस को देर शाम तक कोई लिखित शिकायत नही की गई थी।

## मिठाई एवं घेवर फैक्ट्री से प्रदूषण फैक्ट्री से प्रदूषण फैलाने का आरोप

**समाज जागरण शामली।**

शहर के मोहल्ला पंसारियान मोहल्ले के निवासियों ने एक मिठाई एवं घेवर निर्माण फैक्ट्री से प्रदूषण फैलने का आरोप लगाते हुए एडीएम को को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्लावासियों की ओर से राशिद मलिक, जब्बार, सराज समेत अन्य लोगों ने दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि क्षेत्र में संचालित सोनू की पेठा मिठाई एवं घेवर फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उनका कहना है कि फैक्ट्री की चिमनियों से दिन-रात धुआं एवं हानिकारक गैसें निकलती हैं, जिससे क्षेत्र की हवा दूषित हो रही है। प्रदूषण के कारण बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लावासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार फैक्ट्री संचालक से आबादी क्षेत्र से बाहर फैक्ट्री स्थापित करने का अनुरोध किया, लेकिन उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मोहल्लावासियों ने एडीएम से मामले की जांच कराकर प्रदूषण की समस्या का समाधान कराने तथा जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## 21 से 29 जून तक होगा श्री राम कथा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के हनुमान धाम पर श्री राम लखन सेवा समिति द्वारा आगामी 21 से 29 जून तक श्री राम कथा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उत्तराखंड से पधारे कथा व्यास दीपक महाराज श्रद्धालुओं को कथा सुनायेगे। शनिवार को शामली के हनुमान धाम पर श्रीराम लखन सेवा समिति के अध्यक्ष राजकमल मित्तल व उपाध्यक्ष सचिन जैन भगतजी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 से 29 जून तक श्री राम कथा का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन हनुमान धाम से कलश यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए संपन्न होगी। कथा साढे 3 बजे से शाम साढे 6 बजे तक होगी। जिसमें मुख्य यजमान राजकुमार तायल, अवनीश संगल, मनोज गोयल, शिवकुमार तायल, अजय गर्ग, अशोक गोयल,



सचिन मित्तल, संजय ऐरन, सक्षम संगल रहेगें। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रसन्न चौधरी व चेयरमैन अरविन्द संगल होगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, विजय कौशिक, विनोद गर्ग, अखिल बंसल, राजीव, प्रमेश तायल रहेगे। उन्होने बताया कि कथा में श्री हरिकृपा ट्रस्ट, भारतीय विद्यार्थी संगम, सर्व सेवा सम्मान समिति, भारत विकास

परिषद समर्पण, श्री श्याम मित्र परिवार, बांके बिहारी पालकी यात्रा व अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली का सहयोग रहेगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र बंसल, संजय त्यागी, संदीप मित्तल, राधेश्यामसंगल, विजय गोयल मौजूद रहे।

## पशु क्रूरता का फरार आरोपी गिरफ्तार,पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में पशुओं से क्रूरता के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया की विगत 15 अक्टूबर 2025 को क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पुलिस एलम के निकट चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें पशुओं को क्रूरतापूर्वक




ठूंसकर भरा गया था। पुलिस कार्रवाई के दौरान ट्रक में सवार आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। मामले में थाने पर पशु क्रूरता अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी धीरज पुत्र रामपाल निवासी ग्राम रसूलाबाद, थाना बिशुनगढ़, जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी के अनुसार, इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी जियालाल को पूर्व में 16 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। और आगे की करवाई जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

**समाज जागरण शामली।**

शहर के दिल्ली रोड स्थित गांव लिलौन के निकट कैराना के मोहल्ला बिसातियान निवासी 27 वर्षीय रवि पुत्र ओमपाल बाइक से बागपत जनपद के खेकड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। बताया गया कि क्षेत्र के बलवा बाइपास के पास से वह किसी कार्यवश शामली की ओर मुड़ गया। जहां गांव लिलौन स्थित नशा मुक्ति आश्रम के निकट उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने रवि को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि कैराना स्थित सीजेएम कोर्ट में कार्यरत था। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी। पुलिस ने दोनों हादसों में मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, दो लोग गंभीर घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



शामली निवासी राजेश कुमार बागपत स्थित एक शुगर मिल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। वह ड्यूटी समाप्त करने के बाद स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित जसाला पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी भूपेंद्र सिंह बाइक से शामली किसी कार्य से गए थे। वापस लौटते समय खंद्रावली चौकी के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## सीआरपीएफ के जवान का कैंसर से निधन,गांव में छाया मातम

### - -गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ अंतिम संस्कार , नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी सीआरपीएफ के जवान का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के एक्शाईन कैंसर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। जवान के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र चौहान पुत्र नकली सिंह वर्ष 2003 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह हरियाणा के सोनीपत में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। करीब एक माह पूर्व उनकी तबीयत बिगड़ने पर जांच कराई गई,



जिसमें कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद उनका उपचार दिल्ली स्थित एक्शाईन कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली में चल रहा था। काफी समय तक बीमारी से जूझने के बाद शुक्रवार देर रात उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। जवान के निधन की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल छा गया। शनिवार को सीआरपीएफ के जवानों द्वारा उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। गमगीन माहौल में लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, नरेंद्र चौहान तेरा नाम रहेगा जैसे नारों के साथ अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके बाद सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में उनके पुत्र अक्षय चौहान ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे, जिनकी आंखें अपने वीर जवान को विदा करते समय नम हो गईं।

## कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के तहत 27 जून को होंगे साक्षात्कार

**समाज जागरण**

शामली। प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत वन स्टॉप शॉप संचालकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चयन समिति द्वारा पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 27 जून को विकास भवन सभागार में आयोजित किए जाएंगे। उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने बताया कि सीडीओ के अनुमोदन के अनुपालन में वन स्टॉप शॉप संचालकों के चयन के लिए गठित चयन समिति की बैठक एवं साक्षात्कार कार्यक्रम 27 जून को विकास भवन स्थित सभागार में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार का समय दोपहर 3:30 बजे निर्धारित किया गया है।

## अफकार इंडिया फाउंडेशन ने किया कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से नगर के राणा पैलेस में युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं युवा विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं शैक्षणिक विषयों के आधार पर सही करियर चयन, उच्च शिक्षा और रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में यासमीन ने संस्था की सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने पीसीएम, पीसीबी, कॉमर्स और आर्ट्स वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स, कॉलेजों एवं प्रवेश प्रक्रिया की




जानकारी दी।बिलाल अहमद ने अफकार रिसोर्स सेंटर की उपयोगिता बताई, जबकि रिजवान सैफी ने सोशल वर्क के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं से अवगत कराया। नदीम एवं अदनान ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और संवाद कौशल के महत्व के बारे में जानकारी दी।अंत में आबिद मजीदी ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं टीम सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मास्टर जुबैर, मास्टर शादाब, मुनव्वर मजाहिरी, चौधरी मिन्ना सहित अफकार इंडिया फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

## कैंटर चालक से मारपीट कर चार हजार रुपये वसूलने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर एक कैंटर चालक के साथ बाइक सवार दो युवकों द्वारा मारपीट करने और जबरन चार हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत निवासी कर्मवीर ने बताया कि वह कैंटर लेकर बुढ़ाना की ओर से अपने घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह कांधला-बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचा, तभी बाइक सवार दो युवकों ने शराब के नशे में उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी।पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे जबरन बाइक पर बैठाकर अपने गांव ले गए, जहां उससे धमकाकर चार हजार रुपये वसूल लिए। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर उसने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मन्त्राज विक्टरी डांस एकेडमी में आयोजित समर कैंप का समापन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के नया बाजार स्थित मंत्राज विक्टरी डांस एकेडमी में आयोजित समर कैंप का समापन हो गया। इस दौरान बच्चों के लिए डेंटल चेकअप शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को अपने दांतों की देखभाल



रखने के प्रति जागरूक किया। शनिवार को शहर के नया बाजार स्थित मंत्राज विक्टरी डांस एकेडमी में आयोजित समर कैंप के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेविका शशि अरोरा ने किया। इस दौरान आयोजित डेंटल चेकअप शिविर में दंत चिकित्सक डा. शिवा अरोरा ने बच्चों के दांतों का चेकअप किया और उनको उनको स्वस्थ्य दांतों के प्रति जागरूक किया। कैंप के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट और योगा का प्रशिक्षण दिया गया। बाद में समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शशि अरोरा, अविराज, नीरज, शाबाज, सुप्रिया आदि मौजूद रहे।

## एमआईएफएफ 2026 मास्टरक्लास में संजीव सिवन ने कहा:
## फिल्म निमार्ता का सबसे बड़ा उपकरण कैमरा नहीं, बल्कि जिज्ञासा है

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता और डॉक्यूमेंट्री फिल्मकार श्री संजीव सिवन ने शुक्रवार को 19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) में सामाजिक प्रचार-प्रसार का सिनेमा: मुद्दों को कहानी में बदलना और उन्हें सामने लाना विषय पर मास्टरक्लास देते हुए उभरते कहानीकारों से कहा कि वे टेक्नोलॉजी से अधिक जिज्ञासा को महत्व दें। महोत्सव की चल रही मास्टरक्लास सीरीज के तहत आयोजित इस कार्यशाला में, सिवन ने प्रतिभागियों को दिखाया कि असल ज़िंदगी के मुद्दों को असरदार फि ल्मी कहानियों में कैसे बदला जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अपने करियर में बनाई 75 से अधिक डॉक्यूमेंट्री, 30 से ज्यादा शॉर्ट फि ल्मों और कई फीचर फि ल्मों के उदाहरण दिए। सिवन ने कहा, "मुझे लगता है कि आपके लिए सबसे जरूरी कैमरे नहीं, बल्कि जिज्ञासा होनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि शानदार कहानियां महंगे उपकरणों से नहीं, बल्कि लोगों को देखने-समझने, रिसर्च करने और उनसे सच्चे जुड़ाव से बनती हैं।

## बिजली घर की 33 केवी लाइन से 560 मीटर तार चोरी, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित बिजली घर पर आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन की करीब 560 मीटर तार को चोर काटकर ले गए। घटना के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गंगेरू बिजली घर पर तैनात जैई किशोर कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लाइनमैन यशवीर को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि इस्सोपुर टील बिजली घर तक आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन की तार काट ली गई है। सूचना मिलने पर विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो करीब 560 मीटर तार गायब मिली। चोरी के कारण आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। विद्युत तार चोरी होने की घटना से ग्रामीणों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। विद्युत विभाग ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि विभाग की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अष्टलक्ष्मी - भारत की विकास गाथा के केंद्र में स्थित पूर्वोत्तर

पिछले बारह वर्षों में, पूर्वोत्तर के विकास परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव आया है। यह परिवर्तन निरंतर नीतिगत समर्थन, बुनियादी ढांचे के विस्तार और समावेशी विकास पहल के कारण संभव हुआ है। बेहतर सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भौगोलिक दूरियों को कम किया है। इसने क्षेत्रीय एकीकरण और आर्थिक पहुंच को भी मजबूत किया है। साथ ही, जल, स्वच्छता, आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच में हुई महत्वपूर्ण प्रगति ने जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। ये सुधार शहरी और ग्रामीण दोनों समुदायों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। यह क्षेत्र भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और एक्ट ईस्ट विजन का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरा है। इस बदलाव को जलविद्युत, गैस अवसंरचना और सीमा पार कनेक्टिविटी में निवेश का समर्थन प्राप्त है। ये सभी प्रयास मिलकर अष्टलक्ष्मी को विकसित भारत के भीतर सतत और समावेशी विकास के एक आदर्श के रूप में स्थापित करते हैं।

### बदलाव के केंद्र में पूर्वोत्तर

जहां पहाड़ बादलों को छूते हैं और नदियां संगीत, कला और साहित्य को प्रेरित करती हैं, भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र संभावनाओं की कहानी कहता है। आठ अलग-अलग राज्यों का घर, यह क्षेत्र सामूहिक रूप से "अष्टलक्ष्मी" के नाम से जाना जाता है। भारतीय परंपरा में, देवी लक्ष्मी सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक हैं। उनके आठ अलग-अलग रूप या अभिव्यक्तियां हैं, जो समृद्धि के विभिन्न पहलुओं या स्रोतों का प्रतिनिधित्व करती हैं। सामूहिक रूप से इन्हें अष्टलक्ष्मी के नाम से जाना जाता है। इसी भावना के साथ, पूर्वोत्तर राज्यों में से प्रत्येक की अपनी विशिष्ट समृद्धि और विविधता है। ये सभी मिलकर "अष्टलक्ष्मी" बन जाते हैं, जो देश की समृद्धि और खुशहाली का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम मिलकर इस जीवंत क्षेत्र का निर्माण करते हैं। अपनी रणनीतिक स्थिति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के विकास की गाथा में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

पिछले बारह वर्षों में, इस क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। कभी दूरस्थ और एकांत माने जाने वाला यह इलाका अब सुगम्यता, संपर्क और बढ़ते अवसरों से समृद्ध हो गया है। सड़कें दूर-दूर तक फैल रही हैं, रेल लाइनें विस्तृत हो रही हैं, और हवाई अड्डे और जलमार्ग नए मार्ग खोल रहे हैं। बेहतर परिवहन अवसंरचना ने जल, आवास, स्वच्छता, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक बेहतर पहुंच प्रदान की है। लक्षित समर्थन और मजबूत बाजार संबंधों के माध्यम से कृषि और ग्रामीण आजीविका को गति मिली है। हर कदम पर, प्रगति समावेशी, उत्तरदायी और स्थानीय वास्तविकताओं पर आधारित रही है। 2014 से निरंतर नीतिगत समर्थन के मार्गदर्शन में, यह यात्रा एक स्पष्ट और संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ती है। विकास पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता, संसाधन दक्षता और दीर्घकालिक स्थिरता के अनुरूप है। अष्टलक्ष्मी आज एक अधिक संयोजित, सक्षम और समावेशी विकसित भारत के केंद्र में स्थित है।

### पूर्वोत्तर के लिए समर्पित नीतिगत प्रयास

पिछले एक दशक में, पूर्वोत्तर में विकास को लक्षित नीतिगत अवसंरचना द्वारा समर्थन दिया गया है। यह दृष्टिकोण समर्पित योजनाओं और वित्तीय सहायता को जोड़ता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि विकास क्षेत्र-विशिष्ट और परिणाम-उन्मुख दोनों हो। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (MDoNER) आठ पूर्वोत्तर राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। यह सहायता पांच केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के माध्यम से दी जा रही है। कुल 3,746 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से 2,730 परियोजनाएं 27,963 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृत लागत पर पूरी हो चुकी हैं। लक्षित अवसंरचना और सामाजिक विकास पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (PM-DevINE) एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है जिसका उद्देश्य उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के माध्यम से विकास को गति देना है। यह पूरी तरह से केंद्र द्वारा वित्त पोषित योजना है, जिसका 2022-23 से 2025-26 तक का बजट 6,600 करोड़ रुपये है। PM-DevINE योजना के तहत अवसंरचना, आजीविका, सामाजिक विकास और विकास संबंधी कमियों को दूर करने से संबंधित 48 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें से 3 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जिनमें एक उत्कृष्टता केंद्र और यात्री रोपवे प्रणाली शामिल हैं।

### NESIDS – सड़कें

पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (NESIDS) - सड़क परियोजना 2017-18 में शुरू की गई थी और इसे मार्च 2026 तक बढ़ाया गया। यह योजना दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार लाने और बाजार संपर्क को मजबूत करने वाली परियोजनाओं पर केंद्रित है। यह सामरिक और सुरक्षा महत्व की परियोजनाओं का भी समर्थन करती है। केवल वे प्रस्ताव वित्तपोषण के पात्र हैं जो सड़कों, पुलों और सहायक अवसंरचना जैसी भौतिक संपत्तियों का निर्माण करते हैं। सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 70 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि NESIDS - सड़क योजना के तहत 57 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं।

### NESIDS – सड़क अवसंरचना के अलावा (OTRI)

सड़क अवसंरचना के अलावा अन्य अवसंरचना (OTRI) NESIDS केंद्रीय क्षेत्र योजना का एक प्रमुख घटक है। यह योजना पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों को अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। विभिन्न क्षेत्रों में 1,234 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इनमें प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, जल आपूर्ति, सड़कें और पुल आदि शामिल हैं। ठएरक्ळ - सड़क अवसंरचना के अलावा अन्य अवसंरचना के तहत 376 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं।

### पूर्वोत्तर परिषद की योजनाएं (NEC)

पूर्वोत्तर परिषद (NEC) पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है। NEC के अंतर्गत योजनाओं का उद्देश्य समग्र विकास को बढ़ावा देना है। परियोजनाओं का चयन संबंधित राज्य सरकारों के समन्वय से किया जाता है।

# विश्व योग दिवस पर 3 दिवसीय अभियान का आगाज

## सर्वश्रेष्ठ 20 योगियों को प्रमाण पत्र से दिया जाएगा सम्मान: अशोक भारद्वाज

### हर घर योग के लिए महिलाओं और युवतियों को किया प्रेरित

**दैनिक समाज जागरण,
जिला संवाददाता।
( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी, 20 जून। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा माय युवा भारत केंद्र के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा 21 जून विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत हर घर योग अभ्यास अभियान चलाकर लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि योग का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। स्वस्थ शरीर और संतुलित जीवन के लिए नियमित योग और प्राणायाम आवश यक हैं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ह्यएक पेड़ मां के नाम एवं हर घर हरियाली थीम-2026 की ब्रांड एंबेसडर आरोही ने हर घर योग का प्रदर्शन करते हुए लोगों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है, क्योंकि योग हमारे अनेक रोगों को दूर करने में सहायक है। इस दौरान उन्होंने अष्टादश गीता श्लोक का उच्चारण करते हुए 18 मिनट का योग अभ्यास भी किया।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज एवं योग सहयोगी नव्या भारद्वाज ने बताया कि 6 वर्ष से 50 वर्ष तक की बालिकाएं, युवतियां और महिलाएं अपने घर पर योग करते हुए फोटो लेकर 21 जून को सुबह 11 बजे तक व्हाट्सएप नंबर 9354254709 पर भेज सकती हैं। प्राप्त प्रविष्टियों में से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप-20 योगियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में भाग लेकर विश्व योग दिवस को जनआंदोलन बनाने की अपील की

# खेल के साथ साथ योग अभ्यास भी जरूरी: अशोक भारद्वाज

### ओवर की आखरी बोल पर किया 177 का टारगेट पूरा अशोक कुमार को मिला मैंन ऑफ द मैच का खिताब

**दैनिक समाज जागरण,
जिला संवाददाता।
( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। विश्व योग दिवस पर सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति द्वारा टी 20 मुकाबला मीडिया इलेवन और बाला जी कोचिंग सेंटर टीम के बीच रहा। इस टी 20 मुकाबले में। योग पर फोकस किया गया और खेल व योग के माध्यम से स्वास्थ्य पर बल दिया गया। ढाणा नरसान के क्रिकेट ग्राउंड की पिच पर यह एक दिवसीय टी 20 मुकाबला रहा। । इससे पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने योग के लिए प्रोत्साहित किया।

जिसमें कोचिंग सेंटर की टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। इस दौरान मीडिया एकादश की टीम ने तेज गेंदबाजी का सामना करते हुए बाला कोचिंग सेंटर टीम के ओपनर को तोड़ने की कोशिश कि, लेकिन 10 ओवर तक कामयाबी नहीं मिली, इसके बाद मीडिया टीम के मीडियम फास्ट बोलर अशोक कुमार ने तेज गेंदबाजी करते कोचिंग टीम की मजबूत जोड़ी की गुल्ली उखाड़ दी, दो विकट लेकर मैच की बाजी बदल गई। इस दौर में कोचिंग सेंटर की टीम 90रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर चुकी थी, इसके बाद बोलर जॉनी कुमार ने सेंटर एक और मजबूत विकेट गिरा दी । इस दौरान कोचिंग की टीम के खिलाड़ी दीपक, कपिल, जॉनी, सुशांत, पंकज बंटी ने बल्लेबाजी करते हुए 177रनो का टारगेट मीडिया के सामने रख दिया।

जवाब में खेलते हुए मीडिया टीम के खिलाड़ी नवीन कुमार , दीपक, जगबीर दुग्गल, सुंदर कुमार, अभय कुमार , जॉनी, नवजोत, दीपक , अशोक कुमार ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। जिसके चलते आखरी ओवर में मीडिया को 10 रन की जरूरत जीत के लिये थी, जिसके चलते मीडिया टीम के खिलाड़ी अशोक कुमार ने ओवर की तीसरी व चौथी बोल पर लगातार दो चौके जड़ दिए,एक बोल खाली होने पर मामला बराबर पर जा पहुंचा और अंतिम बोल में जीत के लिए एक रन की जरूरत थी, जिसपर अशोक ने अच्छा गैपियर शॉट लगा जीत का एक रन लेकर मीडिया टीम की जीत दर्ज करवा दी। बेहतरीन बोलिंग बल्लेबाजी करने पर अशोक कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि खेल भी अपने आप में योग है , योग और खेल दोनों अपने आप में एक दूसरे के पूरक हैं, हमें व्यस्त समय से दोनों के लिए समय निकालना चाहिए। जिससे हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा। उन्होंने कहा कि माय युवा भारत केंद्र व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा योग पर बल दिया जा रहा है, जिसके मार्गदर्शन में हमारी संस्था तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत योग के प्रति जागरूक कर रही है।

# वेयर हाउस से 183 गेहूं के कट्टों की चोरी का पदार्फाश, चार आरोपी गिरफ्तार ।

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवली(सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार संपत्ति विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर थाना सिरसा की जे.जे. कॉलोनी पुलिस चौकी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वेयर हाउस माल गोदाम से 183 गेहूं के कट्टों की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वेयर हाउस में इंचार्ज के पद पर तैनात विरेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि मई माह में कुल 3031 गेहूं के बैग गोदाम में भंडारण के लिए रखे गए थे। बीती 17 जून 2026 को जब गोदाम में रखे गेहूं के बैगों की जांच की गई तो उसमें से 183 बैग कम पाए गए। प्रारंभिक जांच में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने की आशंका जताई गई, जिसके आधार पर थाना शहर सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान जे.जे. कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम को महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल चार आरोपियों को जे.जे. कॉलोनी क्षेत्र से काबू कर लिया।



गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल पुत्र राजकुमार,सोनू उर्फ जय सिंह पुत्र पोला राम निवासियान प्रेम नगर सिरसा,सुरजीत कुमार पुत्र नागेशवर निवासी शमशाबाद पट्टी सिरसा व सन्नी कुमार पुत्र जीत लाल निवासी हाउसिंग बोर्ड.कालोनी सिरसा के रुप में हुई है । पूछताछ में चारों आरोपियों ने वेयर हाउस से 183 गेहूं के कट्टे चोरी करने की बात स्वीकार की है । पूछताछ में आरोपियों ने यह बात भी कबूल की है की वेयर हाउस से काफी लंबे समय से गेंहू चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और उस गेंहू को बाजार में बेच देते थे । पुलिस ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है तथा उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान चोरी किए गए गेहूं के कट्टों की बरामदगी के लिए निशानदेही करवाई जाएगी। साथ ही यह भी संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है ।सिरसा पुलिस ने

आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# छात्रों के बीच चाकूबाजी, एक छात्र की मौत दुसरा घायल

**समाज जागरण**

तिल्दा नेवरा :- सासाहोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के दो छात्र की आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें एक छात्र की मृत्यु हो गई एवं दूसरा छात्र घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 11 से 12 बजे के बीच स्कूल की छुट्टी के पश्चात स्कूल भवन से निकलकर सभी छात्र घर वापसी के लिए जा रहे थे इसी दौरान किसी बात को लेकर दो छात्रों के बीच विवाद हो गया देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा की एक छात्रा ने अपने पास रखे सब्जी काटने वाले चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया , वही चाकू लगने वाले छात्र ने चाकू छीन कर चाकू मारने वाले के ऊपर वार कर दिया ,जिससे एक छात्र की मृत्यु हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल छात्र को सासाहोली स्थित मिशन अस्प ताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया




गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । पुलिस ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी है ।दोपहर में फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किये जाने की बात बताई गई है। उक्त मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों छात्र पिछले वर्ष नवमी कक्षा में पढ़ते थे जहां किसी बात को लेकर उन दोनों में आपसी रंजीश की आशंका जताई जा रही है । वर्तमान में दोनों छात्र कक्षा दसवीं के विद्यार्थी हैं आपसी रंजिश की आशंका के चलते शुक्रवार को दोनों का विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिससे इतनी बड़ी घटना घट गई । दोनों छात्रों के परिवारों में रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं की जांच कर रही है आखिर किस वजह से दोनों छात्र एक दूसरे के साथ इतनी दुश्मनी कैसे हो गई ।इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही मिल सकेगा।

# मढ़ी में गौरी गणेश इस्पात विस्तार के लिए जनसुनवाई संपन्न

## ग्रामीणों ने बेबाकी से रखी बात, प्लांट प्रबंधन ने मांगो पर जताया सहमति

**समाज जागरण**



तिल्दा। तिल्दा समीपस्थ ग्राम खपरी मढ़ी में पूर्व से स्थापित गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित विस्तार के लिए गुरुवार को पर्यावरण जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में मढ़ी, खपरी, कोदवा, जांजगीरा, खमहरिया, रायखेड़ा सहित तिल्दा क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कंपनी के विस्तार को लेकर अपनी बात रखी। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की राय बंटी हुई नजर आई। एक ओर जहां ग्रामीणों ने प्लांट विस्तार का विरोध करते हुए कहा कि संयंत्र के नजदीक स्कूल संचालित हो रहा है जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। साथ ही गांव की सड़कों की वर्तमान क्षमता भारी वाहनों का दबाव सहने लायक नहीं है। ग्रामीणों का कहना था कि विस्तार के बाद भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी जिससे सड़कें जल्दी खराब होंगी और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ेगा।

वहीं दूसरी ओर मढ़ी ग्राम पंचायत के पंचों ने कंपनी विस्तार का समर्थन किया। पंचों ने कहा कि प्लांट के विस्तार से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और गांव का विकास तेज होगा। सरपंच प्रतिनिधि व उपसरपंच राकेश ने भी जनसुनवाई में कहा कि यदि प्लांट प्रबंधन गांव में बुनियादी विकास कार्यों जैसे सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सहमति देता है तो वे विस्तार का समर्थन करते हैं।

जनसुनवाई में पहुंचे युवाओं ने भी स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग प्रबंधन के सामने रखी शिक्षा के आधार पर उच्च पदों पर भी स्थानीय ग्रामीणों को रखने की मांग रखी वही प्लांट प्रबंधन ने मांग पर सहमति जताई जिसके बाद युवाओं ने समर्थन जताया यह महत्वपूर्ण जनसुनवाई क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी प्रकाश रावडे और एडीएम उमाशंकर बदे की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस दौरान एडीएम पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी।

अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सभी विरोध और सुझावों को नोट किया। वही प्लांट प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिलाते हुए मांगों को पूरी करने की सहमति जताई

# एमआई एफएफ 2026 में उम्मीद, खुद को अपनाने और भावनात्मक स्वास्थ्य का संदेश लेकर आई लघु फि ल्म 'गुदगुदी'

19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फि ल्म महोत्सव में हिंदी लघु फि ल्म गुदगुदी का शुक्रवार (19 जून, 2026) को एशिया प्रीमियर हुआ। 21 मिनट की यह हिंदी लघु फि क्शन फि ल्म मनीषा मकवाना के निर्देशन में बनी पहली फि ल्म है। फि ल्म के भव्य प्रीमियर पर एनएफडीसी ने निर्देशक, निमार्ता हर्षवर्धन पटेल, मुख्य कलाकार एहसास चन्ना और हदांश पारेख और अन्य क्रू मेंबर्स को सम्मानित किया। फिल्म की भव्य स्क्रीनिंग से पहले, निर्देशक मनीषा मकवाना और निमार्ता हर्षवर्धन पटेल ने फेस्टिवल में मीडिया से बातचीत की और फि ल्म के बनने, इसके विषयों और महोत्सव की यात्रा के बारे में जानकारी साझा की। फिल्म के नाम गुदगुदी का महत्व बताते हुए मनीषा मकवाना ने कहा कि यह खुशी और उम्मीद की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "फि ल्म का समापन बच्चे के किरदार आरव के ये कहने के साथ होता है कि उसे अपने दिल में 'गुदगुदी' महसूस हो रही है। यही भावना कहानी के सार को दशार्ती है।" रेड कार्पेट पर निर्देशक मनीषा मकवाना ने कहा, "यह मेरे दिल के बहुत करीब है और मुझे उम्मीद है कि फि ल्म देखने पर हर किसी को गुदगुदी का अहसास कराएगी।" इसके बाद इस लघु फि ल्म की स्क्रीनिंग हुई।

यह फि ल्म रितु नाम की एक युवा महिला की कहानी है, जो एक एम्यूजमेंट पार्क में मैस्कॉट के तौर पर काम करती है। अपने काम को लेकर शर्मिंदगी और निजी ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबी रितु, अपनी अहमियत को लेकर उलझन में रहती है। आरव नाम के एक बच्चे के साथ बातचीत के बाद, वह अपनी ज़िंदगी और काम को एक नए नजरिए से देखने लगती है। निर्देशक के मुताबिक, मैस्कॉट की पोशाक एक तरह के फि ल्टर का काम करती है, जो रितु की असली भावनाओं और अंदरूनी संघर्षों को दुनिया से छिपाए रखती है। गुदगुदी का मुख्य किरदार रितु सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि यह हर मध्यम वर्ग के बच्चे की कहानी है। आरव नाम का एक छोटा लड़का, जो उसकी पोशाक के पीछे छिपी रितु को देख पाता है, उसके साथ उसका शांत रिश्ता फिल्म का भावनात्मक केंद्र बन जाता है और धीरे-धीरे उसकी आवाज को वापस बाहर लाता है।




निर्देशक की बारीकी 'हाई-एंगल शॉट्स' के इस्तेमाल में दिखती है, जो रितु की घटती हुई आत्म-छवि को दिखाते हैं, जबकि एक-दूसरे पर चढ़ते और अस्त-व्यस्त दृश्य उसके अंदर की उथल-पुथल को दशार्ते हैं। एक दिलचस्प बदलाव के तौर पर, आम तौर पर बिना आवाज वाला मैस्कॉट सिर्फ. 'वॉयसओवर' में बोलता है, जिससे उसके बाहरी मुखौटे और निजी कमजोरी के बीच का फर्क और गहरा हो जाता है। आखिरकार रितु, आरव के सामने अपना मैस्कॉट वाला सिर हटाती है, वही आरव जिसने उसे सच में देखा है, असलियत में भी और भावना त्मक रूप से भी। फि ल्म एक खुले अंत के साथ खत्म होती है और दर्शकों को संदेश देती है कि वे अपनी गुदगुदी खोजें, जो उम्मीद और खुशी का प्रतीक है और उस खुशी को फिर से पाने के अपने-अपने नजरिए को अपनाने का न्योता देती है। अंत में, फि ल्म असल ज़िंदगी के मैस्कॉट्स की कड़ी मेहनत की तारीफ करते हुए उन्हें खास तौर पर धन्यवाद देती है। गुदगुदी की स्क्रिप्ट को साहसी बताते हुए निर्देशक ने कहा कि इसकी कहानी उनके अपने निजी अनुभवों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, "रितु और आरव का सफर दिखाता है कि कभी-कभी अपने भावनाओं के बोझ को उतार देना ठीक है। यह फि ल्म दर्शकों में उम्मीद जगाती है और लोगों को अपने करीबियों से खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करती है।"

फि ल्म के डायलॉग्स में गुजराती लहजा है, जिससे निर्देशक का निजी जुड़ाव भी इसमें झलकता है, जैसा कि उन्होंने कहा, यह फि ल्म उनके अपने निजी अनुभवों पर आधारित है। इस फि ल्म की शूटिंग अहमदाबाद के बाल वाटिका पार्क में हुई थी और इसमें कई ऐसे सरल से पल और उसी वक्त किए गए सुधार शामिल हैं, जो शूटिंग के दौरान अपने-आप सामने आए। निर्देशक ने फि ल्म के सबसे असरदार पल के तौर पर उस सीन का ज़िक्र किया, जिसमें रितु आखिरकार अपनी ज़िंदगी को जैसा है, वैसा ही अपना लेती है और आजादी का एहसास करती है। फि ल्म के मुख्य संदेश पर बात करते हुए निमार्ता हर्ष पटेल ने लोगों से अपने अंदर की दुनिया पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा, "लोगों को भरोसेमंद दोस्तों और परिवार के सदस्यों से खुलकर बात करनी चाहिए। भावनात्मक तौर पर स्वस्थ होने की शुरूआत ईमानदार बातचीत से होती है।" लीड रोल के लिए अभिनेत्री एहसास चन्ना को लेने पर निर्देशक मनीषा मकवाना ने कहा कि स्क्रिप्ट उन्हें ही ध्यान में रखकर ही लिखी गई थी। उन्होंने कहा, "एहसास उन कलाकारों में से नहीं हैं, जो दिखावा करते हैं। कलाकारों को आमतौर पर अपना चेहरा दिखाना पसंद होता है, लेकिन इस फिल्म में उनका चेहरा ज्यादातर समय एक मैस्कॉट मास्क के पीछे छिपा रहता है और सिर्फ.कुछ मिनटों के लिए ही दिखाई देता है। शायद अपनी कला पर उनके भरोसे ने ही उन्हें यह रोल चुनने के लिए प्रेरित किया।" निर्देशक ने बाल कलाकार हदांश की कास्टिंग के बारे में भी बात की, जिन्हें कास्टिंग निर्देशक द्वारा उनके पिछले प्रोजेक्ट में किए गए काम से प्रभावित होने के बाद चुना गया था।

निर्देशक मनीषा मकवाना ने कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन ज़िंदगी के बीच संतुलन बनाने के दबाव की वजह से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि यह फि ल्म लोगों को सोचने-समझने, खुद को स्वीकार करने और भावनाओं को खुलकर जाहिर करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने नई दिल्ली में दक्षिण कोरिया गणराज्य के गृह एवं सुरक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

## डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस वर्ष अप्रैल में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान अंतिम रूप दिए गए संयुक्त रणनीतिक दृष्टिकोण वक्तव्य का उल्लेख किया

**भारत और दक्षिण कोरिया ने लोक प्रशासन और डिजिटल शासन में सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की**

**डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सीपीग्राम और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जैसी पहलें पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित शासन को बढ़ावा दे रही हैं**

भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए दक्षिण कोरिया गणराज्य के गृह एवं सुरक्षा मंत्री युन होजुंग ने आज कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात की और डिजिटल शासन, ई-गवर्नेंस, लोक प्रशासन, क्षमता निर्माण और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण के क्षेत्रों में भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच संभावित सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक घंटे से अधिक समय तक द्विपक्षीय वार्ता की। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया लोकतांत्रिक मूल्यों, नवाचार और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। उन्होंने इस वर्ष अप्रैल में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान अंतिम रूप दिए गए संयुक्त रणनीतिक दृष्टिकोण वक्तव्य का उल्लेख किया। डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल शासन, सार्वजनिक सेवा वितरण और शिकायत निवारण तंत्र में भारत द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और कोरिया दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं जो अपने साझा मूल्यों, विरासत और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ह्लहम दो प्रमुख एशियाई अर्थव्यवस्थाएं हैं जो एक विशेष रणनीतिक साझेदारी साझा करती हैं और यह ऐतिहासिक और भविष्यो न्मुखी दोनों ही है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस बात का उल्लेख किया कि दोनों देश अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना और दक्षिण कोरियाई राजा किम सूरो के बीच वैवाहिक संबंध के ऐतिहासिक बंधन से जुड़े हुए हैं और इन मजबूत बंधनों का आज भी दोनों देशों में गहरा महत्व है।



डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत-कोरिया संबंधों को मजबूत करने में अतिथि मंत्री के योगदान की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करेगी। उन्होंने राष्ट्रपति ली जे म्युंग की हालिया यात्रा का भी जिक्र किया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार और निवेश, बंदरगाह और समुद्री मामले, डिजिटल और फिनटेक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल आदि सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन के दौरान जारी संयुक्त रणनीतिक दृष्टिकोण वक्तव्य ने हमारी द्विपक्षीय साझेदारी के भविष्य के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण निर्धारित किया है।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सेवा वितरण और पारदर्शिता में सुधार के लिए भारत की पहलों जैसे कि सीपीग्राम, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र और प्रौद्योगिकी-आधारित

शासन प्लेटफार्मों के उपयोग का उल्लेख किया। कोरियाई पक्ष ने स्मार्ट शासन, डिजिटल सार्वजनिक सेवाओं और आपदा एवं सुरक्षा प्रबंधन में अपने अनुभव साझा किए। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने लोक प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के संबंध में उल्लेख किया कि दोनों देशों के मंत्रालय लोक प्रशासन और सरकारी नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर हो रही द्विपक्षीय वार्ता का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि कोरिया गणराज्य में योग की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने कोरियाई प्रतिनिधिमंडल को योग समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। दोनों पक्षों की चचाओं में सरकारी सेवाओं के डिजिटल रूपांतरण, सार्वजनिक प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग, सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण, शासन में नागरिकों की भागीदारी और सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणालियों में सर्वोत्तम विधियों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

दोनों पक्षों ने उभरती शासन संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों के बीच संपर्क और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जिसमें दोनों नेताओं ने कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित शासन को बढ़ावा देने के लिए भारत-दक्षिण कोरिया सहयोग को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनहित में 16 निश्चित खुराक संयोजनों (एफडीसी) के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाया है।

## यह निर्णय जनस्वास्थ्य की रक्षा करने और केवल वैज्ञानिक रूप से उचित दवा संयोजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

जनस्वास्थ्य की रक्षा और दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर 16 निश्चित खुराक संयोजनों (एफडीसी) के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर रोक लगा दी है। ये अधिसूचनाएं तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

यह निर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के बाद लिया गया है, जिसमें देश में उपलब्ध निश्चित खुराक संयोजनों (फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन) की व्यापक समीक्षा अनिवार्य की गई थी। इन निदेर्शों के अनुपालन में, औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने विभिन्न एफडीसी की जांच करने और उन एफडीसी की पहचान करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जो तर्कहीन हैं

# रात के अंधेरे में बेखौफ रेत माफिया, अमलाई क्षेत्र में अवैध कारोबार का फैलता जाल

## तिराहों-चौराहों पर मुखबिरों की तैनाती, कार्रवाई से पहले ही मिल जाती है सूचना

**साबो घाट से धड़ल्ले से निकल रही अवैध रेत, प्रशासन को खुली चुनौती माइनिंग विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल**

**समाज जागरण शहडोल**

शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप हैं कि क्षेत्र के साबो घाट सहित आसपास के इलाकों से रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई कहीं नजर नहीं आ रही।

क्षेत्र में दो बड़े नाम की चर्चा तेज जो बकहो, साबो, रूंगटा और अमलाई क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार का संचालन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इनके नेटवर्क के जरिए हर रात रेत से भरे ट्रैक्टर और अन्य वाहन घाटों से निकलते हैं और विभिन्न मार्गों से गंतव्य तक पहुंचाए जाते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह बताई जा रही है कि अवैध कारोबार से जुड़े लोगों ने प्रमुख तिराहों और चौराहों पर अपने मुखबिर तैनात कर रखे हैं। जैसे ही किसी विभागीय वाहन या कार्रवाई की सूचना मिलती है, तत्काल नेटवर्क सक्रिय हो जाता है और रेत से भरे वाहनों को सुरक्षित निकाल लिया जाता है। यही कारण है कि अवैध परिवहन का यह खेल लंबे समय से बिना किसी बड़े व्यवधान के जारी है। क्षेत्रवासियों के बीच एक नीले रंग के ट्रैक्टर की भी चर्चा है, जो कथित तौर पर रातभर रेत के परिवहन में लगा रहता है। लोगों का सवाल है कि आखिर यह ट्रैक्टर किसका है और इसके खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों का कहना है

कि अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ नदियों और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसके बावजूद यदि यह कारोबार लगातार फल-फूल रहा है तो यह निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े करता है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन पर टिकी हुई हैं। लोगों की मांग है कि साबो घाट सहित पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की जांच की जाए तथा दोषियों के खिलाफ

सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की हो रही खुलेआम लूट पर प्रभावी रोक लग सके। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है– आखिर अमलाई क्षेत्र में फल-फूल रहे इस कथित अवैध रेत कारोबार पर प्रशासन की नजर कब पड़ेगी और रेत माफियाओं पर कार्रवाई कब होगी?

# प्रति नियुक्ति कर भूला प्रशासन

**प्रति नियुक्ति तो समाप्त नहीं, ऊपर से लाद दिये और शिक्षक**

**समाज जागरण**

उमरिया -- उमरिया जिले में प्रति नियुक्ति पदस्थापना कर जन जातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त उमरिया यह भूल बैठी है की जिन शिक्षकों की प्रति नियुक्ति की गयी है, वह महज दो वर्षों के लिए है, और उसकी समयावधि सात साल पूर्व की गयी थी, ऐसा ही एक संवेदनशील मुद्दा इन दिनों शिक्षा जगत में छाया हुआ है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षकों ने राज्य शासन के पोर्टल में आन लाइन आवेदन कर शिक्षा विभाग से आदिवासी विकास में जाने का अनुरोध किया था, उन दिनों प्रदेश में कांग्रेस की कमल नाथ सरकार थी और उस दरम्यान प्रतिनियुक्ति के सन्दर्भ में शिक्षा विभाग से अनापत्ति - सहमति के आधार पर उमरिया जिले के 09 शिक्षकों को सशर्त दो वर्ष के लिये आदिवासी विकास विभाग में पदस्थापना संबधित आदेश आयुक्त आदिवासी भोपाल के व्दारा प्रदान किये गए थे। शिक्षा विभाग के इन शिक्षको ने आयुक्त के आदेश के परिपालन में सहायक आयुक्त उमरिया से संपर्क साधते हुए जिले के आदिवासी विकास विभाग के व्दारा अपनी सुविधा अनुसार सडक किनारे के विद्यालयों में चुन चुन कर अपनी पदस्थापना करायी गयी और दो वर्षों के स्थान पर पिछले सात वर्षों से इन विद्यालयों को अपनी जागीर मानकर शिक्षकीय दायित्व निभाते आ रहें हैं। इन सात सालों में कितने सहायक आयुक्त आये और चले गए लेकिन प्रतिनियुक्ति के इस मामले पर किसी का ध्यान नही गया और न ही शिक्षा विभाग को अपने गयें हुये शिक्षकों की खोज खबर लेने की जरूरत समझ में आयी।

ध्यान देने योग्य है कि इस बीच संलग्नीकरण पर रोक लगाने और उस को समाप्त करने के लिए समय समय पर शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास विभाग के लिये समय सीमा के अंदर वापसी के निर्देश प्रसारित किये गए हैं,परन्तु उमरिया जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशों के पालन में जिला सदैव फिसड्डी बना रहा है, यहाँ पर उन बाबूओं का ही राज कायम है जो दशकों से एक ही कुर्सी पर जमे मलाई छान रहे थे। तत्संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने संलग्नीकरण प्रथा पर रोक लगाते हुए संलग्न शिक्षकों को मूल स्थान पर भेजने के आदेश जारी किये गए थे, जिसके परिपालन में कार्यालय आयुक्त जन जातीय कार्य मध्यप्रदेश के पत्र क्र - स्था- 4 टी - (27) / 2024/23422 भोपाल दिनांक 10-12-2024 में आदेश जारी करते हुए उल्लेख किया था कि विभाग में सभी तरह के संलग्नीकरण पर रोक लगाई गई है, और जो भी संलग्न शिक्षक है उन्हें 16-12-2024 तक अनिवार्य रूप से मूल पदांकित विद्यालयों में वापस पदांकित विद्यालयों में भेज कर पालन प्रतिवेदन संलग्न प्रपत्र में भेजना सुनिश्चित किया जाये। आयुक्त के इस निदेशों का भी पालन सहायक आयुक्त उमरिया के व्दारा नहीं किया गया। अगर इसके पालन के लिए नजर घुमायी जाती तो यह मामला भी प्रकाश में जरूर आता, लेकिन जिले में वरिष्ठ कार्यालयों के आदेश का परिपालन तो कतिपय अधिकारियों के लिए तिजोरी भरने का एक जरिया बना हुआ है। दाद देनी होगी प्रति नियुक्ति पर गयें शिक्षकों की जिन्होंने एक साथ दोनों विभागों को साध कर अपने मन मर्जी का राज कायम कर रखा है। लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षकों के तैनाती को लेकर गंभीर हैं वही पर उमरिया जिले का शिक्षा विभाग कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। अभी हाल में जन जातीय कार्य विभाग उमरिया व्दारा तबादला सूची जारी की गयी है,इस सूची में कन्नाबहरा प्राथमिक शाला में अशोक सिंह सहायक शिक्षक की पद स्थापना कर दी गई है। कन्नाबहरा में प्राथमिक में लगभग 28 छात्र दर्ज हैं और वहा पर पहले से दो शिक्षक काफिया हक और रजनी सिंह पदस्थ थी,छात्र संख्या के मान से दो शिक्षक ही पर्याप्त है। इनमें से काफिया हक की पद स्थापना विकलांग कोटे से हैं तो दूसरी रजनी सिंह शिक्षा विभाग से प्रति नियुक्ति में वर्ष 2019 से जमी हुई है।यद्यपि इनकी पद स्थापना दो वर्ष के लिए की गयी थी,नियमतः इनको पहले मूल विभाग को वापस कर नयी पद स्थापना की जानी चाहिए थी, लेकिन विसंगतियों से भरा जन अपेक्षा है लोक शिक्षण संचालनालय इस ओर आवश्यक कब कदम उठायेगा।

# शिक्षक समाज की बात में उच्च सदन में उठाऊंगा-- अंबरीश पल।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन हेतु निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजा अंबरीश पाल सिंह (अवागढ़) द्वारा स्थानीय डी.ए.वी इण्टर कॉलेज फिरोजाबाद में शिक्षक समाज के मध्य अपने चुनावी कार्यक्रम को गति देते हुए शिक्षक समाज के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज सेवा मेरे परिवार का ध्येय रहा है। मेरे पूजनीय बाबाजी बलवंत सिंह द्वारा शिक्षा की ज्योति स्वरूप जो पौधारोपण किया गया वह आज भी वटवृक्ष के रूप में अपनी छाया से ज्ञान पिपासा कुलों को शांति प्रदान कर रहा है और ग्यारह शाखाओं के रूप में करीब 1500 शिक्षकों के साथ अभाव ग्रस्त के लिए भी शिक्षा कि रीढ़ बना हुआ है धनलिप्सा या यशोभिलाषा न तो मेरा ही ध्येय रहा है और न ही मेरी महत्वआकांक्षा है अपितु वर्तमान में है शिक्षक समाज की उपेक्षा शैक्षिक मूल्यों में हाश और इस हेतु निर्वाचित हुए प्रतिनिधियों द्वारा उच्च सदन में



यथास्थिति को उजागर न किये जाने उनकी उपेक्षा भाव और स्वार्थ लिप्सा ने मेरे संस्कारों के अनुरुप उत्पन्न कर इस ओर प्रेरित किया है कि शिक्षक समाज की आवाज को उच्च सदन में बिना किसी लोभ/भय के उठा सकूँ इस हेतु आपके बीच आया हूँ और आप से सहायता का पूरा विश्वास है गुरूजनों के आशीर्वाद का सादर ऋणी रहा हूँ और सी. एल. जैन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ . एस सी सिंह चौहान एवं डॉ जी.पी सिंह पूर्व प्राचार्य एस आर के (पी .जी ) कॉलेज द्वारा जो स्नेहिल आशी र्वाद प्रदान किया गया है यह मेरे उत्साह को द्विगुणित करने निश्चित रुप से कार्य करेगा ।

यह निर्वाचन कोई दलीय निर्वाचन नहीं है अतः दलीय और जातिय भावना से अलग होकर सम्मानित शिक्षक जनपद फिरोजाबाद मुझे पूरा सहयोग प्रदान करें और मैं विश्वास दिलाता हूँ कि आप मुझे सदा अपने बीच ही पाएंगे पूर्व प्राचार्य एस.आर.के (पी .जी) कॉलेज फिरोजाबाद डॉ . जी.पी सिंह द्वारा आपके परिवार की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परिवार समाज के बीच जनसेवार्थ अपनी सदियों से पैठ बनाए हुए हैं मानव जीवन की सार्थकता भी परहित में ही निहित है भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्च सदन के माध्यम से आप निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में है शिक्षक समाज के बीच में हैं तब शिक्षक समाज के हितसाधक प्रत्याशी का चुनाव विवेक पूर्वक करना शिक्षकों का नैतिक कर्तव्य भी है सी एल जैन महा विद्यालय के प्रोफेसर डॉ संजय सिंह ने आपका सहयोग किए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनपद फिरोजाबाद में आपके संपर्क अभियान का श्रीगणेश हो चुका है और इसी क्रम में आज बुद्धिजीवी वर्ग के एक सौ पचास से अधिक प्रतिनिधियों के इस बीच सम्माननीय पूर्व प्राचार्य डॉ एस.सी सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रारंभ यह अभियान अपने चरम पर पहुँचते हुए निश्चित रूप से लक्ष्य को प्राप्त करेगा ऐसा मेरा विश्वास है अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य द्वारा अपने आशीर्वचन के साथ शिक्षकों से अपील की कि आपको क्रमांक -1 पर मत देकर विजयी दिलाए जो कि शिक्षकों के हित की रक्षा हेतु एक जागरूक प्रतिनिधि का चयन होगा और शिक्षकों के हितार्थ अपनी भूमिका को सदैव स्मरण भी रखेंगे इसी के साथ आगरा से आए समाजसेवी पंकज सिंह चौहान , ठा. रणजीत सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा , सत्येंद्र सिंह जादोन जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय महासभा , दीपक तिरंगा जी आदि द्वारा भी संबोधित किया । मुख्य अतिथि राजा अम्बरीश पाल सिंह का साफा बांधकर माल्यार्पण कर पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाते हुए उपस्थित शिक्षकों में पंकज कुमार, अश्वनी कुमार, हिमांशु शर्मा, डॉ राजेश कुमार शर्मा, डॉ दीप चन्द अग्रवाल, सतीश चंद्र , राजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे ।

संचालन अश्वनी कुमार द्वारा किया गया तथा विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ उपेन्द्र नाथ शर्मा द्वारा उपस्थित गुरुजनों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में योग शिवर का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। राहुल रघुवंशी युग निर्माण विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल असालतपुर जारई चन्दौसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अपराह्न पर प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह के नेतृत्व में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में "आकाश कुमार जिला संयोजक भाजपा (वन नेशन, वन इलेक्शन)",कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में बृजेश कुमार सिंह, योग शिक्षिका शालिनी वशिष्ठ एवं अध्यापक विश्वनाथ शर्मा उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रचलित किया और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।जिसमें सभी छात्रों को योग मुद्रा आसन सिखाए गए और उनसे रोजना योगाभ्यास करने का संकल्प लिया, जिससे जिससे स्वस्थ भारत भारत मिशन को आगे बढ़ाने में सफलता मिले। कार्यक्रम में कक्षा 6,7, 8 के छात्र एवं छात्राएं एवं समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## एसबीआई बैंक की हलिया शाखा पर 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी का आरोप, पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग।

**समाज जागरण**

मीरजापुर /एसबीआई हलिया शाखा के बैंक मैनेजर और कैशियर पर खाते से 40 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगा है। ग्राम हरसड, थाना हलिया निवासी सुरेश प्रसाद तिवारी ने पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, सुरेश प्रसाद तिवारी का एसबीआई हलिया शाखा में खाता संख्या 30399896031 है। 6 अप्रैल 2026 को उन्होंने खाते से 1 लाख 20 हजार रुपये निकाले थे। आरोप है कि 21 अप्रैल को जब वह नोएडा में थे, तब बैंक द्वारा खाते से 40 हजार रुपये डेबिट कर लिए गए।सुरेश का कहना है कि 11 जून को जब वह बैंक गए और 10 हजार रुपये निकाले, तो उन्हें मैसेज मिला कि खाते में शेष 74,521 रुपये बचे हैं, जबकि उनके हिसाब से 1,14,521 रुपये होने चाहिए थे। बैंक मैनेजर और कैशियर आरोप है कि उन्होंने फर्जी ढंग से 40 हजार रुपये कैश कर लिए।जब सुरेश ने बैंक मैनेजर से शिकायत की, तो उन्हें बताया गया कि उन्होंने अधिक पैसे ले लिए थे, इसलिए 40 हजार रुपये होल्ड कर लिए गए हैं। सुरेश ने बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल मैसेज की छायाप्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर कहा है कि वह उस समय नोएडा में थे और उन्होंने ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया था।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि थाना हलिया को निर्देशित कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनके 40 हजार रुपये वापस दिलाए जाएं।

## स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक

**समाज जागरण**

चंदौसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निदेशानुसार संचालित विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एस. एम. कॉलेज, चन्दौसी में व्यापक स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दानवीर सिंह यादव जी ने स्वयं कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थलों पर साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के



निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्या पकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने तथा अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। महाविद्यालय सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सूरज शर्मा द्वारा सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## योग कैंप में विभिन्न योगासनों के बारे में दी गई जानकारी

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप महिला योग का शक्ति चंदौसी के अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग कैंप में ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया हमारी 30 दिवसीय योग साधना यात्रा सफलता पूर्वक पूर्ण हो चुकी है और हमारे इस स्वास्थ्य महायज्ञ का 31वां दिन है एक महीने पहले जो,यात्रा स्वास्थ्य ही धन है के संकल्प के साथ शुरू हुई थी वह आज एक मजबूत दैनिक आदत बन चुकी है। योगाचार्य सुशील आर्य पतंजलि एवं जारई के वेद श्री हरि ओम ने योग में चक्र और और भस्त्रिका के महत्व को बताया उन्होंने बताया योग में चक्र हमारे सूक्ष्म शरीर के मुख्य ऊर्जा केंद्र होते हैं और भस्त्रिका एक शक्तिशाली प्राणायाम है जो इन ऊर्जा केंद्रो को जागृत करने में मदद करता है भस्त्रिका से हम अनेक रोगों जैसे मोटापा ,कैंसर, शुगर आदि दूर कर सकते हैं ।तथा चक्रों के बारे में उन्होंने बताया योग दर्शन के अनुसार हमारी रीड की हड्डी के मूल से लेकर सिर तक सात मुख्य चक्र



होते हैं यह चक्र घूमते हुए ऊर्जा के पहिए या डिस्क की तरह होते हैं जो शरीर में अलग-अलग अंगों और भावनाओं को नियंत्रित करते हैं जब प्राण ऊर्जा इन चक्रों में स्वतंत्र रूप से बहती है तो हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करते हैं । मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र ,मणिपुर चक्र,अनाहत चक्र, विशुद्ध चक्र,आज्ञा चक्र , सहस्त्रसार चक्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डी ओ एफ रेखा रस्तोगी,अंजू अग्रवाल ,प्रतिभा अग्रवाल, आशा रस्तोगी ,रीता अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

# जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों के तबादले पर भगवा पार्टी ने उठाए सवाल

**शासन के निर्देशों की अनदेखी कर किए गए स्थानांतरण, आदेश निरस्त करने की मांग। कन्हैयालाल मिश्र**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भारतीय गण वार्ता उर्फ भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी हालिया शिक्षक स्थानांतरण आदेशों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा है कि यदि जनगणना-2027 के कार्य में संलग्न शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, तो यह शासन एवं भारत सरकार के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारियों का स्थानांतरण जनगणना कार्य पूर्ण होने तक नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती सरिता नायक द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में ऐसे कर्मचारियों के नाम शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है, जिनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि अनूपपुर संकुल के निकोडम खलखो, उमाशंकर पटेल एवं संपत मिश्रा तथा चचाई संकुल के बृजेंद्र सोनी सहित अन्य कर्मचारियों के संबंध में यह चर्चा है कि वे जनगणना कार्य से जुड़े हुए हैं। यदि अभिलेखों में उनकी नियुक्ति जनगणना कार्य हेतु दर्ज है, तो उनका स्थानांतरण शासन के आदेशों की भावना के विपरीत माना जाएगा।

कन्हैयालाल मिश्र ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसकी सफलता कर्मचारियों की निरंतर उपलब्धता और क्षेत्रीय अनुभव पर निर्भर करती है। ऐसे में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों का स्थानांतरण न केवल शासन के निर्देशों का उल्लंघन है, बल्कि इससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता भी प्रभावित हो सकती है।उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से मांग की है कि संबंधित स्थानांतरण आदेशों की तत्काल समीक्षा कराई जाए तथा जिन कर्मचारियों की जनगणना में ड्यूटी लगी हुई है, उन्हें स्थानांतरण से छूट प्रदान की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह भी स्पष्ट किया जाए कि शासन के निर्देशों के बावजूद ऐसे आदेश किन परि स्थितियों में जारी किए गए।भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के साथ अन्याय हुआ है, तो उसे न्याय मिलना चाहिए। शासन द्वारा स्वयं जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित कर्मचारियों को राहत प्रदान करेगा तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।"जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लगे कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना प्रशासन का दायित्व है। यदि कहीं त्रुटि हुई है तो उसका तत्काल निराकरण किया जाना चाहिए।"

# नौरोजाबाद नगर परिषद मे गडबड झाला की बू

**महिला पार्षदों ने सीएमओ के कार्य शैली पर उठाए सवाल**

**समाज जागरण**

उमरिया -- उमरिया जिले की नगर परिषद नौरोजाबाद जो अपने काले कारनामों के लिए बदनाम मानी जाती है, इस वक्त महिला पार्षदों की उपेक्षा के लिए एक बार फिर चचाओं में आ गयी है। बताया जाता है कि नगर परिषद की महिला पार्षदों ने इस बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर अपने उपेक्षा के तीखे आरोप लगाते हुए कहा है की न तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद में अपनी कुर्सी पर बैठते हैं,न पार्षदों का फोन रिसीव करते हैं और न ही पारित संकल्पों पर कार्यवाही करते हैं,जिससे नगर का विकास समुचित रूप से हो सकें। महिला पार्षदों ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया की मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय से अनुपस्थित रहने के आदी हैं, वह कभी भी समय पर कार्यालय नहीं पहुचते, जिससे आम नागरिकों के साथ जन प्रतिनिधियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्री मती गीता पटेल एवं वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद श्री मती सावित्री साकेत ने भी सीएमओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जमकर नाराजगी व्यक्त की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कई बार वार्डों की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के समक्ष मुद्दे रखे जाते हैं, लेकिन उन्होंने जनता के हितों के मुद्दों से सदा दूरी बनाकर रखें हुए हैं, उनके प्रति उनकी उदासीनता बनी रहती है। पार्षद व्दय का कहना है कि नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले नागरिक घंटों इंतजार कर वापस चले जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं रहते। इतना ही नहीं, कई बार फोन करने पर भी सीएमओ द्वारा कॉल रिसीव नहीं की जाती, जिससे जनप्रतिनिधियों और नागरिकों दोनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पार्षद व्दय ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने हमें चुनकर भेजा है, जिससे हमारी जिम्मेदारी बनती है कि क्षेत्र के समन्वित विकास और उनके हकों के लिए हम संकल्पित होकर काम करें लेकिन नगर पालिका परिषद में हो रही उपेक्षा,मनमानी और नियम विरूद्ध कार्य शैली ने इस संकल्प को पलीता लगा कर रख दिया है। ऐसे में जब परिषद के अधिकारियों द्वारा उनकी बातों तवज्जो ज्ञनहीं दिया जाता, तो जनता के बीच असंतोष बढ़ता है और विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं।

मीडिया से चर्चा के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि कई मामलों में केवल आश्वासन दिए जाते हैं,जिससे टाल मटौल की स्थिति ने विकास कार्यों की दुर्गति करके रख दी है, जमीनी स्तर पर कार्य नजर नहीं आते। इससे नगर परिषद क्षेत्र के विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। पार्षदों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि नगर परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार हो सके और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नौरोजाबाद नगर परिषद में सीएमओ की कार्यशैली को लेकर विरोध।

वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद गीता पटेल और वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद सावित्री साकेत ने उठाए सवाल।

समय पर कार्यालय नहीं आने और फोन नहीं उठाने का आरोप।

विकास कार्यों की अनदेखी का भी आरोप। शासन-प्रशासन से जांच एवं कार्रवाई की मांग

# साइंस घर में खुशी ने स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 20 वें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु खुशी ने अपने स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल का निर्माण सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें सेंसर आधारित तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनाधिकृत प्रवेश का पता लगाने में सक्षम है। जब कोई व्यक्ति चोरी करने, किसी वस्तु को नुकसान पहुँचाने या बिना अनुमति किसी स्थान में प्रवेश करने का प्रयास




करता है, तो सेंसर उसकी उपस्थिति को तुरंत पहचान लेता है।

सेंसर द्वारा संकेत प्राप्त होते ही सिस्टम में लगा बजर स्वतः सक्रिय हो जाता है और तेज आवाज में अलार्म बजाने लगता है। अलार्म की आवाज सुनकर आसपास के लोग सतर्क हो जाते हैं तथा समय रहते उचित कार्रवाई की जा सकती है। इससे चोरी, घुसपैठ और अन्य अवांछित घटनाओं को रोकने में सहायता मिलती है। यह मॉडल घरों, दुकानों, विद्यालयों, कार्यालयों, गोदामों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। कम लागत में तैयार किया गया यह मॉडल आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों की कार्यप्रणाली को सरल रूप में प्रदर्शित करता है तथा तकनीक के माध्यम से समाज में सुरक्षा बढ़ाने का संदेश देता है। यह विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता तथा तकनीकी ज्ञान को भी दर्शाता है।

अश्वनी कुमार जैन ने खुशी के स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# योग दिवस की पूर्व संध्या पर समिति ने की बैठक

**समाज जागरण**

चंदौसी। श्री नारायण सेवा समिति रजि. चंदौसी द्वारा योग दिवस की पूर्व संध्या पर सीता रोड स्थित ब्रह्मास्त्र कोचिंग सेंटर पर योग के संबंध में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई । गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई । उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि प्रथम बार योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया जिसकी थीम सद्भाव और शांति के लिए योग थी और इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है । प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि 21 जून को वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को इस प्रकार दीघार्यु बनाता है और हमें संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए योग प्रतिदिन करना चाहिए । मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रधानाचार्य हगपालसिंह ने कहा कि योग जीवन के हर चरण में शारीरिक शक्ति, मानसिक शांति और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है । नितेश उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2015 के प्रथम बार के योग दिवस पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 10 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया । डी. के. अग्निहोत्री कहा कि योग दिवस पर विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन, सामाजिक संस्थाएं, स्कूल कॉलेज, व्यक्तिगत संस्थान आदि जगहों पर योग दिवस बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाता है । गोष्ठी में डॉ. जयशंकर दुबे ने अपनी लघु रचना से योग की महत्ता बताई और के. जी. गुप्ता आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए ।

अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया । गोष्ठी के पश्चात सभी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत तथा निरोगी रहने के लिए कृत संकल्पता की शपथ दिलाई गई ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को दिव्य व भव्य रूप देने हेतु कराया गया पूर्वाभ्यास

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को भव्य व दिव्य रूप देने हेतु सभी औपचारिकता पूरी कर ली है। शनिवार को मारवाड़ी धर्मशाला में सभी कुशल मार्गदर्शक, संरक्षक, संयोजक के मार्गदर्शन व अधिवक्ता परिषद संरक्षक एसपी सिंह एडवोकेट के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कुशल मार्गदर्शक रमेश राम पाठक एडवोकेट, प्रमुख योग शिक्षक ओम प्रकाश यादव, सुनील कुमार श्रीवास्तव,संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव नारायण लाल श्रीवास्तव तथा पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह तथा उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा एसपी सिंह एडवोकेट को पतंजलि अंग वस्त्र व डायरी भेट कर सम्मानित किया गया।

प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया। सभी कक्षाओं के प्रमुख योग शिक्षक अपने नियमित योग साधकों के साथ रहे।

कार्यक्रम में दयानंद मौर्य द्वारा बहुत सुंदर योग गीत प्रस्तुत की गई। अंत में प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा शांति पाठ के साथ समापन किया गया।

# सोनभद्र मॉडल जनपद बनने की ओर अग्रसर, विकास की नई तस्वीर दिखा रहा जिला: हरदीप सिंह पुरी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को सोनभद्र दौरे के दौरान कहा कि जनपद अब पिछड़ेपन की पहचान से बाहर निकलकर मॉडल जनपद बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस और ब्लड डोनेट बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह पहल जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा जरूरतमंद लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगी। इसके बाद मंत्री पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित "सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष" विषयक विकास प्रदर्शनी में पहुंचे। यहां उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। रेशम विभाग के स्टॉल पर उन्होंने रेशम उत्पादन और उससे जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी के दौरान माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित 3-डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉडल और अन्य तकनीकी नवाचारों ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी तकनीकी समझ और नवाचारों की सराहना की। अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और निवेश, रोजगार, आधारभूत संरचना तथा सुशासन के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में सोनभद्र विकास, तकनीक, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा तथा मॉडल जनपद के रूप में उभरेगा।

# ओवरटेक के चक्कर में भीषण हादसा, टैंकर चालक की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



डाला/ सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोयला लदे ट्रेलर और डीजल टैंकर की आमने-सामने की टक्कर में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

यह घटना हथवानी मोड़ के पास सुबह करीब सवा दस बजे हुई। जानकारी के अनुसार, हाथीनाला की ओर जा रहे डीजल टैंकर को सामने से आ रहे कोयला लदे ट्रेलर ने ओवरटेक करने के प्रयास में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टैंकर चालक राजू यादव (34 वर्ष), निवासी आर-16 इंदिरा नगर, हाजी बुंदर रोड, सेवड़ी (ई), मुंबई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल हाथीनाला थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी उदयभान राव मौके पर पहुंचे और घायल चालक को एसीपी टोल वेज की एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भिजवाया। चोपन अस्पताल में चिकित्सकों ने राजू यादव का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं, कोयला लदे ट्रेलर का चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद डीजल टैंकर से तेल सड़क पर फैलने लगा। इसे देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और कुछ लोग बाल्टी व जरकिन में डीजल भरकर ले जाते हुए भी दिखाई दिए। हाथीनाला थाना प्रभारी उदयभान राव ने बताया कि डीजल टैंकर हाथीनाला की तरफ जा रहा था, तभी सामने से आ रहे कोयला लदे ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। घायल चालक को तुरंत चोपन अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस द्वारा इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद बाधित हुए आवागमन को बहाल करने के लिए क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटाया गया।

# टापू ग्राम पंचायत में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) आवास प्लस सर्वे- 2024 को लेकर हुई खुली बैठक

## स्थायी पात्रता सूची तैयार करने पर हुई विस्तृत चर्चा, पक्के घर का सपना होगा साकार

**समाज जागरण आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन विकासखंड के ग्राम पंचायत टापू स्थित पंचायत भवन परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत स्थायी पात्रता सूची तैयार किए जाने के संबंध में एक खुली बैठक का आयोजन ग्रामप्रधान रामसजीवन यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में ग्राम पंचायत के महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करना तथा पारदर्शी तरीके से स्थायी पात्रता सूची का निर्माण करना था। इस दौरान ग्रामीणों को योजना की पात्रता शर्तों, सर्वेक्षण प्रक्रिया तथा चयन के मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप ऐसे परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अभी तक पक्के



आवास से वंचित हैं और योजना की निर्धारित पात्रता श्रेणी में आते हैं।खुली बैठक में उपस्थित ग्रामीणों से संभावित पात्र परिवारों के संबंध में सुझाव एवं आपत्तियां भी आमंत्रित की गईं, ताकि सूची तैयार करने में किसी प्रकार की त्रुटि या पक्षपात की संभावना न रहे। ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार रखे और जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि आवास प्लस सर्वे-2024 के माध्यम से ऐसे परिवारों का चिन्हांकन किया जा रहा है जो पूर्व में किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो सके थे। सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची भविष्य में आवास आवंटन की प्रक्रिया का आधार बनेगी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम स्तरीय कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। बैठक शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस प्रक्रिया से वास्तव में जरूरतमंद एवं आवास विहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त होगा और उनके पक्के घर का सपना साकार हो सकेगा। उक्त अवसर पर मुख्यरूप से बैठक में ग्रामीणों के अलावा ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती स्मिता यादव, पंचायत सहायक लाल बहादुर यादव, कोटेदार, महिला मेठ इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एएसपी ने सुनीं जन समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील ओबरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, पुलिस शिकायतों तथा अन्य जन समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों के मामलों में उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समन्वित कार्रवाई से शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और मामलों का त्वरित व न्यायोचित निस्तारण संभव हो सकेगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने अधि कारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए तथा शिकायतकताओं को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र की तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाग लेकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं। क्षेत्राधिकारियों ने भी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस, राजस्व तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराना तथा शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करना रहा।

# सवर्ण आर्मी का शक्ति प्रदर्शन, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। सवर्ण आर्मी सोनभद्र के तत्वावधान में रॉबर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित "सवर्ण स्वाभिमान संकल्प सभा 2026" में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन "ब्राह्मण, ठाकुर, लाला-बनिया मिलकर बदलो अपनी दुनिया" विषय के तहत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय शामिल हुए। संगठन का मुख्य उद्देश्य सवर्ण समाज के हितों की रक्षा करना और समाज को जागरूक करना है। सवर्ण आर्मी देशभर में जाकर समाज के लोगों को संगठित करने का कार्य कर रही है। समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन लगातार काम कर रही है। बिहार में हुए एक चर्चित पुलिस मुठभेड़ मामले का जिक्र करते हुए सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय ने कहा घटना को दुखद बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आत्मसमर्पण कर चुका हो तो कानून के अनुसार उसके मामले का निस्तारण न्यायपालिका के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और कानून के शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होता है। सरकार को ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि युवाओं का विश्वास बना रहे। राम मंदिर में चोरी की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान का विषय नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। राजनीतिक भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर सर्वेश पांडेय ने कहा कि उनका उद्देश्य चुनाव लड़ना नहीं बल्कि समाज के हितों के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल सवर्ण समाज से जुड़े मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में स्थान देगा, संगठन उसका समर्थन करने पर विचार कर सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत सभागार में 21 जून को होगी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश सोनभद्र जनपद के समस्त इकाइयों की बैठक जिला पंचायत सभागार रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में 21 जून, दिन रविवार को दोपहर तकरीबन दो बजे से आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी सदर तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने देते हुए बताया कि बैठक में मण्डल अध्यक्ष/पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति सहभागिता रहेगी। जनपद के जिला व तहसील इकाई के समस्त सदस्यों / पदाधिकारियों को यह सूचना इस आशय से प्रेषित है ग्रापए के सभी कलमकार स्वयं उपस्थित हों, जिससे सभी सदस्यों व पदाधिकारियों की सम्यक समुपस्थिति बैठक में हो सके। कोई भी सदस्य पदाधिकारी सूचना से वंचित न हों ।

# विश्व योग दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में वृहद स्वच्छता एवं सफाई अभियान का आयोजन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर आज जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में वृहद स्वच्छता एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, मुख्य



मार्गों, नालियों, विद्यालय परिसरों, पंचायत भवनों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने तथा अपने गांव को साफ, सुंदर एवं स्वस्थ रखने के लिए जागरूक किया गया। "स्वच्छ ग्राम झ्र स्वस्थ ग्राम" की भावना को साकार करने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों, स्वच्छाग्रहियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। आइए, योग के साथ स्वच्छता को भी अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# फासिल्स पार्क में होगा योग का महा आयोजन, जीवन रक्षा के साथ प्रकृति रक्षा का दिया जाएगा संदेश

## जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर (अस्थायी सूची) में शामिल जीवाश्म पार्क (फासिल्स पार्क) रविवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर देश-दुनिया को अनूठा संदेश देगा। विश्व के सबसे प्राचीन जीवाश्म पार्क में इस अवसर पर स्वस्थ और निरोगी काया के लिए योगाभ्यास करने के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन में इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिके लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर जनपद में सबसे बड़ा आयोजन सलखन स्थित अति प्राचीन फासिल्स पार्क में किया जाएगा। बताया कि योग दिवस पर हजारों की संख्या में आमजन एक साथ योग कर रिकॉर्ड बनाते हुए योग के प्रति आमजन को जागरूक करेंगे। बताया कि इस अवसर



जन प्रतिनिधिगण समेत तमाम विभागों के आलाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यातायात विभाग द्वारा फासिल्स पार्क के पास वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। योग दिवस पर फासिल्स पार्क से प्रकृति की रक्षा का संदेश देने के लिए पौधरोपण की तैयारी वनविभाग द्वारा की गई है। पार्क को हरा-भरा बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पौधरोपण करने के साथ ही रोपे गए पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों व ब्लाकों में भी ज्यादा से ज्यादा जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए योगाभ्यास किया जाएगा।

# बारिश में रफ्तार बनी हादसे की वजह, रोडवेज बस और इनोवा की टक्कर में दो घायल

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद के पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में रोडवेज बस और इनोवा कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में इनोवा कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, बीजपुर से मिजार्पुर जा रही रोडवेज बस रंटोला के समीप पहुंची थी। इसी दौरान जौनपुर से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जा रही एक इनोवा कार से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी, जिससे सड़क पर फिसलन बनी हुई थी। टक्कर इतनी तेज थी कि इनोवा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में इनोवा कार सवार आशीष कुमार और अभिषेक कुमार, निवासी जौनपुर, गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पिपरी पुलिस और रंटोला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल उपचार के लिए हिंडालको चिकित्सालय भिजवाया गया। अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज किया गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त बस और कार को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य कराया गया। चौकी प्रभारी जितेंद्र सरोज ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर बारिश के कारण सड़क पर फिसलन होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस दोनों वाहनों के चालकों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा रही है।

# ग्राम चौपाल में विधायक भूपेश चौबे और आयुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। "सरकार आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत शनिवार को पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज कोन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे एवं विंध्याचल मंडल मिजार्पुर के आयुक्त राजेश प्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान विधायक और आयुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार वाहन के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों ने वृक्षारोपण किया। साथ ही छात्राओं को साइकिल वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागीय प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास, पेंशन एवं अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे। आयुक्त राजेश प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध,



पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आयुक्त राजेश प्रकाश ने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौपाल में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निस्ता रण किया जाए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दुःख की घड़ी में परिवार का सहारा बना भगवा क्लब, श्राद्ध कर्म हेतु राशन सामग्री देकर की सहायता

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर सामाजिक सेवा एवं मानवीय कार्यों के लिए निरंतर सक्रिय रहने वाले भगवा क्लब ने एक बार फिर सेवा और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मानगो के संकोशाई रोड नंबर-4 निवासी स्वर्गीय माणिक मानता के परिवार की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया। क्लब की ओर से उनके श्राद्ध कर्म के आयोजन हेतु आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसे स्वर्गीय माणिक मानता के पुत्र गणेश तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने स्वीकार किया।

इस सेवा कार्य का नेतृत्व भगवा क्लब के संस्थापक मृत्युंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने कहा



कि समाज के जरूरतमंद और संकटग्रस्त परिवारों की सहायता करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति और संस्था का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी परिवार के दुःख और विपत्ति के समय उसके साथ खड़े होकर सहयोग करना ही सच्ची मानवता और समाज सेवा का परिचायक है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की आवश्यकता है। समाज में ऐसे अनेक परिवार हैं जो आर्थिक या सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में यदि सामाजिक संगठन आगे बढ़कर सहयोग करें तो जरूरतमंद परिवारों को न केवल आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक संबल भी प्राप्त होता है।

उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय माणिक मानता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी ने परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर सेवा प्रमुख जय गोपाल, मानगो नगर सेवा प्रमुख सुनील यादव, नाई समाज के अध्यक्ष अरुण शर्मा, हिंदू नववर्ष यात्रा के अध्यक्ष सर्वजीत तिवारी, दीपक भदानी, दीपू, चंदन काशी, विजय सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि भगवा क्लब समय-समय पर विभिन्न सामाजिक और मानवीय कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करता रहा है। संस्था द्वारा गरीब, असहाय और संकटग्रस्त परिवारों की मदद के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, जो अन्य संगठनों और युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम के अंत में भगवा क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी। उन्होंने समाज के लोगों से भी सेवा और सहयोग की भावना के साथ आगे आने का आह्वान किया, ताकि जरूरतमंद परिवारों को कठिन परिस्थितियों में सहारा मिल सके और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके।

# बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित, श्रद्धा पांडे ने किया शीर्ष स्थान प्राप्त

**समाज जागरण**

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में श्रद्धा पांडे ने 593 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं शशांक गौरव एवं




आयुष बिजॉय ने 592-592 अंक प्राप्त किए हैं। समान अंक होने के कारण निबंध पत्र में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च रैंक प्रदान की गई, जिसके आधार पर शशांक गौरव को द्वितीय तथा आयुष बिजॉय को तृतीय स्थान मिला।

आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ अंक 445 निर्धारित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शीर्ष 100 सफल अभ्यर्थियों में 45 महिलाएं शामिल हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दशार्ता है।

इसके अतिरिक्त लगभग 300 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने सफलता प्राप्त की है और वे बिहार के बाहर के विभिन्न राज्यों से संबंध रखते हैं।

बीपीएससी के अनुसार मुख्य (लिखित) परीक्षा का आयोजन 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक पटना के 32 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल 20,034 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर 5,401 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आयोग ने अंतिम परिणाम जारी किया है। परिणाम घोषित होने के साथ ही सफल अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों में हर्ष का वातावरण है। आयोग ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बिहार में धीमी पड़ी मानसून की रफ्तार, पूर्वी जिलों में वर्षा तो दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में लू का असर

**समाज जागरण**

पटना। बिहार में मानसून की गतिविधियां सक्रिय तो हैं, किंतु इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में मौसम का अलग-अलग स्वरूप देखने को मिल रहा है। जहां उत्तर एवं पूर्वी बिहार के कई क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है, वहीं दक्षिण-पश्चिमी जिलों के लोगों को अभी भी भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), पटना द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार 21 जून को भी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा, तेज हवाएं, मेघगर्जन, वज्रपात तथा लू जैसी मौसमीय परिस्थितियां बनी रह सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी बिहार के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा भी हो सकती है। वहीं मध्य एवं पश्चिमी बिहार के कई इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने तथा गरज-चमक के साथ वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। दूसरी ओर दक्षिण-पश्चिमी जिलों में गर्मी और लू का प्रभाव बने रहने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने, खुले स्थानों एवं पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं मोहर्रम- एसडीपीओ

**समाज जागरण**



गोड्डा मेहरमा में मोहर्रम को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को मेहरमा थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओ आलोक वरन केसरी ने किया। उन्हौंने कहा कि पर्व को काफी गंभीरता पूर्वक लेना है। कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों को जवाबदेही स्वंय लेनी पड़ेगी। पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना करने वालों के खिलाफ इसबार प्रशासन पुरी तैयारी के साथ है।माहौल खयाब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।त्योहार के दौरान हीं लोग आपसी पुरानी रंजीश का बदला लेने लगते हैं। विवाद को आपस में सलटने का निर्देश दिया। पिछले वर्ष डोय और मालप्रतापपुर में मुहर्रम के दौरान आपस में हीं लोग मारपीट,ईंट और पत्थर चला लिए थे।उसकी पुरनावृति किसी भी परिस्थिति में नही होने देने पर बिशेष बल दिया एसडीपीओ बरूण रजक ने कहा कि पुराना व नया दोनों लाइसेंस समय पर जमा करें।मुहर्रम जुलूस निर्धारित रूट समय और तिथि पर हीं निकालें। किसी भी परिस्थिति में इसमे कोई परिवर्तन नही होगा। सभी कमेटि 10-10 भोलिंएनटेयर का नाम और मोबाइल नं जमा करें।अनावश्यक मैसेज और अफवाह नही फैलाने।समाधान का प्रयास करने का निर्देश दिया। कहा कि डीजे पर पूर्णप्रतिबंध रहेगा। बीडीओ अभिनव कुमार ने कहा कि सरकारी जमीन पर कहीं कोई समस्या नही है।निजी जमीन पर आपसी सहमति से पहलाम करने का प्रयास करें। सुरनी में पहलाम की जगह के लिए पूर्व मुखिया अलाउधिन को राजी करने पर बल दिया गया। उनके नही मानने पर पूर्व की जगह पहलाम करना है। सीओ खगेन महतो ने आश्वस्त किया की पर्व से पूर्व वह सुरनी जाएंगे।लाइसेंस और रूट का निरीक्षण करेंगे। कहा कि नया कुछ भी नही करना है। किसी पर जबरदस्ती कोई निर्णय नही थोपना है।आपस में सहमति बनाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाना है। थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने अश्लील और भड़काऊ गाना नहीं बजाने, कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना होने पर पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया। कहा कि सभी गांवों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तनात रहेंगे।इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर रूबी मिंज, थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों में मृत्युंजय सिंह पूर्व चुन्ना सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनिंद्र सिंह, मोहम्मद परवेज, औरंगजेब, मोहम्मद साबिर, गुलाम मुस्तफा,मो समीम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# नेताजी सुभास यूनिवर्सिटी के रोटारेक्ट क्लब का वार्षिक पुरस्कार समारोह "द लास्ट फॉल इन" संपन्न, उत्कृष्ट सदस्यों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर नेताजी सुभास यूनिवर्सिटी (एनएसयू) के रोटारेक्ट क्लब द्वारा वार्षिक पुरस्कार समारोह ह्लद लास्ट फॉल इनह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रोटरी वर्ष 2025-26 के दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों, सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता को सम्मानित करना था। क्लब अध्यक्ष रोटारेक्टर आनंद राज सिंह के सफल कार्यकाल में आयोजित इस समारोह ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को नई पहचान प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुई। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना का विशेष वातावरण देखने को मिला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रोटेरियन कृष्ण खरिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटेरियन जितेश चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नागेंद्र कुमार सिंह, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. राकेश कुमार, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. श्रद्धा वर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की अध्यक्ष दीपिका कुमारी तथा क्लब मॉडरेटर अभिनव कुमार ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नागेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटारेक्ट क्लब द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को बेहतर नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी और टीमवर्क की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के पूरे वर्ष के परिश्रम और समर्पण को पहचान देने के लिए इस आयोजन को हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

मुख्य अतिथि रोटेरियन कृष्ण खरिया और विशिष्ट अतिथि रोटेरियन जितेश चौधरी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटारेक्ट क्लब युवाओं में सेवा, नेतृत्व और मानवीय मूल्यों को विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाजहित में कार्य करने, जरूरतमंदों की सहायता करने और अपने व्यक्तित्व को सकारात्मक दिशा में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने क्लब के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समारोह के दौरान वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। रोटारेक्टर ऑफ द टेन्योर का प्रतिष्ठित सम्मान रोटारेक्टर शुभो पात्रा को प्रदान किया गया। वहीं बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार रोटारेक्टर शिबांश महापात्रा को मिला। बेस्ट टीम प्लेयर के रूप में रोटारेक्टर श्रुति शर्मा को सम्मानित किया गया, जबकि फाइनेंशियल एक्सीलेंस अवार्ड रोटारेक्टर नूर अफशां को प्रदान किया गया।


इसके अतिरिक्त क्लब मॉडरेटर अभिनव कुमार को उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायी नेतृत्व के लिए द लेगेसी ऑफ गाइडेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं क्लब गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतीक झा और राज विवेक यादव को एक्सीलेंस इन सपोर्ट अवार्ड प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में क्लब के दस सक्रिय सदस्यों को उनके निरंतर योगदान और सक्रिय भागीदारी के लिए ह्लरोटारेक्टर ऑफ द मंथह्व पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इसे अपने लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए भविष्य में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने रोटारेक्ट क्लब की सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और आपसी सहयोग की संस्कृति को रेखांकित किया। ह्लद लास्ट फॉल इनह्व केवल एक पुरस्कार वितरण समारोह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उत्सव बनकर उभरा। कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों को आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# पैरों में जंजीर बांधकर रखने का आरोप, मदरसे से भागे चार बच्चे, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**



दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित सिनुआरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब चार नाबालिग बच्चे पैरों में जंजीर और ताला लगे हुए अवस्था में गांव पहुंचे। बच्चों की स्थिति देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चारों बच्चे मधुबनी जिले के अररिया संग्राम क्षेत्र के निवासी हैं और कुरान की शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक मदरसे में रहकर अध्ययन कर रहे थे। बच्चों ने आरोप लगाया कि उनसे पढ़ाई के अतिरिक्त शौचालय की सफाई, जलावन काटने तथा अन्य घरेलू कार्य कराए जाते थे।

बच्चों का कहना है कि जब वे घर जाने की इच्छा जताते थे अथवा इन कार्यों का विरोध करते थे, तो उनके साथ मारपीट की जाती थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें भागने से रोकने के लिए उनके पैरों में जंजीर और ताला बांध दिया जाता था।

बच्चों के अनुसार शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान संबंधित मौलाना के बाहर जाने पर उन्हें वहां से निकलने का अवसर मिला। इसके बाद वे किसी प्रकार मदरसे की चारदीवारी पार कर भाग निकले और पैदल चलते हुए सिनुआरा गांव पहुंच गए।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा बच्चों के आरोपों की सत्यता का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के उपरांत दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक मदरसा प्रबंधन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई थी।

**बच्चों की हालत देखी तो सब दंग**

गांव पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने बच्चों की हालत देखी तो वे दंग रह गए. बच्चों के पैरों में जंजीर और ताला लगे होने की बात सुनकर ग्रामीणों में भी आक्रोश फैल गया. इसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस और चाइल्डलाइन को मामले की सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों बच्चों को अपने संरक्षण में लिया. बाद में चाइल्डलाइन की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाल गृह (चाइल्ड केयर संस्थान) भेज दिया गया. वहां उनकी काउंसिलिंग और देखभाल की जा रही है.

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**

स्थानीय मुखिया ने बताया कि बच्चों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है. साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है. पुलिस और संबंधित विभाग यह पता लगाने में जुटे हैं कि बच्चों द्वारा लगाए गए आरोप कितने सही हैं. अधिकारियों का कहना है कि जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और स्थानीय लोग भी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

# बिहार के भरत भूषण तिवारी के फर्जी एनकाउंटर के विरोध में श्री परशुराम शक्ति सेना के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया


**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**



जमशेदपुर (झारखंड) 20 जून 2026: बिहार के आरा के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के फर्जी एनकाउंटर के विरोध में श्री परशुराम शक्ति सेना द्वारा टाटानगर स्टेशन गोल चक्कर पर शहीद भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्री परशुराम शक्ति सेना के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा की उत्तर प्रदेश के बाद बिहार में भी ब्राह्मणों को के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है भरत भूषण तिवारी जो की आरा के जवानिया गांव जो कि बाढ़ तबाह हो गया था के विस्थापितों को उचित मुआवजे एवं नागरिक सुविधाओं की मांग को लेकर के लगातार जनहित में आवाज उठा रहे थे।प्रशासन को उनका जनहित में आवाज उठाना इतना नागवार गुजरा की पुलिस प्रशासन द्वारा उनका फर्जी एनकाउंटर कर दिया गया। वह युवा प्रशासन को जगाने के लिए हाथों में हथियार लेकर के फेसबुक लाइव आकर के वीडियो बनाया।वीडियो में यह साफ दिख रहा है कि उसने अपना हथियार पुलिस प्रशासन के सामने फेंक दिया।इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा उसे इनकाउंटर करके उसकी हत्या कर दी गई। एक को जहां नक्सलियों को जिन्होंने जनता एवं पुलिस कर्मियों की हत्या की है को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जा रहा है उनका पुनर्वास किया जा रहा है वहीं एक युवा जो बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास हेतु लगातार संघर्ष कर रहा था लगातार प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचा रहा था।उसकी बातों को सुनने के बजाय पुलिस ने उसकी आवाज को ही बंद कर दिया।उसकी जुबान को ही बंद कर दिया।उसे मौत के घाट उतार दिया यह कैसा इंसाफ है कि एक और जहां सैकड़ो हत्या करने वाले नक्सलियों को मुआवजा दिया जाता है वहीं जनता की आवाज उठाने वाला एक युवा को फर्जी एनकाउंटर करके उसकी आवाज को दबा दिया जाता है क्या यही सरकार यही प्रशासन हम लोग हर बार वोट देकर के चुनते हैं जो सरकार जीतने के बाद आम जनता पर ही दमनात्मक कार्रवाई करने लगती है।श्री परशुराम शक्ति सेना बिहार सरकार से यह मांग करती है कि शहीद भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा दिया जाए साथ ही साथ उनका फर्जी एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मियों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज हो इस श्रद्धांजलि सभा में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना किया। श्री परशुराम शक्ति सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, सौरभ पाठक,राजा ओझा,सनी शर्मा,दीपक झा, मुन्ना मिश्रा,गोलू आजाद,कार्तिक झा, रितेश मिश्रा,मुकेश झा, वेद प्रकाश,कुन्दन तिवारी, अंबुज कुमार, विरेन्द्र तिवारी,रमाशंकर पाण्डेय, विनय मिश्रा, सरवन सिंह, होने मिश्रा, राजेश दुबे, कृष्णा, पिन्टू, ब्रजेश कुमार, गौरव तिवारी एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# एसएसपी कार्यालय से 50 मीटर दूर चली गोली, साकची में युवक की फायरिंग से मचा हड़कंप

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर शहर के व्यस्ततम और संवेदनशील इलाकों में शामिल साकची थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवक ने सरेआम हथियार लहराते हुए फायरिंग कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि यह घटना एसएसपी कार्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित जुबिली रोड पर हुई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए लोगों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:20 बजे जुबिली रोड स्थित अभिषेक जुबिली दुकान के समीप लोगों की सामान्य आवाजाही जारी थी। आसपास की दुकानें खुली थीं और खरीदारी करने वालों की भीड़ मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक अचानक वहां पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने कुछ देर इधर-उधर देखा और फिर अपने पास मौजूद हथियार निकालकर हवा में गोली चला दी। गोली चलने की तेज आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

घटना के बाद वहां मौजूद लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग दुकानों के अंदर छिप गए, जबकि कई राहगीरों ने सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ लगा दी। अचानक हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि फायरिंग करने के बाद आरोपी युवक तेजी से पहले से खड़ी एक कार में बैठा और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन में उसके अन्य साथी भी मौजूद हो सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां से एक खोखा बरामद किया। इसके बाद पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पूरी घटना कैमरे में कैद होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही जिस वाहन से आरोपी फरार हुआ, उसकी भी पहचान की जा रही है। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि फायरिंग का उद्देश्य क्या था और आरोपी ने दहशत फैलाने के इरादे से गोली चलाई या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

फायरिंग की घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों में भय का माहौल देखा गया। कई दुकानदारों ने सुरक्षा कारणों से अपनी दुकानें समय से पहले बंद कर दीं। व्यापारियों का कहना है कि शहर के सबसे व्यस्त बाजार क्षेत्र और पुलिस-प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्यालयों के समीप इस तरह की घटना होना बेहद चिंताजनक है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस स्थान पर घटना हुई, वहां से एसएसपी कार्यालय और साकची थाना दोनों ही काफी नजदीक हैं। इसके बावजूद अपराधी द्वारा खुलेआम फायरिंग कर फरार हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लोगों का मानना है कि यदि भीड़भाड़ वाले इलाके में गोली किसी व्यक्ति को लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

इधर, पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जांच में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की पहचान के लिए तकनीकी और मानवीय दोनों स्तरों पर जांच जारी है तथा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच कर रही है।

शहर के बीचोंबीच, वह भी पुलिस प्रशासन के प्रमुख कार्यालय के नजदीक हुई इस फायरिंग की घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बहस छेड़ दी है। अब सभी की नजर पुलिस जांच और आरोपी की गिरफ्तारी पर टिकी हुई है।

# बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित, श्रद्धा पांडे बनीं टॉपर

**समाज जागरण**




पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। लंबे समय से परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों का इंतजार समाप्त हो गया है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार श्रद्धा पांडे ने 593 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। शशांक गौरव एवं आयुष बिजॉय ने 592-592 अंक प्राप्त किए हैं। समान अंक होने के बावजूद निर्धारित मानकों के आधार पर शशांक गौरव को द्वितीय तथा आयुष बिजॉय को तृतीय स्थान प्रदान किया गया है।

बिहार लोक सेवा आयोग के अनुसार मुख्य (लिखित) परीक्षा का आयोजन 25 से 30 अप्रैल 2025 के बीच पटना के 32 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल 20,034 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। लिखित परीक्षा के बाद 5,401 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अंतिम परिणाम जारी किया गया।

आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने परिणाम घोषित करते हुए कहा कि यह आयोग के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रिया थी। इस परीक्षा के माध्यम से कुल 2,035 पदों पर नियुक्ति की जानी थी, जबकि 2,027 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। दिव्यांगजन आरक्षण श्रेणी के आठ पद रिक्त रह गए हैं।

सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति उप समाहर्ता (एसडीएम), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), राज्य कर पदाधिकारी, कराधान अधिकारी तथा विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं के पदों पर की जाएगी।

परिणाम घोषित होने के बाद सफल अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों में हर्ष का वातावरण है।

# किशनगंज प्रखंड परिसर में SDRF ने किया बाढ़ बचाव का मॉक ड्रिल, लोगों को दिए सुरक्षा के टिप्स

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




20 जून।आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों के तहत रउफ्रक्र (स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स) की टीम ने किशनगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में बाढ़ बचाव एवं राहत कार्यों का मॉक ड्रिल (परीक्षण अभ्यास) आयोजित किया। इस दौरान टीम ने बाढ़ जैसी आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने, राहत पहुंचाने तथा बचाव कार्यों की विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल के दौरान रउफ्रक्रके जवानों ने नाव, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय सहित अन्य आवश्यक बचाव उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। टीम ने यह भी बताया कि बाढ़ की स्थिति में लोगों को घबराने के बजाय प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करना चाहिए और समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाना चाहिए।

अभ्यास के दौरान पशुओं को सुरक्षित रखने, बाढ़ के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने, किसी व्यक्ति के डूबने की स्थिति में उसे बचाने तथा गंभीर परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले कदमों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं स्थानीय लोगों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, आपदा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों और प्राथमिक उपचार से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गईं।

रउफ्रक्रअधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। अंचल अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम में अंचल अधिकारी राहुल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी चिरंजीव कुमार शर्मा, राजस्व अधिकारी गंगाराम टुडू, रउफ्रक्र टीम के कमांडर मनोज पासवान, प्रखंड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

यह मॉक ड्रिल आगामी मानसून और संभावित बाढ़ की चुनौतियों को देखते हुए आयोजित किया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

# महंगाई, बेरोजगारी एवं नीट अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

20 जून। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी, किशनगंज द्वारा शनिवार को देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, नीट (NEET) परीक्षा में हुई अनियमितताओं, पेपर लीक तथा आम जनता से जुड़े अन्य ज्वलंत मुद्दों के विरोध में पैदल मार्च एवं जन-आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहाबुल अख्तर ने किया।

जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव आश्रम से निकाले गए पैदल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं एवं आम लोगों ने भाग लिया। मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा, जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की गई।



कार्यक्रम में किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद, विधायक कमरूल हुदा, बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रो. मोसब्बीर आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो. आजाद साहिल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष इमाम अली चिंटू तथा नगर अध्यक्ष सजल कुमार साह सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है। वहीं, नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं एवं पेपर लीक की घटनाओं ने देश के लाखों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं और आम जनता के मुद्दों पर गंभीर नहीं है तथा इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने में विफल रही है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष मो. वसीम अख्तर, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार साह, सांसद प्रतिनिधि एहसान हसन, विधायक प्रतिनिधि ईदु हसन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सह जिला प्रवक्ता शमशेर अहमद दारा, मोहम्मद कमरुल, मो. आबिद हुसैन, सलीम अख्तर, जयप्रकाश गिरी, पूर्व प्रमुख जाकिर आलम, असगर अली पीटर, सम्भू यादव, शाह आलम, अतुल कुमार गोस्वामी, अमजद अली, संतोष चौधरी, मो. यूनुस, तोसिफ आलम, हाफिज मुबाशिर, मो. दानिश, शमशूल होदा, आदर्श कुमार, मो. रब्बानी, शुभम कुमार, आकाश दास, तनवीर आलम, इस्तब अली, आसिफ लारी, सुमेन्द्र बहादुर, शोएब अख्तर, मो. बदरूल, मो. अफाक, अब्दुल खालिक, नाहिद अरशद, आबिद लारी, मो. सरफराज, मो. तस्लीम, मो. रहमत, रियाजुल आलम सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद थे।

# पटना में बख्तियारपुर फोरलेन पर भीषण हादसा

## चार वाहनों की टक्कर में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी समेत चार घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बख्तियार पुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सालिमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह करीब चार बजे एक स्कॉर्पियो, दो पिकअप और एक ट्रेलर की आपस में हुई भीषण टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों में बिहार सरकार के एक श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें विशेष निगरानी में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रात्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही कम थी, तभी तेज रफ्तार वाहनों के बीच हुई टक्कर से इलाका दहल उठा। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर मलबा व पुर्जे बिखर गए। टक्कर के बाद वाहनों में फंसे घायलों को निकालने के लिए मौके पर भारी अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायलों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कुंदन कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों को तत्काल बख्तियारपुर अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार, कम दृश्यता या चालकों की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन कुछ समय के लिए पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। इस हादसे ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए विशेषज्ञों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिससे दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके। फिलहाल अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है।

# पटना में यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव

## भारी वाहनों और ऑटो के लिए रूट डायवर्ट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी में रविवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) के मद्देनजर जिला प्रशासन और यातायात पुलिस ने सुरक्षा व सुगमता सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात योजना लागू की है। परीक्षा केंद्रों के आसपास संभावित भीड़ और जाम की समस्या को रोकने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन में बदलाव किए गए हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के समय पर अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुँच सकें। यातायात पुलिस के अनुसार, शहर के भीतरी हिस्सों में यातायात का दबाव कम करने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक रहेगी। धनकी मोड़ से आने वाले सभी बड़े वाहन, बसें और मालवाहक गाड़ियों को अब नए बाईपास और मीठापुर मार्ग से गुजरना होगा। इसी तरह, करबिगहिया की ओर से आने वाले भारी वाहनों को भी मीठापुर नए बाईपास का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। सामान्य डाकघर से चिरैयाटांड़ पुल की ओर जाने वाले बड़े वाहनों के परिचालन पर भी प्रतिबंध रहेगा। यातायात विभाग ने शहर की सड़कों को जाम मुक्त रखने के लिए ऑटो और ई-रिक्शा के मार्गों को भी पुनर्गठित किया है। धनकी मोड़ से पटना की ओर आने वाले सभी ऑटो और बैटरी चालित रिक्शों को अब जीरो माइल, नए बाईपास, भूतनाथ रोड और पुराने बाईपास से होकर गंतव्य तक जाना होगा। मोइनुल हक स्टेडियम और बहादुरपुर इलाके में विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं। स्टेडियम की ओर से आने वाली बसों और मालवाहक वाहनों को बहादुरपुर रेल उपरिगामी पुल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को वैशाली गोलंबर, राजेंद्र नगर पुल और 90 फीट सड़क का उपयोग करना होगा। प्रशासन ने परीक्षार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे मार्ग परिवर्तन के चलते घर से थोड़ा पहले निकलें। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक वाहन खड़ा न करने का अनुरोध किया है। परीक्षा के दौरान प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और यातायात नियंत्रण कक्ष से पूरे शहर की स्थिति पर सीधी नजर रखी जाएगी। प्रशासन ने अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आम जनता से इस नई यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

# पटना के नौबतपुर में दो सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## कार्यक्रम के बहाने बुलाकर दी दरिंदगी, 13 पर केस दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र से महिलाओं की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां दो सगी बहनों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदर्शन के बहाने गांव बुलाकर कई लोगों ने बंधक बनाया और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पीड़िताओं का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें प्रताड़ित किया, मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने को मजबूर किया। झारखंड के लातेहार की रहने वाली और वर्तमान में पटना के मीठापुर में किराए पर रहने वाली दोनों बहनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उन्हें एक व्यक्ति ने तिलक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बुलाया था। पैसे का लालच देकर आरोपियों ने उन्हें गांव चलने के लिए राजी कर लिया। कार्यक्रम स्थल पर ले जाने के बजाय, उन्हें साजिश के तहत एक सुनसान जगह ले जाया गया। वहां उन्हें बंधक बनाकर पूरी रात प्रताड़ित किया गया और सामूहिक दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। घटना के अगले दिन जब आरोपी दोनों बहनों को वाहन से छोड़ने के बहाने कहीं ले जा रहे थे, तभी फुलवारीशरीफ इलाके में गुजरते हुए बहनों ने हिम्मत दिखाई। वाहन के रुकते ही उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल वहां पहुंची और दोनों को सुरक्षित अपनी कस्टडी में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नौबतपुर पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन नामजद सहित कुल 13 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है। अन्य आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया था। पीड़िताओं का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है और बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर सामाजिक आयोजनों और महिला सुरक्षा की व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# पप्पू यादव के तीखे हमले से गरमाया महागठबंधन का माहौल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ झारखंड राज्यसभा चुनाव के परिणामों के बाद बिहार की सियासत में हलचल तेज हो गई है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव द्वारा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और विपक्षी गठबंधन (महागठबंधन) की कार्यशैली पर की गई तीखी टिप्पणियों ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। पप्पू यादव के बयानों ने न केवल गठबंधन की आंतरिक स्थिति पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि विपक्षी दलों के सामने आगामी चुनौतियों को भी रेखांकित किया है। सांसद पप्पू यादव ने गठबंधन के नेतृत्व पर सीधा हमला करते हुए कहा कि वर्तमान राजनीति में जनसरोकारों की जगह व्यक्तिगत अहंकार और प्रतीकात्मक राजनीति हावी हो रही है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि आज के कई नेता जनसंघर्ष और जनसंवाद की मूल धारा से पूरी तरह कट चुके हैं। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल सत्ता की दौड़ में संघर्ष की राह छोड़कर 'सुविधाजनक राजनीति' और समझौतों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। पप्पू यादव ने साफ संकेत दिए कि गठबंधन की मजबूती केवल सीटों के गणित पर निर्भर नहीं होती, बल्कि साझा विचारधारा और जमीनी जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) की वर्तमान राजनीतिक दिशा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी अपनी मूल संघर्ष की परंपरा से दूर होती जा रही है। उन्होंने पुराने दौर की राजनीति की सराहना करते हुए वर्तमान नेतृत्व की कार्यशैली को जनहित के मुद्दों से विमुख बताया।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पप्पू यादव की यह टिप्पणी महज व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि विपक्षी खेमे के भीतर चल रही वैचारिक अंतर्कलह को दशार्ती है। चुनावी माहौल में इस तरह के सार्वजनिक बयान गठबंधन के समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक महागठबंधन या फखऊ की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन इस बयानबाजी ने विपक्षी एकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न दलों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट होगा कि यह विवाद केवल शब्दों तक सीमित रहता है या विपक्षी राजनीति में कोई बड़ा बदलाव लाता है। फिलहाल, बिहार की राजनीति में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

# पटना के कोरियावां पंचायत को मिली सौगात

## 2.63 करोड़ की लागत से बनेगा पंचायत सरकार भवन, 15 अगस्त 2027 को उद्घाटन का लक्ष्य

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के कोरियावां ग्राम पंचायत में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। शनिवार को कोरियावां में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्याम रजक, पंचायत की मुखिया देवंती देवी और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।करीब 2 करोड़ 63 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाला यह पंचायत सरकार भवन स्थानीय निवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम रजक ने कहा कि इस भवन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ दिलाना है। अब ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी या आवेदन के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सभी प्रशासनिक कार्य अब पंचायत स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगे। विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य यह है कि 15 अगस्त 2027 को बिहार के मुख्यमंत्री के हाथों इस नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का भव्य उद्घाटन कराया जाए। इस अवसर पर मुखिया देवंती देवी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण से विकास कार्यों में तेजी आएगी और ग्रामीणों को शासन की नीतियों का सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में बीडीओ विजय कुमार मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार, सुरेश पासवान, बंटी चन्द्रवंशी समेत कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। भवन निर्माण का दायित्व 'एमएस सरस्वती ट्रेडर्स एंड इंजीनियरिंग सॉल्यूशन, पटना' को सौंपा गया है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य के शुरू होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर करार दिया है। उनका मानना है कि इस भवन के बनने से स्थानीय प्रशासन और आम जनता के बीच की दूरी कम होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी।

# पटना के तक्षशिला कॉलेज में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास, गोंणपुरा में स्वास्थ्य शिविर से जनसेवा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर फुलवारी शरीफ स्थित तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को उत्साह का माहौल रहा। कॉलेज परिसर में एक भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बीएड के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं, सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए कॉलेज की टीम ने गोंणपुरा गांव में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया, जहाँ दर्जनों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कॉलेज परिसर में आयोजित योग सत्र की शुरूआत योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हुई। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन के साथ-साथ प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक प्राचीन कला है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। योगाभ्यास के बाद कॉलेज की टीम गोंणपुरा गांव पहुंची। यहाँ आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और वजन की जांच की। शिविर में मौसमी बीमारियों, स्वच्छता और पोषण के महत्व पर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा भाव की एक मिसाल है। संस्थान के निदेशक इकबाल एहसान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण केवल स्वस्थ नागरिक ही कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा कि तक्षशिला कॉलेज का लक्ष्य केवल अच्छे शिक्षक तैयार करना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, बीएड प्रशिक्षुओं और चिकित्सा दल के सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया। संस्थान की इस दोहरी पहल की पूरे इलाके में जमकर प्रशंसा हो रही है।

# पटना के फुलवारी शरीफ में बैंक के सामने से दिनदहाड़े बाइक चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुआ चोर का चेहरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ इलाके में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े मुख्य स्थानों से वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। ताजा मामला फुलवारी ब्लॉक के समीप का है, जहाँ बैंक के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल को चोर ने कुछ ही मिनटों में पार कर दिया। घटना के बाद से स्थानीय वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है। फेडरल कॉलोनी निवासी मोहम्मद मनवर अपने निजी काम से ब्लॉक परिसर स्थित इंडियन बैंक गए थे। उन्होंने अपनी पैशन प्रो मोटरसाइकिल (संख्या BR-01W-4149) बैंक के ठीक बाहर खड़ी की थी। काम निपटाकर जब वे बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बैंक का सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया, तो चोरी की पूरी घटना सामने आई। फुटेज में दिख रहा है कि एक संदिग्ध युवक ने बड़ी ही सफाई से बाइक का लॉक खोला और उसे लेकर फरार हो गया। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर मास्क लगा रखा था और उसने काले रंग की शर्ट व नीली जींस पहनी थी। यह पूरी वारदात दिन के करीब 11:45 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित मोहम्मद मनवर ने फुलवारी शरीफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से चोर की पहचान की कोशिश की जा रही है। फुटेज को अन्य थानों में भी साझा किया गया है ताकि आरोपी को जल्द पकड़ा जा सके। फुलवारी ब्लॉक और आसपास का इलाका काफी व्यस्त रहता है, बावजूद इसके चोरों का बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देना पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से बैंक परिसर और ब्लॉक के आसपास सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पीड़ित मोहम्मद मनवर ने प्रशासन से अपनी बाइक बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।



# पांच बार असफल होने के बाद भी नहीं मानी हार, 70वीं बीपीएससी में राजस्व पदाधिकारी बनीं कोमल साह

**समाज जागरण**

अररिया। कहते हैं कि सफलता का मार्ग संघर्ष और धैर्य से होकर गुजरता है। इस कथन को अररिया जिले की बेटी कोमल साह ने सच साबित कर दिखाया है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने राजस्व पदाधिकारी (आरओ) पद पर चयनित होकर युवाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

शनिवार को घोषित बीपीएससी के अंतिम परिणाम में कोमल साह ने समग्र मेरिट सूची में 1720वीं तथा राजस्व पदाधिकारी श्रेणी में 217वीं रैंक प्राप्त की। उनकी यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि इससे पहले वे लगातार पांच बार असफलता का सामना कर चुकी थीं। कोमल ने 65वीं और 66वीं बीपीएससी परीक्षा में प्रारंभिक परीक्षा भी उत्तीर्ण नहीं की थी। इसके बाद 67वीं, 68वीं और 69वीं बीपीएससी परीक्षाओं में विभिन्न चरणों तक पहुंचने के बावजूद अंतिम सफलता नहीं मिल सकी। लगातार असफलताओं के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास जारी रखा। अंततः छठे प्रयास में उन्हें सफलता प्राप्त हुई।

अररिया जिले के जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र की निवासी कोमल साह के पिता मिथिलेश साह तथा माता कृष्णा देवी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के प्रोत्साहन और मार्गदर्शन को दिया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सैन फ्रांसिस्को इंग्लिश स्कूल, जोगबनी में हुई, जबकि दसवीं की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, जोगबनी से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने फारबिसगंज कॉलेज से स्नातक तथा पूर्णिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की।

कोमल ने बताया कि उनका विवाह इसी वर्ष हुआ है। उनका ससुराल अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत अम्हारा गांव में है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ससुर दिलीप कुमार साह एवं सास दौलती देवी के सहयोग और आशीर्वाद को भी दिया। कोमल का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का सफर लंबा और चुनौतीपूर्ण होता है। यह निरंतर धैर्य, अनुशासन और समर्पण की मांग करता है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि असफलताओं से निराश होने के बजाय उन्हें सीख के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि निरंतर प्रयास करने वालों को अंततः सफलता अवश्य मिलती है।

# पाटलिपुत्र टाउनशिप मामला में जदयू विधायक अरुण मांझी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## प्रभावित किसानों के लिए वार्ता का रास्ता खुला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पाटलिपुत्र टाउनशिप परियोजना को लेकर मसौढ़ी, पुनपुन, धनरूआ, फुलवारी शरीफ और फतुहा प्रखंड के किसानों में व्याप्त चिंता और विरोध के बीच मसौढ़ी के जदयू विधायक सह सचेतक अरुण मांझी ने शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने किसानों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखते हुए उनके हितों की रक्षा की मांग की। विधायक अरुण मांझी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रस्तावित परियोजना के कारण इन क्षेत्रों के हजारों किसानों का भविष्य अधर में है और उनमें भारी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्षों से खेती कर रहे किसानों को परियोजना के बारे में ठोस जानकारी नहीं होने से उन्हें आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सोमवार को प्रभावित किसानों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को विधायक के साथ वार्ता के लिए बुलाया है। विधायक अरुण मांझी ने क्षेत्र के किसानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा, "सरकार किसानों के साथ खड़ी है और विकास व किसान हित दोनों को साथ लेकर समाधान निकाला जाएगा।" उन्होंने जानकारी दी कि इस मुद्दे पर उन्होंने पटना के जिलाधिकारी और राज्य के मुख्य सचिव से भी समय मांगा है, जिनसे जल्द ही विस्तृत चर्चा की जाएगी। विदित हो कि प्रस्तावित टाउनशिप के कारण उपजाऊ भूमि जाने की आशंका से किसान लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री स्तर पर वार्ता का आमंत्रण मिलने से किसानों को अपनी समस्याओं के उचित समाधान की उम्मीद जगी है। विधायक ने विश्वास जताया है कि आपसी सहमति से ऐसा रास्ता निकाला जाएगा जिससे विकास कार्य भी बाधित न हों और किसानों का अहित भी न हो।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर बोले संजय झा, कहा- वायरल वीडियो से पैदा होता है संदेह

पटना। बिहार के भोजपुर जिले में हुए चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर कथित आत्मसमर्पण से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस बीच जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया है। संजय झा ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को देखने के बाद पुलिस कार्रवाई को लेकर संदेह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने वास्तव में आत्मसमर्पण कर दिया था, तो उसके बाद हुई घटना की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए।

# क्रिप्टो करेंसी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 11.49 लाख नकद बरामद



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से क्रिप्टो करेंसी दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अभियुक्तों उमेर खान और अनुराग पारासरी को सेक्टर-27 स्थित कैम्ब्रिज स्कूल के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद सामान–

11,49,500 नकद
01 चेकबुक (PNB बैंक)
01 डेबिट कार्ड
01 आधार कार्ड

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर लोगों को अधिक मुनाफे का झांसा देकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। इस मामले में इनके अन्य दो साथियों की भी तलाश की जा रही है।

**अभियुक्तों की पहचान**

उमेर खान, पुत्र जाकिर खान, निवासी सेक्टर-50, थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर (उम्र 22 वर्ष)
अनुराग पारासरी, पुत्र पुष्पेन्द्र पारासरी, मूल निवासी मीरगंज, बरेली; वर्तमान पता सेक्टर-128, नोएडा (उम्र 22 वर्ष) पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अन्य फरार साथियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# सरकारी विभाग में गाड़ी लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, अर्टिगा कार सहित सामान बरामद



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से सरकारी विभाग में वाहन लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

**रेड लाइट झुंडपुरा बॉर्डर से गिरफ्तारी**

पुलिस ने अभियुक्त राजकुमार यादव को रेड लाइट, झुंडपुरा बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त मूल रूप से ग्राम जागीपुर बुजुर्गा, थाना मड़ियाहू, जनपद जौनपुर (उत्तर प्रदेश) का निवासी है तथा वर्तमान में अशोक नगर, थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली में रह रहा था।

**सरकारी नौकरी का झांसा देकर की ठगी**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त ट्रांसपोर्टर के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा हुआ था। इसी दौरान उसने पीड़ित से संपर्क कर उनकी गाड़ियों को सरकारी विभाग में लगवाने और अधिक लाभ दिलाने का झांसा दिया तथा वाहन अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आरोपी गाड़ियों को निजी बुकिंग में चलाने लगा।

**योजना बनाकर की गई ठगी**

जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त ने सह-अभियुक्त परवेंद्र के आधार कार्ड का उपयोग कर दो सिम कार्ड भी खरीदे थे और पूरी योजना बनाकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से निम्न सामान बरामद किया–

01 अर्टिगा कार (घटना में प्रयुक्त)
02 मोबाइल फोन
02 सिम कार्ड

पुलिस ने अभियुक्त को धारा 316(2)/61(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# अवैध शराब की तस्करी में लिप्त एक अभियुक्त गिरफ्तार, 107 टैट्रा पैक बरामद



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गुलशन वर्मा, पुत्र राजेंद्र को सेक्टर-8 नोएडा से गिरफ्तार किया। अभियुक्त दिल्ली के त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी क्षेत्र स्थित जे.जे. कॉलोनी का निवासी है।

**भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद**

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 107 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास है और विभिन्न थानों में इसके विरुद्ध कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार




**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: थाना साइबर क्राइम पुलिस गौतमबुद्धनगर ने इन्वेस्टमेंट का लालच देकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

दिनांक 19 जून 2026 को प्रतिबिंब पोर्टल से प्राप्त शिकायत, अभिसूचना संकलन एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त रामाकृष्ण पेदगावेगी को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया।

**सोशल मीडिया से करता था ठगी**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म FRND ऐप तथा अन्य डेटिंग साइट्स के माध्यम से महिला बनकर लोगों से संपर्क करता था। वह पीड़ितों को इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म पर अधिक लाभ का लालच देकर उन्हें एक म्यूल बैंक खाते में धनराशि जमा कराने के लिए प्रेरित करता था, जिसमें उसका मोबाइल नंबर इंटरनेट बैंकिंग के लिए रजिस्टर्ड था।

**अभियुक्त का विवरण**

नाम : रामाकृष्ण पेदगावेगी
पिता : रामा सत्यनारायण
निवासी : आंध्र प्रदेश
उम्र : 37 वर्ष शैक्षणिक योग्यता : एमबीबीएस, एमडी
01 मोबाइल फोन (घटना में प्रयुक्त)

इस संबंध में थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 165/2026 धारा 318(4), 319(2), 238(सी) बीएनएस एवं धारा 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# निर्जला एकादशी और गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पंजाबी विकास मंच ने लगाया शरबत छबील



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: निर्जला एकादशी एवं सिख धर्म के पाँचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाबी विकास मंच द्वारा श्रद्धापूर्वक शरबत छबील का आयोजन किया गया।

**सेक्टर-22 के सामने हुआ आयोजन**

यह कार्यक्रम सेक्टर-55 की बाहरी मेन रोड, सेक्टर-22 नोएडा के सामने दिनांक 20 जून 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित किया गया। गर्मी में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत प्रदान की गई।

**धार्मिक महत्व पर प्रकाश**

कार्यक्रम में बताया गया कि हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है, जिसे वर्ष की सभी एकादशियों के फल के समान माना जाता है। इस अवसर पर लोग निर्जल रहकर दान-पुण्य करते हैं और जगह-जगह शरबत की छबीलें लगाई जाती हैं।

वहीं सिख धर्म में गुरु अर्जुन देव जी को पहले शहीद गुरु के रूप में स्मरण किया जाता है। उनके शहीदी दिवस पर भी सेवा भावना के तहत छबीलों का आयोजन किया जाता है।

**पर्यावरण अनुकूल आयोजन**

कार्यक्रम को पूरी तरह इको-फ्रेंडली रखा गया। इसमें कागज के गिलासों का उपयोग किया गया तथा स्वच्छता के लिए डस्टबिन की व्यवस्था की गई।

**प्रमुख अतिथि और उपस्थित गणमान्य**

छबील का उद्घाटन दीपक विग, जे.एम. सेठ, जी.के. बंसल, संजीव पुरी और हरीश सभरवाल ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर दीपक विग, जी.के. बंसल, संजीव पुरी, जे.एम. सेठ, ओ.पी. गोयल, एस.पी. कालरा, अमरदीप शाह, हरीश सभरवाल, सुनील वाधवा, वंदना बंसल, अलका सूद, सविता अरोड़ा, नीलम भागी, अंजना भागी, प्रभा जयरथ, ऋतु दुग्गल, सरोज भाटिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं और विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**आयोजन समिति**

पंजाबी विकास मंच के चेयरमैन दीपक विग, अध्यक्ष जी.के. बंसल एवं मीडिया प्रभारी जे.एम. सेठ ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। (समाज जागरण, नोएडा ब्यूरो)

# गांजा तस्करी में लिप्त एक अभियुक्त गिरफ्तार, 21 किलो से अधिक नशीला पदार्थ बरामद



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना फेस-2 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं बीट पुलिसिंग की सहायता से अवैध गांजा तस्करी में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

**दादरी मेन रोड के पास से गिरफ्तारी**


पुलिस के अनुसार अभियुक्त तपस मंडल, पुत्र कार्तिक मंडल को दादरी मेन रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 21 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.5 लाख बताई जा रही है।

**अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क से जुड़ा आरोपी**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जो अन्य राज्यों से सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ऊंचे दामों पर बिक्री करता था।

अभियुक्त की पहचान तपस मंडल, पुत्र कार्तिक मंडल निवासीः डेरमाही नगर, थाना जियागंज, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल उम्रः लगभग 32 वर्ष पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है(सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# थाना बादलपुर पुलिस और हत्यारोपी बदमाशों के बीच मुठभेड़, 2 घायल



**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 20 जून 2026: थाना बादलपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो हत्यारोपी बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 20 जून 2026 को थाना क्षेत्र में अम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री से आगे अंडरपास के पास एनटीपीसी कट के समीप पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया गया। रुकने के बजाय दोनों आरोपी वाहन को तेजी से भगाने लगे। पीछा करने पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

**जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल**

पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

अभियुक्तों की पहचान
विवेक नागर उर्फ विक्की, पुत्र राजेश्वर
निवासीः ग्राम अच्छेजा, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर (उम्र लगभग 27 वर्ष)
विशाल, पुत्र राजेश
निवासीः रॉयल सिटी, भीमा चौक के पास, ग्राम अच्छेजा, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर (उम्र लगभग 25 वर्ष) घटनास्थल से पुलिस ने दो अवैध तमंचे बरामद किए–
.32 बोर तमंचा मय 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस
.315 बोर तमंचा मय 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस
बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल

हत्या की वारदात में शामिल होने का खुलासा

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इन्होंने 19 जून 2026 को अपने पड़ोसी जीवन किशोर की गोली मारकर हत्या की थी।

इस संबंध में मृतक की पुत्री की तहरीर पर थाना बादलपुर में मु0अ0सं0 149/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# कंपनी में चोरी करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 82 किलो से अधिक स्क्रैप पार्ट्स बरामद



**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस ने कंपनी से मोबाइल मदरबोर्ड के स्क्रैप पार्ट्स चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सेक्टर-63 स्थित एक पुराने बंद पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया।


गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अवनीश यादव और कमर के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 5 थैलों में भरे हुए मोबाइल मदरबोर्ड के स्क्रैप पार्ट्स बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 82 किलो 200 ग्राम है। बरामद माल की अनुमानित कीमत 5 से 7 लाख रुपये बताई जा रही है।

**कंपनी के अंदर से ही होती थी चोरी**

पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त अवनीश यादव कंपनी में गार्ड के रूप में कार्यरत था। उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री से स्क्रैप पार्ट्स की चोरी करवाई। इस मामले में थाना सेक्टर-63 पर मु0अ0सं0 252/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अब पुलिस ने धारा 305/317(2) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# टीएमयू में योग गुरु ऋतु नारंग ने दिए हेल्दी एजिंग के टिप्स

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम के संग कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से विशेष योग सत्र, मेडिकल, सीसीएसआईटी, एग्रीकल्चर, फामेर्सी कॉलेजों में भी फैकल्टीज से लेकर स्टुडेंट्स हुए योगमय



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से विशेष योग सत्र में लगभग दो घंटे तक योग गुरू श्रीमती ऋतु नारंग ने हेल्दी एजिंग के तमाम टिप्स देकर कैंपस को योगमय बना दिया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही, जिसके माध्यम से स्वस्थ एवम् सक्रिय जीवन के लिए योग की उपयोगिता को विस्तार से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डेंटल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज के फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवम् प्राणायाम का अभ्यास किया। योग गुरू नारंग ने प्रतिभागियों को योग की वैज्ञानिक महत्ता, शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक संतुलन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, उपप्राचार्या डॉ. अंकिता जैन ने श्रीमती ऋतु नारंग को योग के प्रति समर्पण के लिए स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संचालन डॉ. मधुसूदन चक्रवर्ती ने किया। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज, सीसीएसआईटी, फामेर्सी कॉलेजों में भी योगासन हुए।

मेडिकल कॉलेज के प्रोग्राम में प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, प्रो. साधना सिंह, प्रो. एमपी सिंह के संग-संग मेडिकल के स्टुडेंट्स ने शिरकत की। मेडिकल कॉलेज में योग एक्सपर्ट श्री गौरव त्यागी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सीसीएसआईटी में डीन प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. संदीप वर्मा के संग दीगर गुरूजनों को डॉ. प्रियांक सिंघल, श्री आरपी पांडे ने दो सत्रों में योग के अभ्यास कराए। फामेर्सी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल, डॉ. आशीष सिंघई आदि ने दीगर फैकल्टीज को योग के आसन कराए। आयुष मंत्रालय की ओर से निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 पर फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ने प्रार्थना, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पदहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भद्रासन, शशांकासन, भुजंगासन, शलभासन एवम् सेतुबंधासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके अलावा कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। अंत में ध्यान और संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। योगाभ्यास के दौरान स्टुडेंट्स ने अनुशासन, उत्साह एवम् एकाग्रता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रत्येक अभ्यास के साथ उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई, जिससे प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने की प्रेरणा मिली। अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न अंग बनाने और स्वस्थ, संतुलित एवम् सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# थाना फेस-1 पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**समाज जागरण**

नोएडा 20 जून 2026: थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त अंश गोयल को सेक्टर-14अ नोएडा के पास से गिरफ्तार किया। वह सेक्टर-15, थाना फेस-1 क्षेत्र का निवासी है।

**बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद**

पुलिस के अनुसार दिनांक 18 जून 2026 को घर के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर अभियुक्त और प्रकाश चंद (मृतक) के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान धक्का लगने से प्रकाश चंद ग्रिल पर गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में थाना फेस-1 पर मु0अ0सं0 296/2026 धारा 105/352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी की पहचान,अंश गोयल, पुत्र राजीव गोयल निवासीः सेक्टर-15, थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर
उम्रः लगभग 30 वर्ष
पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वस्थ आयु के लिए 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से सम्पन्न, 'सुरभि-2026' पत्रिका का हुआ विमोचन

**समाज जागरण**

गाजियाबाद 20 जून 2026: राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "स्वस्थ आयु के लिए योग" कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर-3 पार्क, राजनगर, गाजियाबाद में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

**योग सत्र का हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम की शुरूआत योगाचार्या शालिनी दत्त ने ओम की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ की। उन्होंने योग को आत्मा और परमात्मा के जुड़ाव का माध्यम बताते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन एवं हास्य आसन सहित विभिन्न योगासन एवं सूक्ष्म व्यायाम कराए गए।

**योग प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र**

योगी वी.के. अग्रवाल एवं अंजू जी द्वारा किए गए योग प्रदर्शन को देखकर उपस्थित लोगों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। वहीं योगाचार्य सुदर्शन जी के नेतृत्व में बच्चों ने आकर्षक योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

**'सुरभि-2026' पत्रिका का विमोचन**

कार्यक्रम के दौरान संस्था की वार्षिक पत्रिका "सुरभि-2026" का भव्य विमोचन किया गया। यह विमोचन मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया।

**अतिथियों ने दिए प्रेरणादायक संदेश**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी संतोष कुमार यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि "पानी बचाएं और वृक्षारोपण करें ताकि भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो सके।"

केंद्रीय आर्य युवक परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने ओम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भजन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

# आईएमएस नोएडा में योग प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने सीखे योगासन

**समाज जागरण**

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, ध्यान एवं प्राणायाम की विशेष तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस सत्र में संस्थान के फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षक वैशाली गौतम ने प्रतिभागियों को योग के महत्व और उसके व्यावहारिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न योगासनों के सही अभ्यास की विधि समझाते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अनियमित जीवनशैली के कारण योग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें


**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.










विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.







अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

